सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 28 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 232, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

अमेरिकी शुल्क भारत के लिए व्यापारिक साझेदार बनने का अवसर

अमेरिकी शुल्क से भारत के निर्यात के समक्ष चुनौती पेश करने के साथ जुझारू व्यापार साझेदार के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करने का एक अवसर भी पैदा होता है। } 14

आतंक के आकाओं को दिया कड़ा संदेश : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंक के आकाओं को स्पष्ट संदेश दिया कि भारतीय नागरिकों को निशाना बनाने पर उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। } 16

संक्षेप

धर्मांतरण के आरोप में चार गिरफ्तार

बरेली। पुलिस ने धर्मांतरण के एक ऐसे बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है जो मुस्लिम लड़कियों के जरिये हिंदुओं का धर्मांतरण कराता था। इस गिरोह में शामिल एक मौलवी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह पैसे का लालच देकर निकाह कराता और फिर धर्म परिवर्तन कराता था। पुलिस ने मदरसे में बंधक एक युवक को भी मुक्त कराने का दावा किया है जिसका धर्म परिवर्तन कर निकाह कराने की तैयारी चल रही थी। पुलिस अधीक्षक अंशिका वर्मा ने बताया कि पुलिस ने युवक को सकुशल मुक्त कराने के बाद उसे उसके परिवार को सौंप दिया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान फैजनगर स्थित मदरसे के मौलवी अब्दुल मजीद (35), सलमान (30), मोहम्मद आरिफ और फहीम के रूप में हुई है।

कर्ज से परेशान दंपति ने बेटे संग की आत्महत्या

शाहजहांपुर। जिले में आर्थिक तंगी और कर्ज से परेशान होकर एक कारोबारी दंपति ने अपने चार साल के बेटे को कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खिलाया और इसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना रोजा अंतर्गत एक कॉलोनी में रहने वाले हथकरघा कारोबारी सचिन ग्रोवर (30), उनकी पत्नी शिवानी (28) और चार साल के बेटे फतेह के शव घर में मिले हैं। दंपति ने अलग-अलग कमरों में पंखे से फांसी लगा ली, जबकि फतेह का शव दूसरे कमरे में मिला। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि दंपति ने पहले अपने चार साल के बच्चे को कोई जहरीला पदार्थ खिलाया, जिसके बाद उन्होंने अलग-अलग कमरों में फांसी लगा ली। एसपी ने बताया कि मृतक का परिवार मकान की दूसरी मंजिल पर रहता है जबकि नीचे मृतक के परिजन रहते हैं। बुधवार सुबह जब परिजन ऊपर की मंजिल में गए तब उन्हें घटना का पता चला। यह घटना मंगलवार रात की है।

पहाड़ से लेकर मैदान तक बाढ़, बारिश व भूस्खलन का कहर

जम्मू में रिकॉर्ड बारिश, अब तक 36 की मौत

एजेंसी

जम्मू/श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में पिछले दो दिनों में रिकॉर्ड बारिश के बाद संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई, जिनमें से अधिकतर लोग वैष्णो देवी मार्ग पर हुए भूस्खलन की चपेट में आ गए। बुधवार को बारिश से कुछ राहत मिलने के बाद राहत कार्यों में तेज़ी आई। जम्मू क्षेत्र में उफनती नदियों के जलस्तर में कमी आने के बीच अनंतनाग और श्रीनगर में झेलम नदी का जलस्तर बाढ़ की चेतावनी के निशान को पार कर गया तथा कई रिहायशी इलाकों में पानी घुस गया। अधिकारियों ने निवासियों को आश्वस्त किया है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश में जलाशयों में बाढ़ के कारण कई प्रमुख पुलों, घरों और व्यावसायिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

बाढ़ प्रभावितों के साथ खड़ी है सरकार : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी में लगातार मूसलाधार बारिश के कारण प्रदेश के 17 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को बाढ़ प्रभावित जिलों के प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में तत्काल राहत और बचाव कार्य की कमान संभालने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से भी बढ़-चढ़कर इस कार्य में भाग लेने और प्रभावित लोगों की हर जरूरत का ध्यान रखने को कहा। सीएम योगी ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिये कि कोई भी व्यक्ति बाढ़ की समस्या से परेशान न हो, प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए और मवेशियों के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किये जाएं। करीब ढाई लाख लोग और 30 हजार मवेशी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गये। राहत ...शेष पृष्ठ 14 पर

प्रभावितों तक तत्काल पहुंचे मदद : धामी

प्रमुख संवाददाता

❍ उत्तरकाशी, चमोली, पौढी, पिथौरागढ़ में आपदा से भारी तबाही

स्यानाचट्टी (उत्तरकाशी)। वर्तमान मानसून सीजन में उत्तरकाशी, चमोली, पौड़ी, पिथौरागढ़ समेत कई जिलों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। सरकार लगातार नुकसान का आकलन कर रही है और विशेषज्ञ संस्थान आपदाओं के कारणों का अध्ययन कर रहे हैं। उनका कहना था कि भविष्य में आपदाओं की रोकथाम और नुकसान को न्यूनतम करने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी। उक्त बात सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आज ...शेष पृष्ठ 14 पर

बेईमान पार्टियों ने यूपी को बनाया था बीमारू राज्य

मुख्यमंत्री ने 2,425 मुख्य सेविकाओं एवं 13 फार्मासिस्टों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं था, बल्कि बेईमान राजनीतिक दलों ने इसे बीमारू राज्य बना दिया था। भ्रष्टाचार और बंदरबांट की राजनीति ने इस समृद्ध प्रदेश को पहचान के संकट में धकेल दिया था। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले नियुक्तियों में बंदरबांट होती थी, योग्य अभ्यर्थी भेदभाव और भ्रष्टाचार के शिकार होते थे। उन्होंने कहा कि 1947 के बाद 1960 तक यूपी देश का अग्रणी प्रदेश था, जिसका योगदान 14% से अधिक था। लेकिन 1960 के बाद गिरावट शुरू हुई और 1990 के बाद यह और तेज हो गई। 2017 तक यूपी का योगदान 8% से भी कम हो गया।

सीएम योगी बुधवार को लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान खाद्यान्न उत्पादन, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश में यूपी पिछड़ता गया। नौजवान यूपी से बाहर जाते थे, लेकिन वहां भी पहचान का संकट झेलते थे। यह दंगों और परिवारवादी राजनीति का परिणाम था, जिसने यूपी को लूट का अड्डा बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि महिला और बाल विकास विभाग के तत्वाधान में नवचयनित मुख्य सेविकाओं और फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण प्रदेश भर की बेटियों के लिए अवसर है। उन्होंने सभी नवचयनितों को बधाई देते हुए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को इस निष्पक्ष प्रक्रिया के लिए धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि हर युवा के मन में सपना होता है और सरकार का दायित्व है कि उसे मंच दे। युवा प्रतिभाशाली और ऊजार्वान होता है, लेकिन जब वह भेदभाव और भ्रष्टाचार का शिकार होता है, तो यह राष्ट्रीय क्षति है। 2017 से पहले यूपी में नियुक्तियां नहीं होती थीं, होती भी तो बंदरबांट और भ्रष्टाचार के चलते योग्य युवा पीछे रह जाते थे। नतीजा, यूपी बीमारू राज्य बन गया। उत्तर प्रदेश में स्कूल मर्जर को लेकर सीएम ...शेष पृष्ठ 14 पर

थारू जनजाति की बेटियों का चयन निष्पक्ष प्रक्रिया का जीवंत उदाहरण : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोक भवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले जहां योजनाएं सुदूर इलाकों तक नहीं पहुंच पाती थीं, आज वही लोग नौकरी पा रहे हैं। विशेष रूप से थारू जनजाति और सुदूर क्षेत्रों की बेटियों का चयन इस निष्पक्ष प्रक्रिया का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम में यूपी के विभिन्न क्षेत्रों से आई लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा कर सीएम योगी को धन्यवाद दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान मैंने देखा कि आजमगढ़, अमरोहा, शामली, लखनऊ, कानपुर... शेष पृष्ठ 14 पर

यूपी में एक सितंबर से हेलमेट नहीं, तो पेट्रोल नहीं अभियान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के निर्देशों के अनुसार एक सितंबर से विशेष सड़क सुरक्षा अभियान - हेलमेट नहीं, तो पेट्रोल नहीं शुरू किया जाएगा जो 30 सितंबर तक चलेगा।

लखनऊ में बुधवार को जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, यह अभियान जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला सड़क सुरक्षा समिति के समन्वय से चलाया जाएगा। बयान के अनुसार, इस अवधि में पुलिस, राजस्वाजिला प्रशासन और परिवहन विभाग के अधिकारी प्रवर्तन की जिम्मेदारी निभाएंगे। सरकार ने आम लोगों से इस अभियान में पूर्ण सहयोग देने की अपील की है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 दोपहिया वाहन चालक और पीछे बैठने वाले व्यक्ति के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य करती है और धारा 194 डी उल्लंघन पर दंड का प्रावधान करती है। उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति ने भी राज्यों को हेलमेट संबंधी नियम के अनुपालन को प्राथमिकता देने का परामर्श दिया है। राज्य सरकार ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य दंडित करना नहीं बल्कि नागरिकों ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता ने पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य और पद्मश्री श्रीमती मालिनी अवस्थी का किया अभिनंदन

बीबीडी परिसर में गणेश महोत्सव की शानदार शुरुआत

❍ मंत्री बेबी रानी मौर्य ने महाआरती में लिया भाग ❍ पद्मश्री मालिनी अवस्थी के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

फोटो : अमित वर्मा

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में आज भगवान गणपति की प्रतिमा की स्थापना और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका एवं पद्मश्री श्रीमती मालिनी अवस्थी के भजनों और श्रीराम के स्तुति गीतों के बीच चार दिवसीय श्री गणेश महोत्सव -2025 का शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और उत्तर प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने कहा कि गणपति बप्पा की आरती का सुयोग बहुत भाग्य से मिलता है। लोक गायिका मालिनी अवस्थी के भजनों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मालिनी जी जिस सुंदर ढंग से भगवान गणपति के भजन सुना रही थीं, यह सब सुनने का सौभाग्य उसी को मिलता है, जिसे गणपति बप्पा बुलाते हैं। बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता ने इस पुनीत अवसर पर यहां आने का अवसर दिया, इसके लिए मैं उनके प्रति हृदयसे आभारी हूं। मैं गणपति बप्पा से प्रार्थना करती हूं कि वह आप सबके जीवन में खुशहाली लाएं। तरक्की लाएं, आप अपने माता-पिता के साथ देश और प्रदेश का भी नाम रौशन करें।

चार दिवसीय श्री गणेश महोत्सव 2025 के प्रथम दिन प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका एवं पद्मश्री श्रीमती मालिनी अवस्थी द्वारा लोक संगीत व भजन की शुरुआत ॐ गं गणपते नमो नमः मेरे घर में पधारो गजानन, गणपति बप्पा मोरिया, गणपति को लग जइहैं नजरिया, जय गणेश देवा जय गणेश देवा, डम डम डमरू बजावे से किया जिसे सुनकर ...शेष पृष्ठ 14 पर

नदी संरक्षण के लिए नमामि गंगे को दुनिया ने सराहा

स्टॉकहोम वर्ल्ड वॉटर वीक में विशेषज्ञों ने की भावुक अपील-शहर अब केवल उपभोक्ता नहीं, नदी बेसिन के सक्रिय संरक्षक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नदियां और जल संसाधन सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, और इनका पुनर्जीवन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। नदी पुनर्जीवन और जल संरक्षण में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की अग्रणी पहलों ने इसे वैश्विक जल संवाद में एक प्रमुख आवाज बना दिया है। इस वर्ष स्टॉकहोम वर्ल्ड वॉटर वीक में इसकी भागीदारी भारत की बढ़ती भूमिका को उजागर करती है, जो जल संबंधी वैश्विक चुनौतियों के समाधान में अहम योगदान दे रही है।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल वॉटर इंस्टीट्यूट की ओर से वर्ष 1991 से आयोजित यह प्रतिष्ठित आयोजन अब वैश्विक नीति निर्धारकों, वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकताओं के लिए सबसे प्रभावशाली मंच बन चुका है। गंगा के विस्तृत प्रवाह वाले प्रदेश के रूप में उत्तर प्रदेश नमामि गंगे कार्यक्रम का प्रमुख केंद्र रहा है। वाराणसी में रिवरफ्रंट विकास, कानपुर में सीवेज शोधन संयंत्रों की स्थापना तथा छोटे एवं मझौले नगरों में सामुदायिक भागीदारी आधारित पहलें इस अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रही हैं। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन का केंद्र बिंदु बना नदी शहरों की पुनर्कल्पनाः जलवायु-संवेदी और बेसिन-केंद्रित शहरी विकास, जिसमें राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान और जर्मन विकास सहयोग ने मिलकर नेतृत्व किया। इस सत्र में विशेषज्ञों ने जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन और शहरीकरण की चुनौतियों के बीच, नदी-केंद्रित विकास ही शहरों को टिकाऊ और सुरक्षित बना सकता है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नमामि गंगे मिशन ने भारत में नदियों के पुनरुद्धार के लिए एक ऐतिहासिक नीतिगत बदलाव की नींव रखी है। उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत अब तक 40 हजार करोड़ रुपये का भारी निवेश किया जा चुका है, जो गंगा और उसकी सहायक नदियों को उनके प्राचीन रूप में पुनः स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे

- **वाराणसी में रिवरफ्रंट, कानपुर में सीवेज शोधन संयंत्रों तथा छोटे एवं मझौले नगरों में सामुदायिक भागीदारी पहलों ने अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया**
- **40 हजार करोड़ से गंगा पुनर्जीवन की ऐतिहासिक पहल, जन आंदोलन बना नमामि गंगे अभियान**
- **हाइब्रिड एन्यूटी से लेकर सोलर एसटीपी तक नई तकनीक ने बढ़ाया भरोसा**

मिशन एक जीवित उदाहरण है, जो यह साबित करता है कि जब आधुनिक तकनीक और नवाचार का संगम होता है, तो नदियों को पुनः जीवनदायिनी बनाने में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मिशन के अंतर्गत की गई पहलें, जैसे हाइब्रिड एनीटी मॉडल आधारित एसटीपी, सोलर पावर्ड ट्रीटमेंट प्लांट और मृदा जैव प्रौद्योगिकी, वैश्विक मानकों को स्थापित करने में योगदान दे रही हैं। श्री मित्तल ने इस बात पर भी जोर दिया कि इस कार्यक्रम को एक विशाल जन आंदोलन में बदला गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। वैश्विक सहयोगों की अहमियत को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व बैंक, जीआईजेड, सी-गंगा, नीदरलैंड्स और डेनमार्क का सहयोग नदी विज्ञान, जल सुरक्षा और प्रबंधन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सम्मेलन में विशेषज्ञों ने यह स्पष्ट किया कि जलवायु परिवर्तन और शहरीकरण की समस्याओं का हल केवल नदी-बेसिनों के संरक्षण और प्रबंधन में ही छुपा है। इस संदर्भ में भारत की 'नमामि गंगे' पहल को आदर्श उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे अन्य देशों के लिए अनुकरणीय माना गया। प्रदूषण नियंत्रण, जैविक खेती, आर्द्रभूमि संरक्षण और जलवायु-स्मार्ट शहरी विकास जैसे कदमों ने इस मिशन को वैश्विक स्तर पर प्रेरणा का स्रोत बना दिया है। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि अब समय आ गया है जब शहरों को केवल उपभोक्ता के रूप में नहीं, बल्कि नदी-बेसिनों के सक्रिय संरक्षक के रूप में कार्य करना होगा। जलवायु परिवर्तन के दौर में नदियों का संरक्षण अनिवार्य बन चुका है और इसके लिए नदी-केंद्रित शहरी विकास को अपनाना होगा। सत्र के समापन में यह महत्वपूर्ण संदेश सामने आया। जब शहर मिलकर काम करेंगे और सीमा पार सोचेंगे, तो नदियों को बचाया जा सकता है और उन्हें समृद्ध भी किया जा सकता है। यही स्थिरता और समृद्धि का वास्तविक आधार होगा, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा और पारिस्थितिक संतुलन सुनिश्चित करेगा।

बीबीडी परिसर में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा की स्थापना के उपरान्त आरती करते बीबीडी ग्रुप के मुख्य अधिशाषी निदेशक आर.के .अग्रवाल

योगी सरकार में देश के दिग्गज निवेशकों को भाया गोरखपुर

लखनऊ/ गोरखपुर। दशकों तक जिस गोरखपुर में स्थानीय पूंजीपति भी औद्योगिक निवेश करने से घबराते थे, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद सरकार की प्रोत्साहनपरक नीतियों, कारोबारी सुगमता और शानदार कनेक्टिविटी से

- **अडानी समूह और कोका कोला के प्रमुख बॉटलर ने भी उद्योग लगाने को ली जमीन**
- **पेप्सिको का बॉटलिंग प्लांट पहले से उत्पादनरत, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और श्री सीमेंट्स ने भी मांगी औद्योगिक जमीन**
- **वर्तमान वित्तीय वर्ष में 54 नई यूनिट्स के लिए गीडा ने किया 182 एकड़ भूमि का रिकार्ड आवंटन**

अब वहां नामी कंपनियों के आने की होड़ सी दिखती है। निवेशकों की डिमांड के अनुरूप गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने न केवल लैंड बैंक समृद्ध किया है बल्कि साल दर साल औद्योगिक भूखंडों का आवंटन भी तेज हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में तो गीडा ने अब तक 54 नई यूनिट्स के लिए रिकार्ड 182 एकड़ भूमि का आवंटन किया है। इससे 5800 करोड़ रुपये के नए पूंजी निवेश के साथ 8500 लोगों के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

लंबे दौर तक पहचान को जूझता रहा गोरखपुर अब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी के मामले में मजबूत होकर औद्योगिक नक्शे पर भी चमक गया है। जिस जिले से उद्यमियों ने मुंह फेर लिया था, वहां 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद से औद्योगिक प्रगति का ऐसा माहौल बनना शुरू हुआ कि देश की बड़ी-बड़ी कंपनियां, यहां तक कि मल्टीनेशनल भी इंडस्ट्री लगा रही हैं।

औद्योगिक प्रगति के नए कालखंड में सिर्फ गत पांच साल की बात करें तो इस दौरान गीडा को 9445 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले और इसके जरिये 22922 रोजगार सृजन संभव हुआ। इसमें मल्टीनेशनल ब्रांड पेप्सिको, केयान डिस्टिलरी, ज्ञान डेयरी, टेक्नोप्लास्ट और केंद्रीय भंडारण निगम, कपिला कृषि उद्योग, एपीएल अपोलो ट्यूब्स जैसे बड़े नाम शामिल हैं। गोरखपुर में अडानी समूह ने अंबुजा ब्रांड सीमेंट फैक्ट्री की नई यूनिट और कोका कोला के प्रमुख बॉटलर अमृत बॉटलर्स ने भी यूनिट लगाने को जमीन ले ली है। यही नहीं, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और श्री सीमेंट्स ने भी निवेश की उत्सुकता दिखाते हुए गीडा से औद्योगिक जमीन मांगी है। श्री सीमेंट्स की टीम पहले ही जमीन देखने के लिए दौरा कर चुकी है जबकि रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रतिनिधि मंगलवार को विजिट पर आए थे। अपने पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्र के साथ गीडा ने गोरखपुर के दक्षिणांचल में धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को भी औद्योगिक हब के रूप में विकसित करना शुरू कर दिया है। गत दिनों यहां दो बड़े औद्योगिक निवेश के लिए भूमि का आवंटन किया जा चुका है।गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक का कहना है कि मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में गोरखपुर में निवेश और औद्योगिक विकास का शानदार इको सिस्टम तैयार हुआ है।

गीडा द्वारा निवेशकों की मांग और पसंद के अनुरूप जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। इसका नतीजा है कि यहां औद्योगिक निवेश लगातार बढ़ रहा है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं को आवंटित जमीन से प्रस्तावित निवेश

श्रेयश डिस्टिलरीज	2667 करोड़ रु.
अंबुजा सीमेंट (अडानी ग्रुप)	1400 करोड़ रु.
अमृत बॉटलर्स (कोका कोला)	800 करोड़ रु.
केयान डिस्टिलरीज	600 करोड़ रु.
विजन परेन्टल (फार्मास्युटिकल)	100 करोड़ रु.

आगामी प्रस्तावित निवेश प्रस्ताव

रिलायंस सीपीएल	1000 करोड़ रु.
श्री सीमेंट्स	500 करोड़ रु.
लाइफकेयर्स हॉस्पिटल	500 करोड़ रु.
ईएसआईसी	150 करोड़ रु.
डीपीएस	50 करोड़ रु.

पुरानी योजनाओं की दिखेंगी उपलब्धियां, नयी स्कीमें भी होंगी लांच

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 में प्रदेश की आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक ताकत का भव्य प्रदर्शन करने जा रही है। इस बार इस मेगा इवेंट का फोकस न सिर्फ पुरानी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने पर होगा, बल्कि साथ ही सरकार की ओर से कई नई स्कीम्स और नीतियों को भी यहां पर लॉन्च किया जा सकता है, ताकि निवेशकों को आकर्षित करने के साथ ही प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में पेश किया जा सके।

नई योजनाओं पर होगा जोर : कार्यक्रम के दौरान योगी सरकार के विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं और पिछले वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी), उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, गंगा एक्सप्रेस-वे, डिजिटल निवेश पोर्टल और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स की झलक निवेशकों और आगंतुकों को दिखाई जाएगी। वहीं, पूरी संभावना है कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के मंच से सरकार नई उद्योग प्रोत्साहन योजनाएं, एमएसएमई वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम और निर्यात बढ़ाने के लिए विशेष स्कीम्स को लॉन्च कर सकती है। इसके साथ ही उद्यमियों के लिए इनोवेशन सपोर्ट, महिला उद्यमिता प्रोत्साहन और स्टार्टअप्स के लिए सब्सिडी जैसी योजनाओं के विषय में भी घोषणा हो सकता है।

विदेशी निवेशकों तक पहुंचेगा संदेश : योगी सरकार ने भारतीय

- **यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण में योगी सरकार का डबल फोकस**
- **प्रदेश की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के साथ ही भविष्य की योजनाओं पर भी होगा फोकस**
- **नई उद्योग प्रोत्साहन योजनाएं, एमएसएमई वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम हो सकते हैं लॉन्च**
- **प्रदेश के निर्यात को बढ़ाने के लिए विशेष स्कीम्स लागू करने की दिशा में हो सकता है प्रयास**
- **इवेंट के भव्य आयोजन की बन रही रूपरेखा, कई केंद्रीय मंत्रियों को किया जा रहा**

दूतावासों और विदेशी मिशनों से इस आयोजन को प्रमोट करने का अनुरोध किया है। इसके तहत होस्टेड बायर प्रोग्राम की जानकारी संबंधित देशों के प्रमुख खरीदारों, चैंबर्स और ट्रेड बॉडीज तक पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश और देश के अंदर भी व्यापक प्रचार किया जा रहा है। मेट्रो, एयरपोर्ट, बस स्टैंड और टीवी चैनलों के जरिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए यूपी की लोककला और धरोहर का रंगारंग प्रदर्शन भी किए जाने की तैयारी है।

केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी : आयोजन की महत्ता बढ़ाने के लिए कई केंद्रीय मंत्रियों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिनमें वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, एमएसएमई मंत्री जितन राम मांझी और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक, अधिकारी एवं अन्य वीआईपी गेस्ट भी इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे। सरकार और स्थानीय प्रशासन ने आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। विजिटर्स की मोबिलाइजेशन व्यवस्था आरडब्ल्यूए और संस्थानों के माध्यम से की जा रही है। प्रोटोकॉल व अन्य व्यवस्थाओं के लिए समितियों का गठन किया गया है। किफायती भोजन की व्यवस्था, परिवहन और पार्किंग की योजना, ब्रांडिंग, आवास, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ट्रैफिक आदि के लिए अलग-अलग कमेटियां गठित की गई हैं। पुलिस द्वारा ट्रैफिक और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल : अजय राय

लखनऊ। आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री ने कहा कि एक तरफ जहां गरीब अव्यवस्था के कारण अपने प्राण गवां रहे हैं वही दूसरी तरफ सरकार आंकड़ों की बाजीगरी कर झूठी तस्वीरें दिखाकर ईनाम हासिल कर रही है।

उन्होंने कहा कि संवेदनहीनता यह है कि सरकार द्वारा मौतों को छुपाया जा रहा है। जानकीपुरम सेक्टर-7 निवासी राजेश कौशल जो फेरी करके अपने परिवार का पालन करते थे उनकी मौत डायरिया से हुई जिसका मुख्य कारण प्रदूषित सीवर युक्त पानी है, परंतु सरकार की तरफ से कारण कुछ और बताया जा रहा है। श्री राय ने कहा कि पूरे देश में सफाई के मामले में लखनऊ का तीसरा स्थान है, प्रदेश की राजधानी है और तो और देश के रक्षा मंत्री का संसदीय क्षेत्र भी है। लेकिन बहुत ही अफसोस की बात है कि यहां के निवासी गंदगी से अपने प्राण गवां रहे हैं। राजेश कौशल जो अपने परिवार में अकेले कमाने वाले व्यक्ति थे उनके परिजनों का हाल लेने कोई भी भाजपा नेता नहीं पहुंचा। प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने स्व. राजेश कौशल के घर के बाहर नाले की तस्वीरें भी दिखाई जिनमें दूषित पानी बह रहा है और उसी नाले के पास से पीने के पानी की पाइप भी लोगों के घरों में जा रही हैं जो कई जगहों से लीक हो गई हैं।। एक और महत्वपूर्ण मुद्दे पर मीडिया बंधुओं का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि उप्र सरकार रोजगार देने में असफल है खासतौर पर युवा बेरोजगार हैं और निराश हैं। सरकार अपनी कमियों को छिपा के लिए तथाकथित कुंभ रोजगार जैसे झूठे आयोजन कर रही है जहां युवाओं को सिर्फ छला जा रहा है।

अव्यवस्था और संवेदनहीनता से भरे इस कुंभ में बच्चों, युवाओं के सीवी और डिग्रियाँ कूड़े के ढेर में मिल रही हैं। घोर अव्यवस्था का शिकार इस आयोजन में दूर-दूर से आए युवाओं को यह तक नहीं पता कि उनका क्या होगा? उधर मुख्यमंत्री जी हैं जो अपने भाषण में सिर्फ जुमला बांट रहे हैं। सीएमआईई (सेंटर फॉर मानेटरिंग ऑफ इंडियन इकोनॉमी) की रिपोर्ट के मुताबिक 20 से 24 वर्ष के युवाओं के बीच श्रम बल भागीदीर दर लगातार गिर रहा है। यह एक बहुत ही निराशाजनक ट्रेंड है इसका मतलब यह है कि युवा इतने निराश हो गए हैं बेरोजागारी से कि अब उन्होंने रोजगार मांगना छोड़ दिया है। उत्तर प्रदेश में युवाओं के बीच बेरोजगारी बढ़ती जा रही यह बात आईएलओ ने अपनी रिपोर्ट में कहा है। श्री राय ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है। न ही युवाओं को रोजगार दे पा रही है, न ही किसानों को खाद दे पा रही है, न लोगों को बीमारी से बचा पा रही है और न ही महिलाओं को सुरक्षा दे पा रही है। एक मुख्यमंत्री हैं जो आत्ममुग्धता से बाहर नहीं आ पा रहे हैं एवं उनका प्रशासन है जो ध्वस्त है और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा हुआ है।

भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, लूट बेईमानी चरम पर : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के कारनामों और वोट चोरी की चर्चा आम जनता में है। भ्रष्टाचार, लूट बेइमानी चरम पर है। इस सरकार में जल-जीवन-मिशन से लेकर कई विभागों में भारी भ्रष्टाचार और घोटाले हुए हैं। बिजली संकट से प्रदेशवासी परेशान है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधी खुलेआम हत्या, लूट की घटनाएं कर रहे है। नौकरी, रोजगार भाजपा सरकार के एजेंडे में नहीं है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये नेताओं, कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश में नौकरी, रोजगार खत्म हो गया है। सरकार नौजवानों को विदेश में रोजगार का झांसा दे रही है। भाजपा सरकार के पास बेरोजगारी का समाधान नहीं है। नौजवान, किसान, व्यापारी संकट में है। प्रदेश में किसानों को खाद नहीं मिल रही है। खाद के लिए किसान धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर है। किसानों को खाद के बजाय लाठियां मिल रही है। खाद के लिए किसानों का आंदोलित होना भाजपा सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। इस सरकार में किसान, नौजवान बेबस और लाचार है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा हर मोर्चे पर फेल है। स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद हो चुकी है। आपात स्थिति में गंभीर मरीजों को भी बेड और इलाज नहीं मिल पा रहा है। भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को जनता भाजपा के लूट और झूठ को समझ गयी है। इस सरकार के अब गिने-चुने दिन बचे है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा सरकार को हटाकर इस भ्रष्टाचारी शासन का अंत कर देगी। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, सांसद देवेश शाक्य, सांसद मोहिबुल्ला नदवी, सांसद छोटे लाल खरवार, विधायकगण शाहिद मंजूर, श्री कमाल अख्तर, आशु मलिक, फहीम इरफान, डाक्टर्स और एडवोकेट समेत बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अखिलेश ने भाजपा वोट चोरवा पर पीडीए की ललकार लांच किया

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज सोनभद्र के सांसद छोटे लाल सिंह खरवार द्वारा रचित समाजवादी गाना भाजपा वोट चोरवा पर पीडीए की ललकारलांच किया। श्री खरवार आदिवासी समाज में बहुत लोकप्रिय है। वे प्रख्यात गीतकार तथा संगीत के अच्छे जानकार हैं। उनका गाना पीडीए की ललकार सोनभद्र के आसपास क्षेत्रों में बहुत लोकप्रिय है। यहां तक कि तमाम सम्मेलनों, आयोजनों में भी यह गाना बजता है। नौजवानों के बीच यह गाना खूब प्रचलित है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, रामपुर सांसद मोहिबुल्ला नदवी, सांसद देवेश शाक्य प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल मौजूद रहे।

अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश से मिले

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज उत्तरी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी पूजा शुक्ला के साथ लखनऊ हाईकोर्ट के अवध बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महासचिव ललित तिवारी एडवोकेट और बार के अन्य सदस्यों ने मुलाकात की।

श्री यादव ने श्री तिवारी को बधाई दी और अवध बार एसोसिएशन के अन्य सदस्यों के साथ न्यायिक मामलों पर वार्ता की। उन्होंने समाजवादी सरकार बनने पर बार सदस्यों के हित में और भी कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया। ललित तिवारी एवं अन्य अधिवक्ता सहयोगियों ने कहा कि अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्वकाल में हाईकोर्ट की लखनऊ में भव्य इमारत बनी है। अधिवक्ताओं के कल्याण की कई योजनाएं भी बनी थी तथा उनके चैम्बर और लाइब्रेरी के लिए भी धनराशि आवंटित की गई थी। अधिवक्ताओं ने कहा कि वे 2027 में समाजवादी पार्टी की जीत के लिए प्रयास करेंगे। अखिलेश यादव से मुलाकात करने वाले अधिवक्ताओं में म सुफल यादव सदस्य कार्यकारिणी अवध बार एसोसिएशन, रवीन्द्र यादव एडवोकेट, अमित सिंह भदौरिया, संजय पटेल, करूणेश तिवारी, बृजेश यादव, हिमांशु शुक्ला एवं अंचल तिवारी शामिल रहे।

6,947 को भारत, यूएई की 22 कपंनियों में 532 को मिली नौकरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आईजीपी में रोजगार महाकुंभ में टोकन प्रणाली शुरू की गई है। रोजगार चाहने वालों को अलग-अलग हॉल में ठहराया गया है, मरकरी, एयर्थ, सैटर्न एवं नेपच्यून हॉल। यहां तक कि, दोपहर में मार्स हॉल को प्रतीक्षालय के रूप में भी इस्तेमाल किया गया। इन सबने वास्तव में एक-दो जगहों पर भीड़भाड़ के दबाव को कम किया है। शाम तक, कुल 7,479 का चयन किया गया है। इनमें से 6,947 का चयन भारत में विभिन्न नौकरियों के लिए और 532 का चयन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित 22 कंपनियों में संयुक्त अरब अमीरात में नौकरियों के लिए किया गया है। एमएस लूटा, गिन्को, डर्बी पैक्ट, वीएलसीसी, हिल्स एंड फोर्ट्स, बीआरडी, एमबीएम, आर्को, अजीजी, दुस्सामन गल्फ, बर्कले, एफएनसीटी और अल हरमैन संयुक्त अरब अमीरात की कुछऐसी कंपनियाँ हैं जिन्होंने विदेश में रोजगार के लिए भर्ती की। विगत दो दिनों में कुल 9,297 की भर्ती की गई है (कल 1,818 तथा आज 7,479)। रोजगार महाकुंभ कल भी जारी रहेगा। उम्मीद है कि इस चरण के तीसरे और अंतिम दिन तक कुल भर्ती संख्या 15,000 को पार कर जाएगी। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने बुधवार को कार्यक्रम का जायजा लिया। उन्होंने बेहतर व्यवस्थाओं की सराहना की। डॉ. एम.के. शन्मूगा सुन्दरम प्रमुख सचिव, श्रम एवं रोजगार विभाग, नेहा प्रकाश निदेशक, सेवायोजन, विशाख जी जिलाधिकारी, लखनऊ, पी.के. पुंडीर अपर निदेशक, सेवायोजन और अन्य अधिकारी व्यवस्थाओं की देखरेख और नौकरी चाहने वाले युवाओं के लिए इसे सुविधाजनक बनाने के लिए दिन भर मौजूद रहे।

सामाजिक अनुसंधान पर ध्यान दें विवि

छात्रों की 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें: आनंदीबेन पटेल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/ झांसी। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को विश्वविद्यालयों को सामाजिक अनुसंधान को प्राथमिकता देने और विद्यार्थियों के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति को कड़ाई से लागू करने की सलाह दी।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बुधवार को 30वें दीक्षांत समारोह में कहा, देश को आगे बढ़ाने के लिए नए दृष्टिकोण के साथ पढ़ाई करनी होगी, अनुसंधान करना होगा और उस पर अमल भी करना करना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को 75 फीसदी उपस्थिति के बगैर आगे सेमेस्टर में नहीं बैठने दिया जाए फिर चाहे इसके लिए कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे ही क्यों ना लगवाने पड़ें। राज्यपाल पटेल ने कहा कि साथ ही शिक्षकों को भी चाहिए कि वह कक्षा में एक दो मिनट भी देरी से ना आए और अपने व्याख्यान का समय

बढ़ाते हुए बच्चों को शिक्षा दें।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को नई तकनीक सीखने के लिए वेद पुराणों से प्रेरणा लेने की सलाह भी दी और तमाम जनहित के मुद्दों पर कार्यशालाएं आयोजित करने पर जोर दिया। दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की महानिदेशक डॉ. चंद्रिका कौशिक ने कहा, हमारा देश आत्मरक्षा के क्षेत्र में बहुत हद तक आत्मनिर्भर हो गया है। हम शिक्षा के क्षेत्र में 50 फीसदी छात्राओं की उपस्थिति देखते हैं लेकिन कामकाजी महिलाएं 15 से 20 फीसदी तक ही रह जाती है। आधी आबादी को भी समाज एवं देश हित के लिए कार्यक्षेत्र में आना होगा तभी देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। दीक्षांत समारोह में कुल 67 छात्र-छात्राओं को पदक प्रदान किए गए। विश्वविद्यालय परिसर एवं उससे जुड़े महाविद्यालय के कुल 35,009 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई।

जानकीपुरम में डायरिया से किशोरी की मौत, तीन नये मरीज मिले, दो भर्ती

विशेष संवाददाता (vol)

- डायरिया से दहाशत का माहौल स्वास्थ्य विभाग बना लापरवाह

लखनऊ। जानकीपुरम विस्तार में डायरिया के कहर से लोग डरे हुए हैं। बुधवार को डायरिया पीड़ित एक और किशोरी की मौत से इलाके में दहशत का माहौल है। यहां कई और लोग डायरिया की चपेट में हैं। कई दिनों से डायरिया फैले होने के बाद भी शासन-प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं बलरामपुर चिकित्सालय ने मृतक का डेथ आडिट कराते हुए मृत्यु का कारण सेप्टिसीमिया के साथ हाइपोवोलेमिक शॉक को बताया है। सीएमओ ने बुधवार को जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर का जायजा लिया। जानकीपुरम विस्तार निवासी 12 वर्षीय सरिता बीते गुरुवार से बीमार थी। मूल रूप से बलिया निवासी उमाशंकर सिंह सेक्टर-8 में परिवार के साथ झोपड़ी डालकर रहते हैं। तबीयत खराब होने पर परिवारीजनों ने पहले स्थानीय डॉक्टर की सलाह ली।

हालत गंभीर होने पर किशोरी को जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। इसके बाद भी स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। बाद में पीड़िता को बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने मरीज को देखा। मां सरोजनी का आरोप है कि ट्रॉमा के डॉक्टरों ने समय रहते मरीज को रेफर नहीं किया। कई बार डॉक्टरों से मरीज को रेफर करने की गुजारिश की लेकिन डॉक्टरों ने एक न सुनी। हालत बिगड़ने पर सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां भर्ती करने से मना कर दिया गया। इसके बाद परिजन बलरामपुर अस्पताल पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद सरिता को भर्ती किया गया। सांस लेने में दिक्कत होने पर उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। देर रात करीब डेढ़ बजे सरिता की सांसें थम गईं। भाई अर्जुन सिंह (15) को भी डायरिया की शिकायत के बाद ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। इससे पहले शनिवार को बर्तन बेचने वाले राजेश कौशल (50) की मौत हो चुकी है। कई लोगों ने सप्लाई का पानी सीधे पीने से इनकार कर दिया है। लोग उबालने के बाद पानी को ठंडाकर प्यास बुझाने को मजबूर हैं। जानकीपुरम इलाके में अब भी नए मरीज मिल रहे हैं। इसकी रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इसका खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ रहा है। उधर, जानकीपुरम विस्तार से0-3, 7 एवं 8 लखनऊ में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जानकीपुरम की टीम द्वारा क्षेत्र में 56 घरों का निरीक्षण किया। क्षेत्र में स्थापित कैम्प में 15 मरीजों को देखा गया है, जिसमें डायरिया के 03 रोगी मिले जिसमें से 02 रोगियों को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। फैजुल्लागंज क्षेत्र के अन्तर्गत मामा कालोनी एवं शिव शक्तिनगर में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने क्षेत्र में 140 घरों का सर्वे करते हुए 62 मरीजों को देखा। विभाग के अनुसार क्षेत्र में डायरिया का कोई रोगी नही पाया गया। जिला मलेरिया अधिकारी की टीम ने क्षेत्र में एण्टी लार्वा रसायन का छिडकाव भी किया। क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव एवं जनसामान्य को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। नगर मलेरिया इकाई की टीम की ओर से क्षेत्र में एण्टी लार्वा रसायन का छिडकाव भी किया गया। क्षेत्र की स्थिति नियन्त्रण में है। सीएमओ के अनुसार जानकीपुरम विस्तार से 01 रोगी मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई। 12 वर्षीय किशोरी को प्रातः ट्रामा सेन्टर, जानकीपुरम में भर्ती किया गया था।

कुकरैल नदी के किनारे 24 एकड़ में उर्मिला वन विकसित करेगा एलडीए

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण कुकरैल नदी के किनारे लगभग 24 एकड़ क्षेत्रफल में उर्मिला वन विकसित करेगा। इस वन को पूरी तरह प्राकृतिक रूप में विकसित किया जाएगा और सुरक्षा के लिए फेन्सिंग आदि कार्यों को छोड़कर सिविल के कार्य नहीं कराये जाएंगे। एलडीए अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब ने बुधवार को स्थल निरीक्षण करके जरूरी दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा एवं सीपी त्रिपाठी, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा एवं अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार गुप्ता समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पेपरमिल कालोनी, भीखमपुर के पास कुकरैल नदी से सटी लगभग 24 एकड़ भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया था। अब उस स्थान पर उर्मिला वन विकसित किया जाएगा। यह वन शहर वासियों को ताजी सांस तो देगा ही। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदेश भर में चलाये जा रहे महाअभियान में एक अलग कीर्तिमान भी स्थापित करेगा। इसके लिए यहां मियावॉकी पद्धति से पौधरोपण किया जाएगा, जिससे सघन वन विकसित होगा। यहां रोपित किये जाने वाले पेड़-पौधों का चयन भी पर्यावरण को ध्यान में रखकर किया जाएगा। इससे एक तरफ तो वायु शुद्धि, छाया एवं शीतलता, मिट्टी सुधार, कटाव नियंत्रण व जैव विविधता को समर्थन मिलेगा। वहीं, दूसरी तरफ कुकरैल नदी के किनारे का बफर वनीकरण जल गुणवत्ता में सुधार, बाढ़ शमन, पर्यावास और जैव विविधता एवं जलवायु शुद्धिकरण में उपयोगी होंगे।

प्राकृतिक रूप में विकसित होगा वन : एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि उर्मिला वन को पूरी तरह प्राकृतिक रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए वन क्षेत्र में किसी भी तरह का सिविल वर्क नहीं कराया जाएगा और वॉकिंग ट्रेल भी कच्चे बनाये जाएंगे। सिर्फ वन क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए चारों तरफ वाह्य क्षेत्र में चेन लिंक फेन्सिंग का कार्य कराया जाएगा।

सिंचाई के लिए अंडरग्राउंड पाइप लाइन : वन में रोपित किये जाने वाले पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए स्थायी व्यवस्था की जाएगी। इसके तहत पूरे वन क्षेत्र में अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने का काम किया जाएगा। इसमें निर्धारित दूरी पर पॉप-अप स्प्रिंकलर लगाये जाएंगे, जिससे पौधों को नियमित रूप से पानी दिया जा सकेगा।

विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये जाएंगे : सहायक उद्यान अधिकारी कर्ण सिंह ने बताया कि उर्मिला वन में बरगद, पीपल, पारस पीपल, पाकड़, पिलखन, आम, अमरूद, नीम, सैलिक्स, कैलामस, थ्रीविया नोडिफीलिया व गूलर आदि के पेड़ लगाये जाएंगे। इसके अलावा अजुर्ना, जामुन, बांस और नदी के किनारे कैना, लोटस, वॉटर लिली, कोलकेसिया, वॉटर ल्यूटस, सालविनिया व विटिवर आदि प्रजातियों के पौधे लगाये जाएंगे, जोकि पानी में लेड की मात्रा को नियंत्रित रखेंगे।

मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़े के रूप में मनायेगी भाजपा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुधवार को कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाएगी। भाजपा नर सेवा, नारायण सेवा के संकल्प के साथ रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता कार्यक्रमों सहित विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम गांव, गली, मोहल्लों, शहरों, कस्बों, पगडंडियों तक पहुंचेगी। उन्होंने पंचायत चुनाव तथा 2027 विधानसभा चुनाव में पूर्व तैयारी-पूर्ण तैयारी की नीति के साथ बूथ समिति तथा मजबूत बूथ व्यूह रचना की रणनीति पर चर्चा की। धर्मपाल सिंह गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारियों की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं में गरीब, शोषित, वंचित, उपेक्षित वर्ग के सामाजिक और आर्थिक उत्थान का भाव सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र राजनैतिक दल है जो राजनैतिक कार्यो के साथ ही जनसेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण सहित समाज के प्रत्येक सुख-दुख में उनके साथ रहकर निरन्तर गतिशील रहता है। यही कारण है कि भाजपा संगठन और भाजपा कार्यकर्ता अन्य राजनैतिक दलों से अलग विशिष्ठ पहचान के साथ सर्वग्राही, सर्वस्पर्शी तथा सर्वसमावेशी हैं। धर्मपाल सिंह ने कहा कि सेवा पखवाडें में पार्टी के सभी पदाधिकारी, सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकताओं को मोदी का संदेश लेकर सेवा कार्यो के माध्यम से जनता के बीच पहुंचना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प साकार रूप ले रहा है। इस संकल्प को जन-गण-मन का संकल्प बनाने के लिए हमें लोगों जुड़कर उन्हें इस संकल्प से जोड़ना है। देश निरन्तर प्रगति के मार्ग पर बढ़ रहा है। ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ जन-जन की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को लेकर मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। हमें अपने कार्यो को बार-बार, हर बार जनता के बीच पहुंचाने का स्वाभाव विकसित करना है।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि मंडल अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र संयोजक बूथ अध्यक्ष को नियमित संवाद के द्वारा रणनीति बनाकर काम करना है। प्रत्येक बूथ पर मजबूत व्यूह रचना तैयार करना है। जो भाजपा की जीत सुनिश्चित करे और विपक्ष के झूठ और भ्रम का पदार्फाश करें। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण के कार्य में सजगता के साथ हमें प्रत्येक घर तक पहुंचना है और ऐसे सभी नवमतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है, जो 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके है।

बिजली कंपनियों ने निजी संस्था को दिया करोड़ों का चंदा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विद्युत नियामक आयोग कहां निजीकरण के नाम पर बड़ा घोटाला प्राइवेट संस्था ऑल इंडिया डिस्काम एसोसिएशन को सभी बिजली कंपनियों ने कुल 1 करोड़ 30 लाख 80 हजार का दिया सदस्यताव शुल्क और चंदा नियामक आयोग तत्काल करें इसकी जांच पब्लिक पर ना पड़ने पाए इसका भार। उपभोक्ता परिषद ने कहा निजीकरण के नाम पर मेगा घोटाला पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष गोयल इस संस्था के हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आज विद्युत नियामक आयोग में एक लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल करते हुए एक बड़ा गंभीर मुद्दा उठा दिया इसके बाद बिजली कंपनियों में हड़कंप मच गया उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों के निजीकरण के साथ ही उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित एक पांच सितारा होटल में ऑल इंडिया डिस्कोम एसोसिएशन का गठन किया गया था जिसके महामंत्री डॉक्टर आशीष कुमार गोयल वर्तमान पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष है और उसके डायरेक्टर जनरल आलोक कुमार रिटायर्ड आईएएस पूर्व पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष वह केंद्रीय ऊर्जा सचिव रहे हैं सब ने मिलकर एक प्राइवेट संस्था बनाई और 3 जून 2025 को पावर कॉरपोरेशन सहित पांचो वितरण कंपनियों ने इस संस्था को सदस्यता शुल्क व चंदे के नाम पर उपभोक्ताओं से वसूले गए राजस्व से सभी बिजली कंपनियों ने 21 लाख 80 हजार अलग-अलग भुगतान कर दिया इस प्रकार पावर कॉरपोरेशन व सभी बिजली कंपनियों ने कुल 1 करोड़ 30 लाख 80 हजार रुपए का भुगतान कर दिया सवाल या उठना लाजिमी है कि किसी प्राइवेट संस्था को घाटे में चल रही बिजली कंपनियां इतना बड़ा भुगतान कैसे दे देंगे वह भी बिना विद्युत नियामक आयोग की अनुमति लिए बिन पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष अपनी पावर का गलत इस्तेमाल करके एक प्राइवेट संस्था को इतनी बड़ी धनराशि दिला दी जिसमें देश के निजी घराने सहित अन्य बिजली कंपनियां भी सदस्यता के रूप में करोड़ दे रही है इस संस्था की कोई भी लीगल वैध्यता नहीं है कैसे उसको सरकारी बिजली कंपनियां करोड़ो पैसा दे रही है इसीलिए विगत दिनो उपभोक्ता परिषद ने इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच करने की मांग उठाई थी। कोई भी व्यक्ति संस्था बनाने के लिए हमेशा स्वतंत्र है लेकिन उसमें सरकारी बिजली कंपनियां चंदे के रूप में लाखों रुपया दे यह पूरी तरह असंवैधानिक है।

मुख्यमंत्री से महापौर ने की शिष्टाचार भेंट

लखनऊ। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान महापौर ने हाल ही में मलेशिया में सम्पन्न ऐशियन 2025 सम्मेलन में अपनी सहभागिता से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी। सम्मेलन में शहरी विकास, स्वच्छता प्रबंधन और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई थी। महापौर ने मुख्यमंत्री को नगर निगम लखनऊ की ओर से संचालित विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी भी दी। इनमें स्वच्छता व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और आधारभूत संरचना विकास से संबंधित योजनाएँ शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने महापौर की पहल और नगर निगम के प्रयासों की सराहना की तथा लखनऊ को और अधिक स्मार्ट और स्वच्छ बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं, महापौर सुषमा खर्कवाल के कैंप कार्यालय पर मंगलवार को सांसद सीमा द्विवेदी का आगमन हुआ। इस दौरान महापौर ने उनका स्वागत करते हुए शिष्टाचार भेंट की। बैठक में नगर निगम लखनऊ की ओर से चलाए जा रहे विकास एवं स्वच्छता कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। महापौर ने सांसद को शहर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता प्रबंधन और स्मार्ट सिटी के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी दी।

नगर निगम से पर्यावरण मुआवजा न वसूलने पर एनजीटी सख्त

लखनऊ। राजधानी में प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन को लेकर लापरवाही पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सख्त नाराजगी जताई है। सुनवाई में जहां नगर निगम ने अपना पक्ष रखते हुए जवाब दाखिल कर दिया, वहीं ज़िला मजिस्ट्रेट का जवाब देर से दाखिल होने के कारण रिकॉर्ड पर नहीं आ सका। इस पर ट्रिब्यूनल ने नाराजगी जताई और स्पष्ट निर्देश दिए कि जिम्मेदार अधिकारी लापरवाही न बरतें। नगर निगम सुनवाई के दौरान ट्रिब्यूनल ने गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि ईकोग्रीन कंपनी पर लगाया गया 39 करोड़ पर्यावरण मुआवजे की अभी तक वसूली नहीं हो पाई है। कंपनी के गुड़गांव (गुरुग्राम) शिफ्ट हो जाने को वजह बताया गया, मगर ट्रिब्यूनल ने इसे पर्याप्त कारण मानने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, नगर निगम से पर्यावरण मुआवजा वसूल न किए जाने पर भी कोई ठोस और संतोषजनक कारण पेश नहीं किया गया। एनजीटी ने लखनऊ के डीएम को स्पष्ट आदेश दिया है कि वे एक नया शपथपत्र दाखिल करें। इस शपथपत्र में यह साफ-साफ बताया जाए कि नगर निगम से पर्यावरण मुआवजा वसूलने के लिए अब तक कौन से ठोस कदम उठाए गए हैं। ट्रिब्यूनल ने कहा कि यह शपथपत्र अगली सुनवाई से कम से कम एक सप्ताह पहले दाखिल होना चाहिए। मामले की एनजीटी में 6 अगस्त को सुनवाई हुई थी।

सदन की बैठक अब चार को प्रस्तावित

लखनऊ। नगर निगम सदन की बैठक स्थगित कर दी गई है। 29 अगस्त को होने वाली बैठक अब चार सितम्बर को प्रस्तावित की गई है। बैठक में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के सम्मान में चर्चा होगी।

गृहकर बकाये पर 24 भवन सील, वसूले 11.44 लाख

लखनऊ। नगर निगम ने गृहकर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ बुधवार को सभी जोनों में अभियान चलाया। बड़े बकायेदारों के खिलाफ कुर्की व सीलिंग की कार्रवाई करते हुए 24 भवन सील कर दिए। आंशिक भुगतान के रूप में 11.44 लाख रुपये जमा कराए। बकाया गृहकर जमा न करने पर जोन 1 के मदन मोहन मालवीय मार्ग स्थित गोल्ड ऑफसेट प्रिंटर्स और गोखले मार्ग स्थित एकेजी कन्सल्टेंट्स लिमिटेड नर्सिंग होम को सील कर दिया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि 31 अगस्त तक एकमुश्त यूजर चार्ज जमा करने पर गृहकर में 10 प्रतिशत और व्यावसायिक भवन स्वामियों को 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस अवसर का लाभ उठाकर समय से अपना गृहकर जमा करें।

अपर नगर आयुक्त से मिले कर्मचारी संघ

लखनऊ। नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने बुधवार को अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह के साथ बैठक की। इस दौरान कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगों को रखा, साथ ही इन मांगों के पूरा न होने से कर्मचारियों को हो रही समस्याओं की भी जानकारी दी। जिसके बाद अपर नगर आयुक्त ने कर्मचारियों की मांगों पर जल्द निर्णय होने का आश्वासन दिया है। बैठक में नगर निगम जलकल कर्मचारी संघ लखनऊ, नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ तथा उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में संगठनों के अध्यक्ष, महामंत्री और उपाध्यक्ष स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान कर्मचारी संगठनों की ओर से पूर्व में नगर निगम प्रशासन को सौंपे गए मांग पत्रों पर विस्तृत चर्चा हुई। इनमें कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। संगठनों ने कर्मचारियों की सेवा शर्तों, सुविधाओं और कार्य-स्थितियों से जुड़ी विभिन्न मांगों को विस्तार से रखा। अपर नगर आयुक्त ने सभी संगठनों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उनकी समस्याओं का सकारात्मक समाधान निकालने का भरोसा दिलाया।

उपभोक्ता को सही बिजली बिल नही देने पर मिला नोटिस

लखनऊ। पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने पांचों कंपनियों को नोटिस के साथ चेतावनी दी है कि अगर उनके काम में सुधार नहीं होता है तो उनके खिलाफ सख्त एक्शन होगा। टेरा सॉफ्ट, वैभव इंफ्रा, साईं कंप्यूटर, फ्लूएंट ग्रिड और इन्वेंटिव सॉफ्टवेयर शामिल हैं। डॉ. गोयल ने कहा कि उपभोक्ता को समय पर सही रीडिंग का बिल मिलेगा तभी वह अपना बिल आसानी से जमा करेगा। बिजली अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि सभी उपभोक्ताओं को सही बिल समय से मिले। इसीलिए बिलिंग कंपनियों को काम दिया गया है। यह कंपनियों की जिम्मेदारी है कि वे अपने मीटर रीडरों से गुणवत्ता परक मीटर रीडिंग करवाकर समय पर उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं। उन्होंने कंपनियों को निर्देश दिए कि वे मीटर रीडर के कामों की समीक्षा करें और तकनीक से उसे ट्रैक करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही करने वाले खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर लग रहे हैं। सभी जगहों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को गलत बिल मिलने आदि की शिकायतें दूर हो जाएंगी। कानपुर में खराब मीटर बदलें डॉ. गोयल ने कहा कि कानपुर में खराब मीटर की शिकायतें आ रही हैं। वहां खराब मीटर को अभियान चलाकर बदला जाए।

एलडीए के बेड़े में शामिल हुई नयी जेसीबी-पोकलैंड

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के मशीनों के बेड़े में 03 नयीं जे0सी0बी0 व 01 पोकलैंड शामिल हुयी है। एलडीए की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को अभियंताओं को नयी मशीनों की चाभी सौंपकर अभियंत्रण व प्रवर्तन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से शहर में विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों के साथ ही अवैध निर्माण/प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाती है। अभी तक प्राधिकरण के पास 05 जेसीबी व 01 पोकलैंड ही थे, जबकि प्रवर्तन जोन की संख्या-7 है। ऐसे में एक साथ अलग-अलग जोन में कई अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करने में बाधा उत्पन्न होती थी। जरूरत पड़ने पर बाहरी वेंडरो से किराये पर मशीनें ली जाती थीं, जोकि अभियान के दौरान कई बार बंद पड़ जाती थीं। इसके दृष्टिगत उपाध्यक्ष महोदय द्वारा नयी मशीनें खरीदने के निर्देश दिये गये थे। जिसके अनुपालन में 03 जेसीबी व 01 पोकलैंड मशीन खरीदी गयी है, जो 20 मीटर की ऊंचाई तक निर्माण कार्यों को ध्वस्त करने में सक्षम है। इसे मिलाकर अब एलडीए के पास 08 जेसीबी व 02 पोकलैंड मशीन हो गयी हैं। प्रत्येक प्रवर्तन जोन में 01-01 जेसीबी सम्बद्ध की गयी है, जिससे अभियान में तेजी आएगी। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि बुधवार को प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने गोसाईंगंज में न्यू जेल रोड पर अभियान चलाकर 04 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की। वहीं, प्रवर्तन जोन-3 के अंतर्गत काकोरी के ग्राम-सकरा में 02 अवैध प्लाटिंग और प्रवर्तन जोन-4 की टीम की ओर से सैरपुर के ग्राम-पलहरी में 02 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गयीं।

छोटा इमामबाड़ा के गेट 6 करोड़ से संवरेंगे

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण लगभग 06 करोड़ रुपये की लागत से छोटा इमामबाड़ा के गेटों का संरक्षण कराएगा। इसके अलावा रिफा-ए-आम क्लब में विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य कराये जाएंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब के समक्ष बुधवार को विभिन्न कार्ययोजनाओं का प्रेजेन्टेशन किया गया।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि छोटा इमामबाड़ा शहर के प्रमुख पर्यटक स्थलों में शामिल है। वर्तमान में इसके तीनों गेट काफी जर्जर स्थिति में हैं। इसके दृष्टिगत तीनों गेटों के पुनरोद्धार का कार्य स्मार्ट सिटी के बजट से कराया जाएगा, जिसमें लगभग 06 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसके अलावा लगभग 05 करोड़ रुपए से रिफा-ए-आम क्लब के चारों ओर बाउन्ड्रीवॉल बनवाकर परिसर को सुरक्षित किया जाएगा। क्लब में सिविल, हॉर्टीकल्चर व लाइटिंग आदि के कार्य भी कराये जाएंगे। जिससे शहर वासी यहां मैरिज हॉल, कैफेटेरिया आदि की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। बैठक में मण्डलायुक्त ने गांधी भवन स्थित म्यूजियम को अपग्रेड करने के सम्बंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इसके अलावा प्राधिकरण की नैमिष नगर एवं वरूण विहार योजना के लिए भूमि जुटाने के लिए स्थल पर ही कैम्प लगाकर किसानों से जमीनों की रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिये।

इस मौके पर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव व मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा समेत अन्य अधिकारी, अभियंता व आर्किटेक्ट्स उपस्थित रहे।

निशातगंज में गणेश पूजा में महापौर हुईं सम्मिलित

लखनऊ। अक्षयवर मल्ल पार्क, पेपर मिल कॉलोनी, निशातगंज में बुधवार को आयोजित गणेश पूजा में महापौर सुषमा खर्कवाल सम्मिलित हुईं। उन्होंने गणपति बप्पा के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धा और भक्ति से सम्पन्न यह आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और धार्मिक उत्साह का प्रतीक बना।

बारिश में जलभराव व सड़कों की बदहाली को लेकर सीएम से शिकायत

विधायक राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की, विकास और समस्याओं से कराया अवगत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में बरसात के दौरान जगह-जगह जलभराव, नालों के अवरोध और गड्ढों से भरी सड़कों की समस्या है। नागरिकों की इन समस्याओं को लेकर सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर शिकायत दर्ज कराई है। सरोजिनी नगर से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लखनऊ नगर निगम और नगर विकास विभाग की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा, अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और लापरवाही बरतने वालों को दंडित करने की मांग की है। इसके साथ ही, उन्होंने इन समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए एक उच्चस्तरीय समिति के गठन का सुझाव दिया है।

भाजपा विधायक ने पत्र में लिखा है कि 'लखनऊ नगर निगम एवं नगर विकास विभाग की लापरवाही के कारण राजधानी के नागरिक इन दिनों भारी जलभराव, टूटी-फूटी सड़कों और जाम हुई नालियों से त्रस्त हैं। हाल की तेज बारिश ने एक बार फिर इन विभागों की अक्षमता को उजागर कर दिया है। हर वर्ष करोड़ों रुपये सड़क मरम्मत, नालियों की सफाई और ड्रेनेज सुधार के नाम पर खर्च होते हैं। किंतु जमीनी हकीकत यह है कि सामान्य वर्षा में ही कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। जनता को आवागमन में भारी कठिनाई, बीमारियों का खतरा और शहरी ढांचे को गंभीर नुकसान झेलना पड़ रहा है।' भाजपा विधायक ने लिखा है कि 'अधिकांश नालियां जाम या अतिक्रमण से बाधित हैं। मानसून पूर्व नियमित सफाई नहीं हो रही। हाल ही में बनी या मरम्मत की गई सड़कों पर भी पहली बारिश में गड्ढे उभर आते हैं, जिससे कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं। आलमबाग, राजाजीपुरम, चारबाग, इन्दिरानगर, गोमतीनगर विस्तार, हजरतगंज, सरोजनी नगर आदि में हर वर्ष जलभराव की गंभीर स्थिति बन जाती है। इसके बावजूद नगर निगम व नगर विकास विभाग के अभियंताओं/अधिकारियों की कोई जिम्मेदारी तय नहीं होती'।

लापरवाही पर दंडात्मक कार्रवाई करें

भाजपा विधायक ने पत्र के माध्यम से सीएम योगी से निवेदन किया है कि लखनऊ नगर निगम एवं नगर विकास विभाग की कार्यप्रणाली की तत्काल समीक्षा कराई जाए। एक उच्च स्तरीय मॉनिटरिंग समिति गठित की जाए, जो नालों की सफाई, सड़क मरम्मत व ड्रेनेज सुधार कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा पर निगरानी रखे। जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा लापरवाही पर दंडात्मक कार्यवाही हो। लखनऊ के लिए दीर्घकालिक बाढ़ प्रबंधन योजना बने, जिसमें आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीक, जीआईएस मैपिंग, और वर्षा, जल निकासी का वैज्ञानिक आकलन शामिल हो। समीक्षा समिति में स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञों (सिविल इंजीनियर, शहरी योजनाकार, जल प्रबंधन विशेषज्ञ) को भी शामिल किया जाए।

राजधानी की गरिमा को पहुंच रहा आघात

विधायक ने लिखा है कि लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी है और यहां की स्थिति पूरे राज्य की छवि का प्रतिनिधित्व करती है। हर वर्ष बारिश में जलमग्न सड़कें और परेशान जनता राजधानी की गरिमा को आघात पहुंचाती हैं। अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि नगर निगम व नगर विकास विभाग की कार्यप्रणाली की शीघ्र समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

नालों के अवरोध व सड़कों पर गड्ढों की स्थिति की हो समीक्षा

विधायक राजेश्वर सिंह ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपने विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और समस्याओं से अवगत कराया। राजेश्वर सिंह ने मुलाकात के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से इसके बारे में जानकारी दी। राजेश्वर ने लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में बरसात के समय उत्पन्न होने वाली जलभराव की समस्या, नालों के अवरोध एवं सड़कों पर गड्ढों की स्थिति आदि के सम्बंध में नगर निगम तथा नगर विकास विभाग आदि की कार्यप्रणाली पर व्यापक समीक्षा कराकर ठोस कार्यवाही सुनिश्चित कराए जाने का अनुरोध किया।

एससीआर बोर्ड की बैठक जल्द बुलाने की मांग : विधायक ने निमार्णाधीन लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड हाईवे के निर्माण की गति को और तीव्र कराए जाने तथा निर्माण के दौरान स्थानीय निवासियों को होने वाली समस्याओं के प्रभावी समाधान कराये जाने के लिए भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व एवं उनकी अध्यक्षता में गठित एससीआर निश्चित ही लखनऊ सहित समीपवर्ती छह जनपदों में विकास के स्वर्णिम आयाम स्थापित करेगा, इस दृष्टि से एससीआर बोर्ड की बैठक शीघ्र आहूत कराये जाने का अनुरोध भी किया।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

लापता मासूम का शव तालाब में मिला, हत्या की आशंका



- मंगलवार की शाम से था लापता, छानबीन में जुटी पुलिस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गुडम्बा इलाके में मंगलवार की शाम से लापता आठ वर्षीय मासूम वीरू रावत का बुधवार को गांव के बाहर तालाब में शव उतराता मिला। उसके होठ फटे, माथे पर चोट व मुंह से खून आ रहा था। लिहाजा आशंका जतायी जा रही है कि मासूम की हत्या करने के बाद शव को तालाब में फेंका गया था। फिलहाल पुलिस डूबने से मौत की बात कह रही है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

गुडम्बा के सादामऊ गांव के रहने वाले बबलू रावत लकड़ी की ठेकेदारी करता है। उसके छह बेटे है। उसका आठ वर्षीय बेटा वीरू रावत मंगलवार की शाम शौच के लिए गया था लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजन देर रात तक ढूढ़ते रहे लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद परिजन स्थानीय लोगों के साथ थाने पहुंचे। जहां काफी जद्दोजहद के बाद गुमशुदगी दर्ज की गयी। वहीं बुधवार की सुबह शौच के लिए निकले गांव के ही दीपांशु ने तालाब में वीरू का शव देखा। जिसके बाद वह गांव पहुंचा और उसके बड़े भाई विवेक को बताया। लिहाजा वह परिवार व ग्रामीणों के साथ तालाब पर पहुंचे। तो देखा कि वीरू का शव तालाब के किनारे मिट्टी में पड़ा हुआ है। लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि वह गांव के ही प्राइमरी स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ता था। उसकी मां उमा देवी है जबकि वह छह भाई था। वही शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मां उमा व अन्य सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है।

माथे पर गंभीर चोट, मुंह से खून व होठ पर चोट: वीरू के मुंह से खून आ रहा था, होठ फटा हुआ था, माथे पर किनारे घाव था। आखिर इतीन चोटे कैसे आयी। लिहाजा यह शक जताया जा रहा है कि वीरू की हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया गया। फिलफाल परिजन किसी से रंजिश की बात से इंकार कर रहे है। वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश श्रीवास्तव का कहनाहै कि संभावतः डूबने से बच्चे की मौत हुई है। वही परिजन व ग्रामीण भी हत्या की बात कह रहे है।

लापरवाह बनी रही पुलिस, एक संदिग्ध हिरासत में: मासूम वीरू शाम छह बजे से लापता था। पुलिस को आठ बजे जानकारी हो गयी थी लेकिन फिर भी पुलिस लापरवाह बनी रही। देर रात तक गुमशुदगी दर्ज करने में आनाकानी करती रही। बताया जा रहा है कि बच्चे का शव मिलने के बाद अपने बचाव में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज किया। लेकिन प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि गुमशुदगी रात में ही दर्ज कर ली गयी थी। प्रकरण में सीसीटीवी खंगालकर जानकारी की जा रही है। परिजन ने एक पर शख्स जताया है। सूत्रों की मानें तो गांव के ही एक सुनील नामक शख्स को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं चाचा चंद्रशेखर रावत ने बताया, कि उसने वीरू को बच्चों के साथ खेलता हुए देखा था। उसके बाद रात 8 बजे तक वीरू घर वापस नहीं लौटा।

सआदतगंज में दो सगे भाइयों का कमरे में मिला शव

- बदबू आने पर हुई जानकारी, बिसरा सुरक्षित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सहादतगंज थाना क्षेत्र स्थित एक घर में देखभाल के अभाव में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ नहीं है लिहाजा मृतकों के बिसरा को सुरक्षित रखवा दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि सहादतगंज थाना निवासी राजू (62) और रवि पाहवा (58) अमीनाबाद निवासी अपनी बहन को छोड़कर परिवार में अकेले थे। उनके माता-पिता और पत्नी का कोई अता-पता नहीं है। दोनों भाई पिछले एक हफ्ते से बीमार थे, लेकिन उनकी देखभाल के लिए कोई नहीं था। पड़ोसियों ने बताया कि दोनों भाई कूड़ा बीनकर अपनी आजीविका चलाते थे। पड़ोसियों ने बताया कि उनके घर से तेज बदबू आने पर पुलिस को को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा खोला और दोनों भाइयों के शव बरामद किए। प्रारंभिक जांच में शव कई दिन पुराने प्रतीत हो रहे हैं। पुलिस ने मृतकों की बहन को अमीनाबाद में सूचित किया, जो परिवार का एकमात्र जीवित रिश्तेदार है। थाना प्रभारी अजय नारायण सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ नही हो सकी है। जिसके चलते बिसरा सुरक्षित रखाव दिया गया है।

कारागार सेवा को नौकरी नहीं, पवित्र दायित्व समझें : दारा सिंह चौहान

- डॉ संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ दीक्षांत परेड
- डीजी पीसी मीना व अन्य अफसर दीक्षांत परेड में रहे मौजूद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कारागार सेवा को केवल नौकरी नहीं बल्कि एक पवित्र दायित्व समझते हुए प्रशिक्षुओं को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवता के साथ कार्य करना होगा। ये बातें कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने डॉ सम्पूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित दीक्षांत परेड के दौरान कही। इस मौके पर उन्होंने प्रशिक्षु अफसरों व जेल वार्डरों को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं बल्कि यह एक नई यात्रा, नई जिम्मेदारी और नए संकल्प की शुरूआत है।

दारा सिंह चौहान ने कहा कि 1940 में स्थापित डॉ सम्पूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान एशिया का पहला जेल प्रशिक्षण संस्थान है, जिसने अब तक 1,719 अधिकारियों और 13,277 जेल वार्डरों को प्रशिक्षित कर सेवा में योगदान देने का गौरवशाली इतिहास बनाया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस संस्थान से भारत के साथ-साथ नेपाल, तंजानिया और सूडान जैसे देशों के कारागार कर्मी भी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, जो इसकी अंतरराष्ट्रीय पहचान का प्रमाण है।

दीक्षांत परेड में यूपी, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्य के कुल 131 प्रशिक्षु शामिल हुए। इनमें यूपी के आठ डिप्टी जेलर, छत्तीसगढ़ के तीन जेल अधीक्षक तथा छह सहायक जेल अधीक्षक (120वाँ सत्र) और 114 प्रशिक्षु जेल वार्डर (177वाँ सत्र) सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने प्रशिक्षुओं के अनुशासन और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की अश्विनी पूजा तिर्की (बेस्ट कैडेट अधिकारी संवर्ग) और उत्तराखंड की दिव्या चैहान (बेस्ट कैडेट जेल वार्डर संवर्ग) को महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरणादायी उदाहरण बताते हुए सराहना की। इस अवसर पर महानिदेशक कारागार पीसी मीना ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आचरण नियम, नए आपराधिक कानून, जेंडर संवेदीकरण, ई-प्रिजन, मनोविज्ञान, अपराधशास्त्र, समाजशास्त्र और जेल मैनुअल जैसे विषयों पर गहन अध्ययन कराया गया, साथ ही शारीरिक दक्षता और अनुशासन को भी प्राथमिकता दी गई। समारोह के अंत में मंत्री ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे कारागार विभाग की कार्यप्रणाली में नए मानक स्थापित करें और अपने कार्य से समाज को यह संदेश दें कि कारागार सेवा न्याय, सुधार और मानवता का आधार है।

चंदन हत्याकांड : मुख्य आरोपी सलीम की मौत, लंबे समय से चल रहा था बीमार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कासगंज के चंदन गुप्ता हत्याकांड के मुख्य आरोपी सलीम की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि सलीम लंबे वक्त से बीमार था, जिससे उसकी मौत कल यानी 26 अगस्त को इलाज के दौरान अस्पताल में हुई है। दरअसल, उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में साल 2018 में तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। इस दौरान चंदन गुप्ता नाम के युवक की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में लखनऊ की स्पेशल एनआईए कोर्ट ने 28 आरोपियों को दोषी करार दिया था। सभी दोषी लखनऊ की जेल में सजा काट रहे हैं। यहीं पर इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी सलीम भी सजा काट रहा था। बताया जा रहा है कि उसकी जेल में तबीयत खराब हो गई थी। जिसे इलाज के लिए राजधानी स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविलद्यालय में भर्ती कराया गया था। जहां बीते मंगलवार को इलाज के दौरान गांधी वार्ड में सलीम ने दम तोड़ दिया।

दयाल रेजीडेंसी में दो पक्षों में जमकर मारपीट

- एक युवक बुरी तरह से जख्मी, एफआईआर दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट क्षेत्र स्थित दयाल रेजीडेंसी में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई और देखते ही देखते यह कहासुनी खूनी रूप अख्तियार कर लिया। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के भरुआ सुमेरपुर व हाल पता दयाल रेजीडेंसी में रहने वाले विनीत सिंह को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा का कहना है कि मामले की गहनता से जांच पड़ताल की गई तो पुरानी रंजिश का मामला सामने आ रहा है। चिनहट क्षेत्र के दयाल रेजीडेंसी में रहने वाले विनीत सिंह से किसी बात को लेकर सुधांशु पंडित, अमन सिंह डाकू व शिवार चंद सिंह से कहासुनी हो गई। विनीत सिंह का आरोप है कि सुधांशु पंडित, अमन सिंह डाकू व शिवार चंद अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मारा-पीटा और उसकी बाइक लेकर भाग निकले। वहां पर मौजूद आदित्य सिंह ने बताया कि पिछले एक महीने से मेरे यहां से फ्लैट छोड़ दिए हैं। पुलिस विनीत सिंह की तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर घायल विनीत सिंह को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि विनीत सिंह पुत्र दशरथ सिंह की तहरीर पर सुधांशु पंडित, अमन सिंह डाकू, शिवार चंद सहित लोगों के खिलाफ मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

विभिन्न कंपनियों की नकली दवाओं के साथ एक गिरफ्तार

लखनऊ। एसटीएफ ने विभिन्न कंपनियों की काउंटर फीट (नकली) दवाओं का क्रय व विक्रय करने वाला फर्म मेसर्स हे माँ मेडिको एजेंसी का मालिक हिमांशु अग्रवाल को गिरफ्तार किया। जिनके पास से नकली औषधियों के भंडारण एवं विक्रय व लोकसेवक को रिश्वत देने के अपराध में एक करोड़ रुपए मय नगदी बरामद की गयी है।

आगामी पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली में बुधवार शाम को आगामी पर्व गणेश चतुर्थी व बारावफात को लेकर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र ने बैठक में मौजूद लोगों से आगामी पर्व गणेश चतुर्थी व बारावफात शांति पूर्वक मनाएं जाने की अपील की है। इस बैठक में आलमबाग कोतवाली के सभी चौकी इंचार्ज समेत आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार अध्यक्ष मनीष अरोड़ा चेयर मेन कमल चौधरी, वरिष्ठ महामंत्री राजेश बत्रा, महामंत्री राजन सोनकर महामंत्री उपकार सिंह राजेंद्र सोनकर सहित क्षेत्रीय सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

बारिश से ढह गया किसान का आशियाना

लखनऊ। पिछले कई दिनों से हो रही बारिश की वजह से नगराम के पतौना गांव में मंगलवार देर रात किसान के घर पर रखी टीन शेड का हिस्सा ढह गया। दंपति के मकान के बाहर होने व समय रहते जानकारी होने पर अंदर सो रहे परिजनों के बाहर आते ही पूरा मकान भरभराकर गिर गया। जिससे मकान के अंदर रखा अनाज, कपड़े व अन्य गृहस्थी का सामान मलबे में दब गया। किसान के अनुसार समय रहते जानकारी होने से कोई जनहानि नहीं हुई। नगराम के पतौना गांव निवासी देशराज 50 वर्ष अपनी पत्नी श्यामा देवी व बेटों के साथ रहते हैं। देशराज ने बताया कि मंगलवार देर रात वह पत्नी श्यामा देवी के साथ घर के बाहर सो रहे थे। उनके लड़के रंजीत, कृष्ण कुमार, बहू रोशनी अपने एक साल के लड़के के साथ घर के अंदर ही सो रहे थे।

ट्रांसफर पुलिसकर्मियों के कार्यमुक्त न होने पर डीजीपी नाराज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी पुलिस में पुलिस मुख्यालय से पुलिसकर्मियों के स्थानान्तरण किये जाने के बाद जिलों व कमिश्नरेट से उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर डीजीपी राजीव कृष्णा ने नाराजगी जतायी है। इस संबंध में एक बार फिर फील्ड के सभी पुलिस अफसरों को पत्र जारी कर निर्देश दिये गए है। पुलिस मुख्यालय से ग्रीष्मकालीन, अनुकम्पा और अन्य के तहत पुलिसकर्मियों के तबादले किये गए थे। तबादले जारी होने के बाद भी कई माह से उसका अनुपालन नहीं किया गया। जिसको लेकर कई पुलिसकर्मियों ने कोर्ट में रिट दाखिल कर दी। कोर्ट से फटकार मिलने के बाद एक बार फिर डीजीपी कार्यालय हरकत में आया। इसी क्रम में डीजीपी राजीव कृष्णा ने स्थापना के आईजी नचिकेता झा को निर्देश दिये। जिसके बाद एक निर्देश जारी कर दस दिन के अंदर जिन पुलिसकर्मियों के तबादले किये जा चुके हैं उन्हें जोन, जिले व कमिश्नरेट से कार्यमुक्त कर पुलिस मुख्यालय को अवगत कराया जाये।

सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी को धमका कर एक करोड़ 29 लाख ठगे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में सेवानिवृत्त मर्चेंट नेवी ऑफिसर से साइबर जालसाजों ने सीबीआई अफसर बन खाते से एक करोड़ 29 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के सैनिक हाउसिंग सोसाइटी निवासी सुखविंदर पाल सिंह अपने बुजुर्ग पिता हरदेव सिंह गेले के साथ रहते हैं। सुखविंदर पाल सिंह का कहना है कि 20 अगस्त को उनके पिता के मोबाइल पर फोन कॉल आई। फोन करने वाले ने अपना नाम आलोक सिंह सीबीआई अफसर बताया। उसने कहा कि तुम्हारे खिलाफ मनी लार्डिंग करने का आरोप है और अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। पीड़ित का कहना है कि जालसाज ने डिजिटल अरेस्ट की धमकी दी। जिससे फोन करने वाले व्यक्ति ने पिता को डराकर उनके बैंक ऑफ इंडिया के खाता व अन्य सूचनाओं वेरीफिकेशन के लिए ले लिया। पीड़ित का कहना है कि उसने कहा कि शाम तक सारी बात बताई जाएगी, किन्तु अरेस्ट वारंट के भय से वह डर गये थे। पीड़ित का कहना है कि उसका और उनके पिता का संयुक्त खाता बैंक ऑफ इंडिया सरोजनी नगर में है। जिसका खाता संख्या-6813 10 10000 3605 है। अरेस्ट होने के भय से पीड़ित ने बैंक जाकर आरटीजीएस के माध्यम से 21 अगस्त को उसने अपने खाते से बैंक आफ बडौदा भावनगर के खाता नंबर 03490 200563 पर उजास इंटरप्राइजेज के खाते में 32 लाख रुपए, 22 अगस्त को आईसीआईसीआई बैंक पोंडा के खाता संख्या जो कि संजय संताराम संगोडकर के नाम से था उसमें 45 लाख रुपये और 26अगस्त को आईसीआईसीआई बैंक शाखा जलगांव फटा के खाता संख्या जो कि श्रीनाथ ट्रेडर्स के नाम से था, उसमें 70,000 रुपये ट्रांसफर कर दिये। इस तरह एक करोड़ 29 लाख रुपये का फ्रॉड जालसाजों द्वारा उनके खाते से विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिया। पीड़ित का कहना है कि फोन करने वाले ने कहा कि शाम तक तुम्हारे पैसे वेरीफाई होकर तुम्हारे खाते में वापस हो जाएंगे लेकिन जब शाम तक पैसे खाते में नहीं आये तो लगा कि उनके साथ फ्रॉड हुआ है, तब वह इसकी सूचना साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन द्वारा शिकायत दर्ज करायी।

घूसकांडः नारकोटिक्स के तीन इंस्पेक्टर निलंबित, एक हिरासत में

- दस लाख घूस लेने में दो इंस्पेक्टर समेत छह भेजे गये जेल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। देवा नर्सिंग होम के मालिक से दस लाख घूस के मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में नारकोटिक्स के तीनों इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है। वहीं बुधवार को प्रकरण में दो इंस्पेक्टर समेत गिरफ्तार छह लोगों को जेल भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है कि दस लाख रूपए घूस प्रकरण में इंस्पेक्टर महिपाल, इंस्पेक्टर रवि रंजन और इंस्पेक्टर आदेश योगी को निलंबित कर दिया गया है। वहीं इस मामले में पकड़े गए दोनों इंस्पेक्टर, नर्सिंग होम मालिक व उसके बेटे समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी इंस्पेक्टर महिपाल को बर्खास्त किया गया है जबकि इंस्पेक्टर रवि रंजन, इंस्पेक्टर आदेश योगी को निलंबित किया गया। वहीं इंस्पेक्टर आदेश योगी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि.
पारेषण भवन, कक्ष संख्या 212, एस.एल.डी.सी. परिसर, निकट मंत्री आवास, विभूति खण्ड-2, गोमती नगर, लखनऊ

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों/अधिकृत विक्रेताओं/निमार्ताओं से निम्नलिखित कार्य के सम्पादन हेतु सीलबन्द ई-निविदायें दो भागों में ई-टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है। **अति अल्प कालीन ई-निविदा संख्या-17-विपाखद्वि (ल)/2025-26** वि.पारे.खण्ड-II लखनऊ के अधीन 220 केवी उपकेन्द्र गोमती नगर पर स्थापित 220 केवी एवं 33 केवी सर्किट ब्रेकरों की मरम्मत व ओवरहालिंग एवं अन्य सम्बन्धित कार्य- धरोहर राशि रू. 2000.00 ई- निविदा भाग-1 खुलने की तिथि 03.09.2025 समय 13:00 बजे, ई-निविदा भाग-2 (प्राइज पार्ट) खुलने की तिथि हेतु तदोनुसार बेबसाइट पर सूचित किया जायेगा। ई-निविदा प्रपत्र मूल्य रू. 590.00 (18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित)। ई-निविदा का भाग प्रथम व द्वितीय-प्राइज बिड (दर एंव शर्तें) www.etender.up.nic.in पर भरी जायेगी।

अतः उपरोक्त वर्णित ई-निविदाओं के कार्य की कुल मात्रा ई-निविदा विषिश्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्त www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताये किसी भी ई-निविदा अथवा सभी ई-निविदाओं को अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार सुरक्षित है। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेब साईट को नियमित देखते रहना चाहिए।

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"
(पत्रांक 1193 / दि. 27.08.2025)

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, लखनऊ

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल - चौक, लखनऊ

ई-निविदा सूचना दिनांक 27.08.2025
निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 25/विनविमं(चौक)/लेसा/2025-26: विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-रेजीडेन्सी के कार्य क्षेत्रान्तर्गत आने वाले उपकेन्द्रों के अधीन एक अतिरिक्त नयें वितरण परिर्वतकों स्थापना का कार्य। प्रपत्र शुल्क 3540.00, धरोहर राशि रू. 30,000.00।
2. 26/विनविमं(चौक)/लेसा/2025-26: विद्युत नगरीय वितरण खण्ड - रेजीडेन्सी के कार्य क्षेत्र में विद्युत उपकेन्द्र जी.टी.आई. के अन्तर्गत लाइन इण्टरलिंकिंग के कार्य एवं उपकेन्द्र रेजीडेन्सी के अधीन आर.एम.यू. स्थापना के कार्य हेतु। प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 33,500.00।
3. 27/विनविमं(चौक)/लेसा/2025-26: विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-रेजीडेन्सी के कार्य क्षेत्र में विद्युत उपकेन्द्र जी.टी.आई. के अन्तर्गत लाइन इण्टरलिंकिंग के कार्य एवं उपकेन्द्र रेजीडेन्सी के अधीन आर.एम.यू. स्थापना के कार्य हेतु। प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 26,500.00।
4. 28/विनविमं(चौक)/लेसा/2025-26: विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-रेजीडेन्सी के कार्य क्षेत्रान्तर्गत आने वाले विद्युत उपकेन्द्रझरेजीडेन्सी के अधीन आर.एम.यू. की स्थापना का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 32,500.00।
5. 29/विनविमं(चौक)/लेसा/2025-26: विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-रेजीडेन्सी के कार्य क्षेत्रान्तर्गत आने वाले विद्युत उपकेन्द्र-रेजीडेन्सी एवं यू.पी.आई.एल. के अधीन आर.एम.यू. की स्थापना का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 32,500.00।
6. 30/विनविमं(चौक)/लेसा/2025-26: विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-रेजीडेन्सी के कार्य क्षेत्र में आने वाले विद्युत उपकेन्द्र रेजीडेन्सी के अन्तर्गत सिंगल केबिल को डबल सर्किट एवं केबिल को भूमिगत किये जाने के कार्य हेतु। प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 13,000.00।

ई-निविदा की अन्तिम तिथि - 17.09.2025, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइड पर ही प्रदर्शित की जायेंगी।

(पत्रांक 3883 / दिनांक 27.08.2025)

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या

अल्पकालीन निविदा सूचना | ई-निविदा सूचना | दिनांक 26.08.2025

निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1 **ई-निविदा संख्या 56 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत कौशलपुरी (14 अद्द), देवकाली (15 अद्द), सिविल लाइन (1 अद्द), चौक (20 अद्द), अमानीगंज वाटरवर्क्स (7 अद्द), साकेत (8 अद्द), मक्खापुर(14 अद्द), राम की पैड़ी (7 अद्द), एवं निर्मोचनघाट (6 अद्द), विभिन्न स्थानों पर वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 30000.00।

2 **ई-निविदा संख्या 57 एच(एफ)(कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत नाका (41 अद्द) चिर्रा(30 अद्द) व मुमताज नगर (19 अद्द) विभिन्न स्थानों पर वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 29000.00।

3 **ई-निविदा संख्या 58 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों बीकापुर तहसील (15 अद्द) बीकापुर ग्रामीण (40 अद्द) एवं मंगारी (05 अद्द) में विभिन्न स्थानों पर वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) टण्डौली के अन्तर्गत 11 केवी लाइन सुदृढ़ीकरण का कार्य तथा हैदरगंज में परिवर्तक क्षमता वृद्धि व जर्जर एल.टी. लाइन बनाने का कार्य एवं मंगारी में अतिरिक्त परिवर्तक स्थापना व एल.टी. लाइन सुदृढ़ीकरण का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 22500.00।

4 **ई-निविदा संख्या 59 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों रसूलाबाद (6 अद्द) व दर्शननगर (16 अद्द) में विभिन्न स्थानों पर वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 7100.00।

5 **ई-निविदा संख्या 60 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों तारून (25 अद्द) हैदरगंज (7 अद्द) व ग्यासपुर (9 अद्द) में विभिन्न स्थानों पर वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 13500.00।

6 **ई-निविदा संख्या 61 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र हरिग्टनगंज में विभिन्न स्थानों पर (79 अद्द) वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 25500.00।

7 **ई-निविदा संख्या 62 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र हरिग्टनगंज में विभिन्न स्थानों पर (79 अद्द) वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 25500.00।

8 **ई-निविदा संख्या 63 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र नाका दुगार्पुरी में विभिन्न स्थानों पर (80 अद्द) वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 25600.00।

9 **ई-निविदा संख्या 64 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र नाका दुगार्पुरी में विभिन्न स्थानों पर (46 अद्द) वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 15000.00।

ई निविदा की अंतिम तिथि: 09 सितम्बर 2025, 17.00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं बेवसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

(पत्रांक : 7078, दिनांक : 26.08.2025)

झूलेलाल वाटिका में आयोजित गणेश उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

सांस्कृतिक कार्यक्रम में जयकारा लगाते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व अन्य

गणेश उत्सव में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार

फोटो-समीर भटनागर

पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता, गणपति बप्पा मोरया के लगे जयकारे

सुबह से ही शहर के पंडालों में जुटने लगी भक्तों की भीड़, घरों व पंडालों में विधि-विधान से हुई मूर्ति स्थापना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सुखकर्ता दुःखहर्ता वार्ता विघ्नाची, नुरवी पुरवी प्रेम कृपा जयाची गणपति की आरती के साथ बुधवार को शहर के विभिन्न स्थानों में बने पंडालों में गजानन की मूर्ति की स्थापना की गई। गणपति बप्पा मोरया, जय गणेश जय गणेश के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा, इसी के साथ दस दिवसीय गणेश उत्सव का आगाज हो गया। राजधानी में बने पंडालों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। हर कोई गणपति बप्पा की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखाई दे रहा था। भक्तों ने गजानन की मूर्ति स्थापना में शामिल होकर विधि विधान से पूजा अर्चना की और बप्पा के जयकारे लगाये। इस दौरान पूरा पंडाल भगवान गणेश की भक्ति में लीन नजर आया।

मनौतियों के राजा का गणेशोत्सव मूर्ति स्थापना के साथ शुरू

लखनऊ। श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से 20 वां श्री गणेश महोत्सव बुधवार को झूलेलाल वाटिका निकट हनुमान सेतु के पास मूर्ति स्थापना के साथ शुरू हुआ। पूजन का कार्य आचार्य कमलेश पाण्डेय, आचार्य कमलेश तिवारी, हरिनारायण शुक्ला, कौशलेश पाण्डेय और आशुतोष मिश्रा ने विधिविधान से कराई। पूजन में कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, महामंत्री सतीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष व पार्षद रंजीत सिंह, योगेश बंसल, शरद अग्रवाल, देशराज अग्रवाल, संजय सिंह गांधी, अतुल बंसल, रामशंकर वर्मा, गोपाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, जयकरन, सुधांशु बाथम, नरेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, अतुल (सोनू), रोहित महानगर समेत अन्य लोग मौजूद रहे। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम कोलकाता के प्रसिद्ध संजय शर्मा के संचालन मे शुरू हुये।

संजय ने सबसे पहले स्वागतम श्री गणेश गीत सुनाया। उसके बाद भजन गणपति पधारे आंगन में बनते बधाई आंगन में..., उसके बाद देवो में सिरमौर गजानन प्रथम तुम्हें पूजे गणराज..., सुनाया तो लोग झूमने लगे। अगले क्रम में गणेश जी की उत्पति कैसे हुई नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। उसके बाद मंच पर गणेश जी की पालकी यात्रा निकाली गई। संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि 28 अगस्त को गजरे का कार्यक्रम रात्रि 8 बजे होगा।

महिला एवं बच्चों के लिए विशेष प्रकार के झूले: संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि हर साल करीब 82 हजार चिट्ठियां लिखी जाने वाले बप्पा के दरबार में इस बार लाखों भक्तों के आने की उम्मीद है। इसके अलावा काफी संख्या मे दुकानें चाट, फास्ट-फ्रूड एवं आइस्क्रीम की दुकाने व उनके पसन्द की सामग्री भी मिलेगी। पण्डाल के बाहर महोत्सव का स्पर्श दिया गया है। महिला एवं बच्चों के लिए विशेष प्रकार के झूले लगाए गए हैं। इसके अलावा फूड जोन, किड्स जोन, गेम जोन, शापिंग जोन, लाइव प्रोग्राम नृत्य नाटिका एवं भजन, सिंगर सेलेब्रिटी मुख्य आकर्षण है। महामंत्री सतीश अग्रवाल ने बताया कि श्रंगार एवं आरती प्रतिदिन प्रातः 10 बजे एवं सायं 6:00 बजे होगी। इसमें सभी श्रद्धालु भाग ले सकते हैं। इसके अलावा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे एवं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक तक मनौतियों के राजा के दर्शन होंगे। विगत वर्षो की भांति इस बार भी मनोतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6:00 बजे तक श्रद्धालु लिख सकते हैं।

यहां भी विधि विधान से हुई गणपति की स्थापना: श्री श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति की ओर से गणेश महोत्सव पंडाल, पीली कोठी मौसमबाग में श्री श्री पीली कोठी के राजा की मूर्ति स्थापना मंत्रोच्चार के साथ की गयी। यहां पीली कोठी के राजा सात दिनों तक भक्तों को दर्शन देंगे। समिति के पुजारी ने बताया कि इन सात दिनों में सिंदूर, अभिषेक नृत्य संध्या होगी और ओडसी नृत्य डांडिया, राधा कृष्ण होली, माता की चौकी और सुंदर झांकिया सजायी जाएगीं। राजधानी के चारबाग आलमबाग चौक गोमतीनगर और इंदिरा नगर एवं महानगर में भी गणपति बप्पा विधि विधान से विराजे, और उनकी पूजा अर्चना की गयी।

ऐशबाग में विराजे प्रथम पूज्य गणेश, हुआ विशेष शृंगार: ऐशबाग जल संस्थान कालोनी की ओर से गणेश चतुर्थी के अवसर पर विशाल गणेशोत्सव एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या का आयोजन ऐशबाग स्थित जल संस्थान शिव मंदिर में किया गया। इस अवसर पर गणपति राखो मेरी लाज पूरन कीजौ मेरे काज, गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच जल संस्थान शिव मंदिर परिसर में मंदिर के पुजारी ललित मिश्रा ने प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता गणेशजी, शंकर पार्वती, संकट मोचन हनुमान एवं समस्त देवी देवताओं की वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान से पूजा अर्चना करके समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने पंडाल में पांच दिनों के लिए गणेश प्रतिमा स्थापित की गई।

मवैया में विशेष शृंगार कर पूजन: प्रथम पूज्य और रिद्धी सिद्धी के दाता भगवान गणेश का धूमधाम से पूजन किया गया। गणपति पूजा समिति की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार के संग गणपति प्रतिमा की स्थापना हुई। लोगों ने मंदिरों में पार्वती नंदन को लड्डू, मोदक का भोग लगाकर जयकारे लगाए। साथ ही पांच दिवसीय गणेश महोत्सव की शुरूआत हो गई। लोगों ने प्रथम पूज्य का गेंदे, मोगरे, गुलाब से विशेष शृंगार किया।

पत्रकारपुरम में विधिविधान से पधारे गणेश जी: गोमती नगर के पत्रकारपुरम सहारा प्लाजा पूजा पंडाल में विधि विधान से श्री गणेश की स्थापना हुई। व्यापारियों ने भगवान की पूजा अर्चना की। दोपहर में प्रसाद का वितरण हुआ। शाम सात बजे महाआरती के बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इनमें भगवान शंकर और गणेश जी की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। वहीं कलाकारों ने सुंदर भजन भी गाए।

मंत्र उच्चारण के बीच गणपति महाराज की मूर्ति स्थापना: ऑस्कर योग साई कृपा सेवा संस्थान ने अपने श्री श्री गणेश उत्सव के 16 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए बुधवार को मंत्र उच्चारण के बीच गणपति महाराज की मूर्ति स्थापना की। शिवाजी मार्ग हीवेट रोड पर शुरू हुए श्री श्री गणेश उत्सव स्थल को भव्य ढंग से सजाया गया है।

बताते चलें श्री गणपति महाराज को क्षेत्र में स्थानीय लोग शिवाजी मार्ग का राजा के नाम से भी बुलाते हैं। यहां पर भारी संख्या में स्थानीय लोग सुबह से लेकर शाम तक आरती और अन्य पूजन व कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। श्री श्री गणेश उत्सव के आयोजक गणेश शंकर पवार ने बताया बुधवार को शुरू हुए श्री श्री गणेश उत्सव में सबसे पहले पंडित के द्वारा मंत्र उच्चारण के बीच विधि विधान से मूर्ति की स्थापना की गई। बप्पा की स्थापना सुमन पवार ने किया। स्थापना के साथ ही शिवाजी मार्ग के राजा का श्रृंगार किया गया। उसके बाद हुए पूजा अर्चना में भक्तों ने बढ़कर के भाग लिया। शाम को भव्य आरती में सैकड़ो की संख्या में भक्तगण शिवाजी मार्ग के राजा के दर्शन के लिए उमड़े। आयोजक पदाधिकारी योग शिक्षका सुमन ने भक्तों को प्रसाद वितरण किया। गणेश शंकर पवार ने बताया कि बुधवार को शिवाजी मार्ग लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपाल दीक्षित व मंत्री अतुल त्रिपाठी व कई व्यापारियों ने पूजा अर्चना किया। इसके साथ ही व्यापारियों को रामचरितमानस पुस्तक व अंगवस्त्र भेंट किया गया।

बप्पा को लगा 11 किलो केसरिया मोदक का भोग: मां सिद्धेश्वरी सेवा कुटुंब की ओर से गणेश महोत्सव का सेक्टर बी अलीगंज स्थित मां सिद्धेश्वरी मंदिर परिसर में बुधवार को विघ्नहर्ता गणेश जी की मूर्ति स्थापना के साथ शुरू हुआ। कलकत्ता से लाई गई प्रतिमा की स्थापना आचार्य शिवानंद शास्त्री द्वारा विधि विधान की कराई गई। जिसमे बप्पा को 11 किलो केसरिया मोदक, अखरोट, फलों का, केसरिया दूध बूंदी लड्डू का भोग लगाया गया। स्थापना पूजन के मुख्य जजमान भूपेश बंसल, व वीना गंभीर और उषा गंभीर रहे। समिति के महामंत्री मनीष अग्रवाल, ने बताया कि गणेश उत्सव 17 सितंबर तक चलेगा शाम को भगवान गणेश की आरती पूजन के बाद संगीता अग्रवाल, अनुभा अग्रवाल, मंजू बंसल आदि महिलाओं द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे घर में पधारो गजानन जी म्हारे घर में पधारो जैसे भजनों से बप्पा को प्रसन्न किया। आज के कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सांवरिया, मंदिर प्रभारी अशोक सांवरिया, कोषाध्यक्ष योगी अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, विक्की अग्रवाल शामिल हुए

धूमधाम से विराजमान हुए 25वें गणपति : बड़ा शिवाला चौपटिया में श्री शुभ संस्कार समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश जन्मोत्सव में आज 25 में गणपति दोपहर में धूमधाम से विराजमान हुए। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडे के अनुसार गोमती का आंचल गंदा ना हो इस कारण से मेटल की मूर्ति विराजमान कराई गई है।

महामंत्री रिद्धि किशोर गौड़ के अनुसार पूरे देश में बेटियों के साथ बलात्कार और हत्या जैसे मामले रोज हो रहे हैं इसी के लिए सामाजिक चेतना जगाने हेतु इस बार गणपति पूजन बेटी बचाओ के अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है । मूर्ति स्थापना के समय आचार्य गिरजा शंकर दीक्षित, आशीष अग्रवाल, संदीप तिवारी, राजकुमार मेहरोत्रा, दिनेश टंडन, विपिन अवस्थी, कपिल गौड़, पंडित कुशल गौड़, राकेश कश्यप, करन गौड़, नीरा गर्ग सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित है। शाम को 10 यजमानों द्वारा वैदिक रीति से गणपति पूजन संपन्न किया गया एवं गणेश जी के 108 नाम से विशेष आराधना की गई।

हंस नगर कालोनी में गणपति बप्पा का हुआ आगमन: विविध सेवा संस्थान और हंस नगर कालोनी परिवार ने सदस्यों ने मिलकर गणपति जी के आगमन पर ढोल और मंजीरे बजाकर किया स्वागत।

यह दस दिवसीय पर्व खास तौर पर महाराष्ट्र में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन आज पूरे भारत में इसकी रौनक देखने को मिलती है। गणेश चतुर्थी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और शुभता का प्रतीक है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा करने से जीवन में आने वाले विघ्न दूर होते हैं, सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है, कार्यों में सफलता मिलती है, घर का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। गणेश जी को विघ्नहर्ता कहा जाता है, इसलिए उनकी पूजा से सभी कष्टों और बाधाओं का नाश होता है। सरबजीत सिंह ने बताया कि दस दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ गरीबों को भोजन करवाया जाएगा। इस आयोजन को करवाने में सरबजीत सिंह, आशीष श्रीवास्तव, संजय सिंह, नेहा, वीनिता, संजू, गीता, मोना आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

जयकारों के बीच छावनी में विराजे बप्पा

लखनऊ। श्रीगणेश चतुर्थी के मौके पर विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पल्टन छावनी सेक्टर -ए- सीतापुर रोड योजना कालोनी में पांचवां सात दिवसीय श्रीगणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। बुधवार सुबह पं. ज्ञानदेव बाजपेई ने मंत्रोच्चार, पूजन व गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच प्रथम पूज्य की प्रतिमा स्थापित करवाई। बप्पा के दरबार में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे व सांय 8 बजे आरती व भजन कीर्तन होगा। वहीं 31 अगस्त को भंडारा और 2 सितंबर को विसर्जन होगा। यहां बप्पा का दरबार स्थानीय बच्चों व युवाओं ने सजाया है। इस मौके पर अजय कुशवाहा, मनीष पाल, संगीता, शिखा, राजकुमार, प्रांशु, शालू, कुलदीप, विजय, शम्भू शरण वर्मा, मुन्ना पाल, अभिषेक, राघव, रिया सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।

देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढ़कर कौन...

- मूर्ति स्थापना के साथ अलीगंज गणेश उत्सव शुरू
- दर्शन करने महापौर सुषमा खर्कवाल पहुंची

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अलीगंज का राजा गणेश पूजा सेवा समिति की ओर से 13 वां श्री गणेश जन्मोत्सव बुधवार को मूर्ति स्थापना के साथ शुरू हुआ।

'गुलाब वाटिका अपार्टमेंट' नेहरू बाल वाटिका पार्क के पास, अलीगंज मे पहले दिन पंडित उमेश कुमार मिश्रा ने विधिविधान से मूर्ति स्थापना सम्पन्न कराई। पूजन मे समिति के संरक्षक राज कुमार सिंघल, महेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मनोज मिश्रा, अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, महामंत्री शरद तिवारी, शुभम अग्रवाल आदि लोग थे। बप्पा के दरबार मे महापौर सुषमा खर्कवाल दर्शन करने पहुंची। शाम को कानपुर के भजन गायक तरंग व मुकेश ने भजनों की गंगा बहाई। शुरूआत तरंग व मुकेश ने देवा हो देवा..., से की। उसके बाद राधिका गोरी से, फिर जिसकी नैया श्याम भरोस... सुनाया। अगले क्रम मे घर मे पधारो गजानंद जी कीर्तन की हैं रात, सुनाया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गये। मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि 28 अगस्त को प्रातः 9 बजे से श्रृंगार, पूजन, अभिषेक, शाम को भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। संरक्षक संदीप अग्रवाल ने बताया कि बप्पा के दरबार में आने वाले सभी भक्तों को प्रतिदिन प्रसाद दिया जाएगा। विसर्जन शोभा यात्रा 31 अगस्त को निकली जाएगी जो आकर्षण का केंद्र होगी इस वर्ष शोभा यात्रा में भगवान गजानन का रथ भव्य रहने के साथ-साथ जमशेदपुर झारखंड से डंका पार्टी बैंड आ रहा है जो धूम मचायेगा। इसके अलावा झांकी ग्रुप विशाल कालिया हरियाणा से आ रहा है जो पूरे रास्ते में झांकी का मंचन करेंगे।

तीन शुभ योग में ललिता सप्तमी 30 को

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि के अगले दिन ललिता सप्तमी मनाई जाती है। इस शुभ अवसर पर राधा रानी और उनकी प्रिय सखी ललिता जी की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही राधा रानी की कृपा पाने के लिए जातक व्रत भी रखते हैं। इसके एक दिन बाद यानी भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर श्रीराधा रानी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर राधा रानी का अवतरण हुआ था। इसके लिए हर साल भाद्रपद महीने में राधा अष्टमी और ललिता सप्तमी मनाई जाती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि 29 अगस्त को रात 08 बजकर 21 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, 30 अगस्त को देर रात 10 बजकर 46 मिनट पर सप्तमी तिथि का समापन होगा। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। इसके लिए 30 अगस्त को ललिता सप्तमी मनाई जाएगी।

ललिता सप्तमी शुभ योग: भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर इंद्र योग का निर्माण हो रहा है। इंद्र योग का संयोग दोपहर 03 बजकर 10 मिनट तक है। इसके साथ ही त्रिपुष्कर योग का संयोग बन रहा है। त्रिपुष्कर योग दोपहर 02 बजकर 37 मिनट तक है। इसके अलावा, कई अन्य प्रमुख का संयोग ललिता सप्तमी तिथि पर बन रहे हैं। इन योग में भक्ति भाव से राधा रानी संग देवी मां ललिता की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी।

ललिता सप्तमी की पूजा विधि: सुबह स्नान के बाद गणेश जी का ध्यान करना चाहिए। फिर दिन में गणेश जी, देवी ललिता देवी, देवी पार्वती, देवी षष्ठी, कारिक, शिव और शालिग्राम की पूजा की जाती है। नारियल, चावल, हल्दी, चंदन, गुलाल, फूल और दूध देवताओं को प्रसाद के रूप में दिया जाता है। पूजा क्षेत्र में लाल धागा या मौली रखी जाती है। प्रार्थना के बाद इसे दाहिने हाथ में पहना जाता है। उपवास सूर्योदय से अगले दिन सूर्योदय तक होता है। दिन में एक बार ही भोजन किया जाता है। कामकाजी महिलाओं, पढ़ाई करने वालों और चिकित्सा समस्याओं वाले लोगों को उपवास नहीं करना चाहिए। उन्हें केवल प्रार्थना करनी चाहिए। अगले दिन सुबह प्रार्थना करने के बाद उपवास तोड़ा जाता है।

साहित्यकार दयानंद पांडेय को भोपाल में मिला सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। साहित्य अकादमी, मध्य प्रदेश ने भोपाल में रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में अलंकरण समारोह में लखनऊ के दयानंद पांडेय को उपन्यास विपश्यना में प्रेम के लिए वीर सिंह देव राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। अकादमी के निदेशक डॉ विकास दवे और मशहूर कमेंटेटर सुशील दोषी ने दयानंद पांडेय को एक लाख रुपए का चेक, अंगवस्त्रम और श्रीफल दे कर सम्मानित किया। चर्चित उपन्यास विपश्यना में प्रेम उपन्यास वाणी प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा क्रमश : लोहिया साहित्य सम्मान और साहित्य भूषण सहित दर्जनों सम्मान से सम्मानित दयानंद पांडेय की 75 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं। कहानी, उपन्यास, कविता, गजल, संस्मरण, लेख, इंटरव्यू, सिनेमा सहित दयानंद पांडेय की विभिन्न विधाओं में प्रकाशित पुस्तकों में 13 उपन्यास, 13 कहानी संग्रह हैं। गोरखपुर में जन्मे दयानंद पांडेय के उपन्यास, कहानियों, कविताओं और गजलों का विभिन्न भाषा में अनुवाद भी प्रकाशित हुआ है।

अखण्ड आर्यावर्त आर्य महासभा ने शुरू किया सनातन शक्ति केन्द्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने आज यहां कपूरथला स्थित श्री हनुमान मन्दिर, पुरानी पुलिस चौकी, कपूरथला में पहला सनातन शक्ति केन्द्र का शुभारम्भ किया।

इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, राष्ट्रीय संयोजक पंकज तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरवन मिश्रा, प्रदेश महामंत्री सुनील शुक्ला, शोभा फाउंडेशन के प्रदीप जायसवाल, अंकेश सिंह चौहान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। सनातन शक्ति केन्द्र का शुभारम्भ श्री सद्गुरू कबीर साहेब वेद वेदांग गुरूकुलम के प्रबन्धक शिवपूजन दीक्षित एवं उनके शिष्यों के गणेश स्तुति व मंत्रोंच्चारण के साथ किया गया। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि इस सनातन शक्ति केन्द्र के माध्यम से सनातन धर्म के प्रति जागरूक करने, क्षेत्र के सनातनियों की एकजुटता के साथ उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और उनकी समस्याओं के निराकरण करने का कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस केन्द्र की शुरूआत होने के साथ संगठन देश के विभिन्न हिस्सों में क्षेत्रीय स्तर पर हिन्दू धार्मिक स्थलों को सनातन शक्ति केन्द्र के रूप में स्थापित किया जायेगा। इस मौके पर राष्ट्रीय संयोजक पंकज तिवारी ने कहा कि आज देश में जिस तरह से विभिन्न संगठन द्वारा राजनैतिक स्वार्थ के लिये सनातन समाज को जातिवाद के नाम पर तोड़ने का काम किया जा रहा है, उसे रोकने के लिये सनातन शक्ति केन्द्र बड़ी भूमिका निभायेगा।

लखनऊ-मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस वाराणसी कैंट तक विस्तार

वाराणसी जं. (कैंट) व अयोध्या धाम स्टेशन पर मंत्री व सांसद ने दिखायी हरी झंडी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 22489/ 22490 मेरठ सिटी-लखनऊ-मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस का विस्तार आज दिनांक 27 अगस्त 2025 से अयोध्या धाम जंक्शन होते हुए वाराणसी जंक्शन तक किया जा रहा है। इस ट्रेन के वाराणसी जं. तक विस्तार से अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं पूर्वांचल के बीच तीव्र गति की रेल सेवा उपलब्ध होगी। इससे श्रद्धालुओं को वाराणसी एवं अयोध्या की यात्रा में विशेष सुविधा प्राप्त होगी तथा व्यावसायिक एवं शैक्षिक यात्रियों को भी लाभ मिलेगा।

आज वाराणसी जं. स्टेशन पर इस ट्रेन के प्रथम प्रस्थान के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे पधारे दयाशंकर मिश्रा दयालु राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, एवं कार्यक्रम मे पधारे अन्य विशिष्ट अतिथियों में अशोक तिवारी महापौर, सौरभ श्रीवास्तव विधायक वाराणसी कैंट, धर्मेन्द्र सिंह सदस्य विधान परिषद, हंसराज विश्वकर्मा, सदस्य विधान परिषद ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक, वाराणसी बी. के. यादव, स्टेशन निदेशक/ वाराणसी श्री अर्पित गुप्ता उपस्थित रहे।

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के प्रथम आगमन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अवधेश प्रसाद सांसद अयोध्या एवं विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता विधायक अयोध्या, चन्द्रभानु पासवान विधायक मिलकीपुर ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान कुलदीप तिवारी, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक ने लोको पायलट (क्रू मेंबर) को माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर शूरवीर सिंह चौहान अपर मण्डल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे लखनऊ उपस्थित रहे ।

मेरठ सिटी से वाराणसी जं. के मध्य 782.5 किलो मीटर की दूरी को यह ट्रेन 11 घंटे 55 मिनट मे तय करेगी । वाराणसी जं. से चलने के बाद यह ट्रेन अयोध्या धाम, लखनऊ, बरेली और मुरादाबाद में रुकेगी।

यह ट्रेन मंगलवार छोड़ हफ्ते के सभी दिन संचालित की जाएगी ।इस ट्रेन मे अउ चेयर कार व एक्जीक्यूटिव श्रेणी के कोच रहेगे । जिसमे एक्जीक्यूटिव क्लास के कोच में 52 यात्री बैठ सकते हैं और यह 2गुणे 2 विन्यास में घूमने वाली सीटों से सुसज्जित है। चेयर कार कोच में प्रति कोच 78 यात्री बैठ सकते हैं चेयर कार मे वाराणसी जं. से मेरठ सिटी तक की यात्रा हेतु प्रति व्यक्ति 2140 रुपये और एक्जीक्यूटिव क्लास की यात्रा हेतु प्रति व्यक्ति 3765 रुपये निर्धारित किया गया है ।गाड़ी संख्या 22490 मेरठ सिटी से 06:35 बजे प्रस्थान कर अयोध्या धाम होते हुए 18:25 बजे वाराणसी पहुंचेगी एवं 22489 वाराणसी से 09:10 बजे प्रस्थान कर अयोध्या व लखनऊ होते हुए 21:05 बजे मेरठ सिटी पहुंचेगी। ट्रेन का आगमन एवं प्रस्थान समय गाड़ी संख्या 22490 मेरठ से वाराणसी प्रस्थान मेरठ सिटी से सुबह 6:35 बजे मार्ग में ठहराव, मुरादाबाद (8:35/8:40), बारेली(9:58/10:00), लखनऊ(13:45/13:55),अयोध्य ा धाम(15:53/15:55)वाराणसी आगमनः 18:25 बजे एवं गाड़ी संख्या 22489 (वाराणसी से मेरठ) प्रस्थानः वाराणसीझसुबह 09:10 बजे ठहरावः अयोध्या धाम (11:40/11:42), लखनऊ (13:40 /13:50), बरेली (17:15/17:17), मुरादाबाद (18:50/18:55) मेरठ सिटी आगमनः 21:05 बजे निर्धारित है।

नुक्कड़ नाटक के जरिये स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

लखनऊ। रेलवे बोर्ड के निदेर्शानुसार, स्वतंत्रता दिवस स्वच्छता अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल में स्वच्छता जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम पर आयोजित किए जा रहे है।

इसी परिप्रेक्ष्य में आज मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/ईएचएनएम महेंद्र सिंह के नेतृत्व तथा सहायक मंडल यांत्रिक इंजीनियर/ईएचएनएम विजय प्रताप आर्या के निर्देशन में लखनऊ जंक्शन, ऐशबाग, गोंडा, गोरखपुर, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इसी क्रम में लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक में प्रिया पुरवार, विवेक चौरसिया, अनिल कुमार, राशि दुबे, अभिषेक खरवार, अंकित गिरि, गौरव चौधरी, राजकुमार, मोनिका, प्राची, प्रियाणी और अनुष्ठा ने भाग लिया। मण्डल में निरन्तर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यात्रियों और रेल कर्मियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।इस तरह के स्वच्छता आधारित नुक्कड़ नाटक यात्रियों और आम जनमानस को स्वच्छता का महत्व समझाने में काफी प्रभावी हो रहे है। मंडल के स्टेशनों और रेलवे परिसरों में गंदगी के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए उद्घोषणा प्रणाली के जरिए निरन्तर संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं।

लविवि कुलपति से लुआक्टा की हुई सार्थक वार्ता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बुधवार को अपराह्न 2:00 बजे विश्वविद्यालय के मंथन कक्ष में पीएचडी ऑर्डिनेंस 2025 के संदर्भ में लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयुक्त महाविद्यालयों के शिक्षक संघ (लुआक्टा) के प्रतिनिधिमंडल के साथ कुलपति की वार्ता सम्पन्न हुई।

लुआक्टा प्रतिनिधि मंडल द्वारा यह मांग की गयी कि ऐसे महाविद्यालयों के शिक्षक जहाँ पर संबधित विषय से सिर्फ स्नातक पाठ्यक्रम ही प्रचलित है एवं ऐसे पाठ्यक्रमों के शिक्षक जो स्नातक स्तर पर ही अध्यापन कर रहे हैं, को भी पीएचडी पर्यवेक्षण कराने की अनुमति प्रस्तावित पीएचडी ऑर्डिनेंस में दे दी जाए। विश्वविद्यालय द्वारा इस मांग के प्रतिउत्तर में लुआक्टा प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया गया कि पीएचडी ऑर्डिनेन्स 2025, यूजीसी शोध विनियम 2022 के अनुक्रम में ही प्रस्तावित है, अतः यूजीसी विनियम 2022 के विपरीत निर्णय लेना अविधिक होगा।

लुआक्टा प्रतिनिधिमंडल ने यह मांग की कि विश्वविद्यालय प्रस्तावित पीएचडी ऑर्डिनेन्स को वापस ले ले। इस संदर्भ में प्रतिनिधिमंडल को कुलपति द्वारा अवगत कराया गया कि प्रस्तावित पीएचडी ऑर्डिनेन्स विद्या परिषद से पारित किया जा चुका है तथा प्रक्रियानुसार प्रस्तावित अध्यादेश को कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा जाएगा। तदोपरान्त कुलाधिपति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत होगा। अतः इस स्तर पर पीएचडी ऑर्डिनेन्स को वापस लिया जाना समीचीन नहीं होगा।

लुआक्टा प्रतिनिधिमंडल द्वारा यह इंगित किया गया कि पीएचडी ऑर्डिनेन्स 2025 में यूजीसी शोध विनियम 2022 के बिन्दु संख्या-6.1 में उल्लिखित शब्द अक्षरशः नहीं लिखे गये। इस संदर्भ में उन्हें यह अवगत कराया गया कि विद्या परिषद द्वारा पूर्व में ही यह संशोधन किया जा चुका है। लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति के द्वारा लुआक्टा प्रतिनिधिमंडल से यह पूछा गया कि क्या किसी भी अन्य राज्य में यूजीसी शोध विनियम 2022 के अन्तर्गत ऐसे महाविद्यालयों के शिक्षकों को शोध पर्यवेक्षक बनने की अनुमति प्रदान की गयी है, जहाँ संबंधित विषय में परास्नातक पाठ्यक्रम संचालित नहीं है। इस प्रश्न का लुआक्टा प्रतिनिधिमंडल ने कोई तथ्यपरक उत्तर प्रदान नहीं किया एवं यह कहा कि हमें अपने राज्य से मतलब है न कि किसी और राज्य से। इसके पश्चात मीटिंग सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाप्त हो गई।

नीरज सिंह के जन्मदिन पर हनुमान चालीसा व भंडारे का आयोजन

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता नीरज सिंह के जन्मदिन अवसर पर लखनऊ में सामूहिक सुन्दर कांड एवं चालीसा पाठ मंत्रोच्चार के साथ उनके दीघार्यु जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

विभिन्न स्थानों पर भंडारा एवं फल विरतण का आयोजन हुआ।भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पश्चिम विधानसभा के बुद्धेश्वर स्थित राजकीय दृष्टि बाधित में बच्चों को भोजन करवाने साथ फल वितरण किया साथ में पश्चिम उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव उपस्थित रहें। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, महामंत्री अभिषेक गुप्ता द्वारा हनुमान सेतु मन्दिर में सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया समापन के समय लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने पहुंचकर श्री हनुमान जी महाराज की आरती कर नीरज सिंह की दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। वहीं व्यापारियों द्वारा लखनऊ महानगर की बाजारों में भंडारा एवं फल का वितरण कर जन्मदिन मनाया हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में व्यापारी नेता अजय त्रिपाठी मुन्ना द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया, भाजपा नेता पंकज सक्सेना ने यज्ञ अनुष्ठान किया।

लुआक्टा आज सरस्वती गार्डन में देगी धरना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बुधवार को राजभवन के निर्देश पर लुआक्टा को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शोध अध्यादेश की विसंगतियों को दूर करने एवं यू जी सी रेगुलेशन 2022 की मनमानी व्याख्या कर लखनऊ विश्वविद्यालय से सहुक्त महाविद्यालयो स्नातक स्तर पर अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षकों को शोध निर्देशक न बनाये जाने की संबंध में वार्ता हुई, किंतु वार्ता बेनतीजा रही। कुलपति द्वारा प्रतिनिधिमण्डल द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा पारित अध्यादेश यू जी सी रेगुलेशन के विपरीत है , तथा इस रेगुलेशन के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व मे अध्यादेश निर्गत किया जा चुका है तो अब इस पर नया अध्यादेश बनाये जाने की क्या आवश्यकता है। यह भी अवगत कराया गया कि एवं लुआक्टा द्वारा आंदोलन जारी रखने का निर्णय यथावत रहा। कल लखनऊ विश्वविद्यालय से सहुक्त लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर के शिक्षक सामूहिक अवकाश पर रहते हुए, 28 अगस्त को 11 बजे लखनऊ विश्वविद्यालय में सरस्वती वाटिका पर धरना देंगे, तथा 1.30 बजे राजभवन मार्च करेंगे । कुलपति द्वारा अवगत कराया गया कि आक्समिक कार्य परिषद की एजेंडे में शोध अध्यादेश पारित नही किया जायेगा, तथा जब विश्वविद्यालय मे पूर्णकालिक कुलपति आयेंगे, तभी इस विषय पर निर्णय होगा। साथ ही साथ यह भी अवगत कराया गया कि विद्या परिषद में इस अध्यादेश को लेकर आपत्तिया आई है, उसके आधार पर शोध अध्यादेश मे संशोधन किया जा रहा है ' संगठन द्वारा इसे लिखित रूप में जारी करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे कुलपति ने इंकार कर दिया। सुच्य है कि यू जी सी रेगुलेशन मे शोध निर्देशक बनाये जाने के संबंध मेंपोस्ट ग्रेजुएट कालेज का प्रविधान किया गया है, जबकि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत अध्यादेश मे पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्रामिंग इन दी डिपार्टमेंट का प्रविधान किया गया है। साथ ही साथ जिन विषयों में पीजी कोर्स है, वहा हेड आफ डिपार्टमेंट एक कमेटी बनाएंगे और उसके अनुसंशा पर शोध छात्र दिये जायेंगे। इस प्रकार विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक स्तर का सीधे एवं पोस्ट ग्रेजुएट स्तर का हेड आफ डिपार्टमेंट के माध्यम से शोध निर्देशक का अधिकार छिनने की विश्वविद्यालय द्वारा साजिश की जा रही। लुआक्टा द्वारा विश्वविद्यालय की गहरी साजिश का विरोध किया जा रहा है ।तथा स्पष्ट कर दिया गया है कि जब विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा महाविद्यालयो के शिक्षकों का हक नही प्रदान किया जायेगा, तब तक आंदोलन चलता रहेगा। यदि विश्वविद्यालय द्वारा अपनी हठधर्मिता नही छोड़ी गयी तो आगामी परीक्षाओं का भी बहिष्कार किया जायेगा।

कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बने विधायक

समाज सेवा और संगठन के लिए मिला महत्वपूर्ण दायित्व, कायस्थ समाज में उत्साह का माहौल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा के विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव को राष्ट्रीय संगठन मंत्री (कार्यकाल 2024-2028) नियुक्त किया है।

यह निर्णय महासभा की भोपाल में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र नाथ सिंह, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष विश्वास कैलाश सारंग (कैबिनेट मंत्री, मध्यप्रदेश) और राष्ट्रीय महामंत्री अजय श्रीवास्तव नीलू की सहमति रही।

● प्रदेश, नगर एवं विभिन्न चित्रांश सभाओं के पदाधिकारियों ने विधायक श्रीवास्तव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं

नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया कि विधायक श्रीवास्तव अपने अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से महासभा के कार्यों को नई दिशा देंगे। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे सदस्यता अभियान, परिचय सम्मेलन, सांस्कृतिक आयोजन और समाजहित के कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान देंगे। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक श्रीवास्तव ने कहा कि ह्लयह केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज, संगठन और राष्ट्र सेवा का संकल्प है। मैं तन-मन-धन से निष्ठा और समर्पण भाव के साथ महासभा के प्रत्येक कार्य में अपनी पूरी भूमिका निभाऊँगा। महासभा द्वारा जताए गए विश्वास पर मैं सदैव खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस नियुक्ति से कायस्थ समाज में उत्साह का माहौल है। प्रदेश, नगर एवं विभिन्न चित्रांश सभाओं के पदाधिकारियों ने विधायक श्रीवास्तव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

बधाई देने वालों में कायस्थ समाज के प्रदेश अध्यक्ष शेखर कुमार, चित्रगुप्त परिवार, गोमती नगर के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, चित्रांश सभा, विक्रम नगर सूर्य नगर के अध्यक्ष मुनेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, चित्रांश सभा, आरडीएसओ के महामंत्री अवधेश श्रीवास्तव, चित्रगुप्त सभा, इन्दिरा नगर के महामंत्री शशिकांत श्रीवास्तव शामिल हैं।

जॉब सीकर ही नहीं, जॉब क्रिएटर भी बनें युवा : प्रो. मंजुला

नवयुग मेंविकसित भारत @ 2047 प्लान - विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बुधवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल (डॉ.) दिनेश कुमार पाठक के निर्देशानुसार विकसित भारत @ 2047 प्लान - विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेट आस्था त्रिपाठी एवं कशिश गौतम ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विकसित भारत 2047 के प्रमुख उद्देश्य आर्थिक वृद्धि तथा बुनियादी ढांचे का विकास, सामाजिक प्रगति, शासन एवं सुरक्षा, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरणीय स्थिरता, चिकित्सा विज्ञान, विकसित भारत के लिए सरकार की पहल तथा नागरिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कैडेट लक्षिका किशोर, सृष्टि नायक, अरुंधति यादव, अवंतिका गुप्ता, वर्तिका सक्सेना, प्रीति कुमारी, रिया लालवानी, खुशी निषाद, शिवांशी, उरूज बानो और प्रतिभा ने लघु नाटिका के माध्यम से आजादी के पहले से लेकर आजादी मिलने तक, कृषि से लेकर नवाचार और तकनीक के प्रयोग, स्वच्छ भारत- हरित भारत -सतत भारत, खेल, शिक्षा, अंतरिक्ष तक पहुंचने की भारत की सफलता को अपने भावों से दर्शाया । कैडेट गरिमा तिवारी ने कविता प्रस्तुत की। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा भारतीय संस्कृति और सभ्यता के दूत बनकर विश्व गुरु भारत के सपने को साकार कर सकते हैं।

युवाओं को केवल नौकरी पाने वाला नहीं बल्कि देने वाले बनने का प्रयास करना होगा, युवाओं की रचनात्मक सोच और नई दृष्टि से नए विचार, खोज और आविष्कार संभव होंगे क विज्ञान, तकनीक, स्टार्टअप और उद्यमिता में युवाओं का नेतृत्व भारत को विश्व में अग्रणी बनाएगा।

कार्यक्रम संयोजक मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने ने कहा कि विकसित भारत 2047 एक ऐसे भारत का सपना है जिस का अर्थ है आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन बनाकर समरस समाज का निर्माण जो आर्थिक रूप से समृद्ध, सामाजिक रूप से न्याय पूर्ण, सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली और तकनीकी रूप से उन्नत व पर्यावरणीय रूप से संतुलित हो अर्थात समावेशी विकास कार्यक्रम का संचालन अंडर ऑफिसर सिद्धी यादव ने किया।

इस अवसर पर प्रोफेसर संगीता कोतवाल, प्रो संगीता शुक्ला, डॉ नेहा, डॉ सीमा, डॉ आभा, नागेंद्र विकल, अंडर ऑफिसर अंजलि वाजपेई, दीप्ति, प्रज्ञा शुक्ला समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।एनसीसी गान, राष्ट्रीय गान एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

एकेटीयू सात श्रेणियों में देगा स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड

विशेष संवाददाता (vol)

● दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल देंगी विवि के उद्यमी छात्रों को स्टार्टअप अवार्ड

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय 9 सितम्बर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह में अपने छात्रों को इस बार सात श्रेणियों में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड देगा। मंच से राज्यपाल सह कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल उद्यमी छात्रों को अवार्ड देकर सम्मानित करेंगी। स्टार्टअप अवार्ड पाने के लिए छात्रों को 2 सितंबर तक आवेदन करना होगा।

ये है उद्देश्य

विश्वविद्यालय की ओर से दिये जा रहे स्टार्टअप अवार्ड का मकसद विश्वविद्यालय के छात्रों में स्टार्टअप और इनोवेशन के प्रति रूझान पैदा करना है।इस पहल से अन्य छात्र भी स्टार्टअप के लिए प्रेरित होंगे।

कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में इस अवार्ड की परिकल्पना इनोवेशन हब ने की है। जिसके तहत सात विभिन्न श्रेणी में अवार्ड दिया जाएगा। इसमें एक अवार्ड विमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड दूसरा बेस्ट सोशल इम्पैक्ट स्टार्टअप अवार्ड और तीसरा बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड, चैथा एसिसिबिलिटी अवार्ड, पांचवां एग्रीकल्चर स्टार्टअप अवार्ड, छठां सस्टेनेबिलिटी चैंपियन और सातवां हेल्थ इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड है। बेस्ट विमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड के लिए स्टार्टअप कंपनी में एक महिला डायरेक्टर का 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ होना जरूरी है।

वहीं, बेस्ट सोशल इम्पैक्ट अवार्ड का चयन स्वास्थ्य, भारतीय भाषा, शिक्षा, जीवनशैली जैसे सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले स्टार्टअप कंपनी को दिया जाएगा। जबकि बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड इनोवेटिव पेटेंट तकनीकी विकसित कर वस्तुओं और सर्विस के क्षेत्र और डिजिटल मंच पर कार्य करने वाली स्टार्टअप कंपनी को मिलेगा। इसी तरह दिव्यांगों की सुविधा प्रदान करने वाले स्टार्टअप को एक्सिसबिलिटी अवार्ड दिया जाएगा। कृषि के क्षेत्र में नवाचार, सहित अन्य नये स्टार्टअप को एग्रीकल्चर अवार्ड मिलेगा। जलवायु परिवर्तन, कूड़ा प्रबंधन, निन्योबल एनजी से जुड़े स्टार्टअप को सस्टेनेबिलिटी चैंपियन अवार्ड दिया जाएगा।

जबकि स्वास्थ्य से जुड़े स्टार्टअप को हेल्थ इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड मंच से दिया जाएगा। यह अवार्ड विश्वविद्यालय के किसी छात्र या छात्रा की स्टार्टअप कंपनी को ही दिया जाएगा। संस्थान या छात्र अवार्ड के लिए 2 सितम्बर तक अपना आवेदन कर सकते हैं।

रविन्द्र प्रतापगढ़ी और अज्म गोंडवी को मिला सृजन सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश साहित्य सभा और यूपी प्रेस क्लब की ओर से 160 वां सृजन सम्मान दिया गया। महेश गुप्त महेश के संयोजन में स्माइलमैन सर्वेश अस्थाना व डॉ सुभाष गुरुदेव ने सृजन हिंदी सम्मान से रविन्द्र प्रतापगढ़ी को व सृजन उर्दू सम्मान से अज्म गोंडवी को सम्मानित किया गया। सम्मान के बाद निशा नवल की वाणी वंदना के साथ काव्य समारोह शुरू हुआ। अज्म गोंडवी ने गजल मसला नहीं है ये कि हुआ या नहीं हुआ पर जैसा तुमने कहा था वैसा नहीं हुआ, जब से लिया है इश्क के मकतब में दाखिला, वो है कशिश कि एक भी नागा नहीं हुआ को सुनाकर तालियां बटोरीं। इसके साथ सत्यदेव सिंह, डॉ रुद्रमणि, बलवंत सिंह, रश्मि शरद, दुर्गेश अवस्थी दिल्ली, सुभाष रसिया, पूजा श्रीवास्तव, शीला वर्मा मीरा, सच्चिदानंद तिवारी शलभ, महेश अस्थाना, गोपाल ठहाका, कैलाश पुंज, चंद्रदेव दीक्षित, खुशीराम बाजपेयी, मुकेश मिश्र, श्रीश दीक्षित, डॉ अवधी हरि, अखिल श्रीवास्तव, शकुंतला श्रीवास्तव, योगी योगेश शुक्ल, मनमोहन बारकोटी, भ्रमर बैसवारी, दिव्या शुक्ला, संतोष सिंह , अरविंद झा, पुष्पेंद्र प्रेमी, पं रवीश पांडेय, कुलदीप शुक्ल, अर्श लखनवी, अरविंद धवल,नेहा शिवम सक्सेना, डॉ सुरभि सिंह, सुनील मेहरोत्रा, राकेश बाजपेयी, उमा लखनवी व नरेंद्र सिंह आदि ने काव्य पाठ किया।

भाषा विवि में महिला समानता दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व व्याख्यान का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा महिला समानता दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, प्रेरणात्मक व्याख्यान एवं ट्रेजर हंट गतिविधि का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के बी.टेक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, जागरूकता और प्रेरणा को बढ़ावा देना रहा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के तीसरी मंज़िल स्थित हाइब्रिड हॉल में किया गया, जिसमें 24 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. शान-ए-फातिमा एवं डॉ. सायमा अलीम, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के स्वागत से हुई। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन डॉ. इफ़्फ़त अजीम, सहायक प्रोफेसर, बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, निदेशक, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (त्र्ङ्कएळ), की गरिमामयी उपस्थिति रही, तथा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. ममता शुक्ला, विभागाध्यक्ष, बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता के विजेता रहे प्रथम स्थानः सना सिद्दीकी (बी.टेक बायोटेक्नोलॉजी, द्वितीय वर्ष),द्वितीय स्थानः वाली अहमद (बी.टेक कंप्यूटर साइंस झ्र एआई एंड एमएल, प्रथम वर्ष), तृतीय स्थानः पलक सिंह (बी.टेक बायोटेक्नोलॉजी, तृतीय वर्ष) रहे। निर्णायकों एवं फैकल्टी सदस्यों ने महिला समानता एवं सशक्तिकरण के महत्व पर प्रभावशाली विचार साझा किए। कार्यक्रम का सह-समन्वयन डॉ. मनवेन्द्र सिंह, इंजी. धीरेंद्र सिंह, इंजी. शिवांशी त्रिपाठी, एवं इंजी. राशी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अंत में डॉ. इफ़्फ़त अजीम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। बी.टेक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के इंडक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत एक प्रेरणात्मक व्याख्यान भी आयोजित किया गया, जिसे प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर विनय कुमार सिंह मानेक द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने छात्रों को संवादात्मक प्रश्नों जैसे ह्लआपकी पांच साल की योजना क्या है ? और ऐसी कौन सी चीज है जो आपने अब तक लेक्चर हॉल में नहीं की, लेकिन अब कर सकते हैं के माध्यम से नवोन्मेषी सोच और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

संक्षेप

सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

बहराइच। वित्तीय वर्ष 2025-26 में फिट युवा फॉर विकसित भारत की थीम पर 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक जनपद में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव-2025 के सफल आयोजन हेतु विकास भवन सभागार में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद डॉ. गोंड ने कहा कि ह्यह्यसांसद खेल महोत्सवह्लह्ल का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राम, ब्लाक व तहसील स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं को खेल के प्रति उत्साहित किया जाय। ग्रामीण परिवेश में मेधा की कोई कमी नहीं है, परन्तु आवश्यकता इस बात की है कि छिपी हुई मेधा को पहचान कर उसे तराशा जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से अपेक्षा की कि शासन की मंशानुरूप सांसद खेल महोत्सव का प्रत्येक स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजित करें ताकि योजना के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके।सांसद डॉ. गोड़ ने बताया कि खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में आयोजित होने वाले सांसद खेल स्पर्धा का नाम ह्यसांसद खेल महोत्सवह्ल होगा। उन्होनें बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त 2025 को श्री मनसुख एल मांडविया मा. मंत्री केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार युवा और युवा खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा खिलाड़ियों का पंजीकरण हेतु एक यूनिफाइड डैशबोर्ड सांसद खेल महोत्सव 2025 डाट कॉम का शुभारम्भ किया जायेगा। सांसद खेल प्रतियोगिता में करने वाले खिलाड़ियों का पंजीकरण 29 अगस्त 2025 से शुरू हो जायेगा।

30 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र बांटे गये

जिला संवाददाता

कुशीनगर। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा लखनऊ में आयोजित मुख्य सेविकाओं का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्यमंत्री जी का लाइव प्रसारण कार्यक्रम देखने उपरांत जनपद के 30 मुख्य सेविकाओं में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधि गणों के साथ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।विधायक पडरौना मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मिशन रोजगार अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुधवार को लगभग ढाई हजार मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कर निरंतर महिलाओं के हक में कार्य किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के द्वारा लगातार जनपद में अभूतपूर्व विकास का कार्य किया जा रहा है,उन्होंने शिक्षा के ऊपर जोर देते हुए कहा कि जो संघर्ष करता है उसका मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है, कहा मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कर महिलाओं में खुशी की लहर लाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री का जिक्र करते हुए कहा कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, देश में आधी आबादी महिलाओं की है जगह जगह आंगनबाड़ी कार्यकताओं, समूहों के माध्यम से शिक्षक भर्ती के माध्यम से पुलिस भर्ती सहित अन्य माध्यमों से महिलाओं के उत्थान का कार्य किया जा रहा है, आज मोदी जी सोच है कि हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है उसी क्रम में ये आज कार्यक्रम एक पहल है। उन्होंने कहा कि आज प्राइवेट विद्यालयों में मॉडर्न शिक्षा प्रणाली संचालित है उसी क्रम में जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर किट का वितरण कर नौनिहालों को शिक्षा के प्रति जोड़ने का पहल किया जा रहा है।

- मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का देखा गया लाइव प्रसारण

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने इस अवसर पर कहा कि जनपद के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को शिक्षा के प्रति रुझान/डेवलप हेतु किट का वितरण किया जा रहा है, जनपद स्तर से लगभग 200 किट की व्यवस्था की जा रही है तथा और की व्यवस्था हेतु विभिन्न स्तर से प्रयास किए जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि एक किट में 16 आइटम रखा गया है जिसके अंतर्गत सायकिल, बब्बल, कुर्सी आदि है, उन्होंने कहा कि प्रयास किया जा रहा है कि जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक एक किट उपलब्ध कराया जाय, जिसे शीघ्र ही जन प्रतिनिधि गणों के सहयोग से पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं उसे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से स्टॉक पंजीकरण में अंकन अवश्य करा लिया जाय। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी एके दुबे द्वारा सभी अतिथियों के आभार प्रकट करते हुए कहा कि अभी 16 आंगनबाड़ी केंद्रों को किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा जिला प्रशासन एवं अन्य माध्यमों से लगभग 3 सौ कीट की व्यवस्था कर ली गई है। विधान सभावार मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण संबंधित विधायक एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री /जिलाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनंजय तिवारी द्वारा संपन्न किया गया। इस अवसर पर विधायक हाटा मोहन वर्मा, फाजिलनगर सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, रामकोला विनय प्रकाश गौंड, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राजेश्वर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल,संसद प्रतिनिधि, एमएलसी प्रतिनिधि, सहित अन्य जन प्रतिनिधि गण के साथ पीडी, व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

42 नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मानित

देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन, लखनऊ में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत चयनित 2425 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर का सीधा प्रसारण पूर्वाह्न 11 बजे से प्रदेश के सभी जनपदों में किया गया। जनपद देवरिया में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम्य विकास राज्यमंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी, जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय तथा विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजू मणि की उपस्थिति रही। देवरिया की 42 नवचयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र जनप्रतिनिधियों द्वारा वितरित किया गया। राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर संचालित कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नवचयनित मुख्य सेविकाएं सबसे गरीब व जरूरतमंद घरों के बच्चों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में पूरी तत्परता से कार्य करें। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली सेविकाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं लगन से करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने भी नवनियुक्त सेविकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को अपने बच्चों की तरह समझें और उन्हें बिना किसी भेदभाव के बेहतर सेवाएं प्रदान करें।

कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी आदीश मिश्रा, कौशल किशोर सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह, विश्वदीपक पाण्डेय (बाल विकास परियोजना अधिकारी), सुषमा दूबे, श्रीमती संगीता राय (प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी) सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं मुख्य सेविकाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का संचालन मत्स्य अधिकारी विजय कुमार मिश्र ने किया। अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा नवनियुक्त सेविकाओं को बधाई दी।

वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारे के बीच मां पार्वती एवं श्रीगणेश जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

भटनी(देवरिया)। स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम साहोपार के टोला महदेवा मे स्थित प्राचीन शिवस्थल के मन्दिर मे ग्रामवासियों एवं शिव सुरेन्द्र समिति के सहयोग से गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच माँ पार्वती एवं श्रीगणेश जी की मुर्ति का हुआ प्राण प्रतिष्ठा।गणेश चर्तुथी के दिन शिव मन्दिर मे पंडित पंकज पाण्डेय बैतालपुर बादल पाण्डेय जत ऊर बिहार निवासी के मंत्रोच्चारण के बीच जजमान संतोष कुमार द्वारा पूजन कराये जाने के बाद प्राण प्रतिष्ठा कार्य सम्पन्न हुआ।आरती मे भारी संख्या मे ग्रामीण शामिल हुए।मन्दिर मे माँ पार्वती एवं श्रीगणेश जी की मुर्ति नही लगी थी।शिव परिवार की मुर्ति स्थापित कर इस कमी पुरा किया गया।आयोजन समिति द्वारा सायंकाल एक भण्डारे का आयोजन किया गया।जिसमे ग्रामीणों ने बढ चढ कर भाग लिया।

इस अवसर पर रामबृक्ष सिंह विनोद सिंह कुदन छेदी कुशवाहा सुदामा कुशवाहा ओमप्रकाश सिंह रामविजय सिंह सत्यप्रकाश पाण्डेय पुजारी स्वामीनाथ गिरी हर्षवर्धन सिंह संजय सिंह अशोक सिंह विजय प्रताप सिंह के अलावे समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।शिवशंकर पार्वती श्रीगणेश के जयकारे से पुरा मन्दिर परिसर गुँज उठा।

एक देश एक चुनाव के लिए भाजपा ने युवाओं का किया आह्वान

देवरिया। एक देश एक चुनाव को लेकर सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में लखनऊ में होने वाले सम्मेलन में भाग लेने के लिए भाजपा कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में युवा छात्रों से संपर्क किया। संपर्क के दौरान जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है जब लोकतंत्र को अनावश्यक खर्च, बार-बार होने वाले चुनाव और राजनैतिक अस्थिरता की बेड़ियों से मुक्त किया जाए। आर्थिक नीतियों में निरन्तरता, व्यापार और रोजगार को गति देने के लिए एक देश-एक चुनाव समय की मांग है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए लोकमत तैयार करना है ताकि भारत को वैभवशाली और विकसित राष्ट्र बनाने की इस मुहिम में जनता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि गांव, गली, शहरों, खेत, खलिहानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों में चर्चा के साथ ही हमें बड़ी संख्या में युवाओं को भी जोड़ना है। इसके लिए विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, कॉचिंग सेंटर, लाइब्रेरी सहित सभी शिक्षण संस्थानों, खेल के मैदानों में पहुंचकर हमें युवाओं को जोड़ना है और एक राष्ट्र-एक चुनाव के विषय को लोकव्यापी बनाना है। इस दौरान भाजपा नेता डॉ विनय राव, अभिषेक राय अंकुर, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष राजन सोनकर, मंडल अध्यक्ष विजय पांडे, उमापति सिंह, मनीष मल्ल अक्षय प्रताप सिंह, जावेद आलम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रशासन को मिली खुली छूट, जेसीबी से तोड़वाया मकान

जिला संवाददाता

कुशीनगर। बीते 27 अगस्त को कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए प्रशासन द्वारा भलुही मदारी पट्टी में नौ मकानों को इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद मंगलवार को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई ने नौ परिवारों को बेघर कर दिया, जिनमें से कई भूमिहीन हैं और अब खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। प्रशासन ने दावा किया था कि भवन स्वामियों ने स्वतः अपने मकान हटा लिए और उन्हें आश्रय प्रदान किया गया, लेकिन धरातलीय हकीकत में यह बयान पूरी तरह गलत साबित हुआ है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि उन्हें न तो मकान का मुआवजा दिया गया और न ही पुनर्वास की कोई व्यवस्था की गई। यह घटना न केवल प्रशासनिक कार्रवाई की पारदर्शिता पर सवाल उठाती है, बल्कि प्रभावित परिवारों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का भी गंभीर मामला सामने लाती है।

क्या थी कानूनी लड़ाई

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य पिछले कुछ वर्षों से चल रहा है, जिसके लिए वर्ष 2020 में भलुही मदारी पट्टी में 30.14 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया। इस अधिग्रहण में नौ परिवारों के मकान शामिल थे, जो कई पीढ़ियों से इस जमीन पर बसे थे। प्रभावित भवन स्वामियों का कहना है कि उनकी जमीन को प्रशासन ने बंजर और अवैध निर्माण के रूप में चिह्नित किया, जबकि यह उनकी पुश्तैनी संपत्ति थी। इस अधिग्रहण के खिलाफ नौ परिवारों ने तहसील में मुकदमा दायर किया, जिसमें उन्होंने जमीन के मालिकाना हक और उचित मुआवजे की मांग की। हालांकि, तहसील कोर्ट ने उनके दावे को खारिज कर दिया। इसके बाद परिवारों ने जिलाधिकारी, कुशीनगर के समक्ष अपील दायर की, लेकिन वहां भी उनकी याचिका खारिज हो गई। अंततः, मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचा, जहां लंबी सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्रशासन के पक्ष में फैसला सुनाया और भवन स्वामियों की याचिका को खारिज करते हुए 21 दिन का समय दिया। हाईकोर्ट के इस फैसले ने प्रशासन को मकानों को हटाने की खुली छूट दे दी। प्रभावित परिवारों का कहना है कि उन्हें अपनी बात रखने का उचित अवसर नहीं दिया गया, और कोर्ट के फैसले के चौथे दिन मकान पर एक नोटिस टिपकते हुए 24 घंटे में खाली करने को कहा, और दूसरे दिन प्रशासन ने आनन-फानन में कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रशासन की कार्रवाई

हाईकोर्ट के फैसले के बाद मंगलवार को भलुही मदारी पट्टी गांव में प्रशासन ने भारी पुलिस बल, राजस्व टीम, और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों के साथ मकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की। प्रभावित परिवारों का आरोप है कि उन्हें इस कार्रवाई के लिए 24 घंटे पहले एक नोटिस कमान पर चिपका दी गई, जबकि हाईकोर्ट ने 21 दिन का समय अपने आदेश में दिया गया है, प्रशासन ने उन्हें सामान हटाने या वैकल्पिक व्यवस्था करने तक का समय नहीं दिया गया। सुबह के समय शुरू हुई इस कार्रवाई में मकानों को तेजी से तोड़ा गया, जिसके कारण परिवारों के पास अपने सामान को बचाने का भी मौका नहीं मिला। प्रभावित परिवारों में छोटे बच्चे, महिलाएं, और बुजुर्ग शामिल हैं, जो अब सड़क पर रहने को मजबूर हैं। बारिश के मौसम में इन परिवारों की स्थिति और भी दयनीय हो गई है, क्योंकि उनके पास न तो छत है और न ही कोई अन्य आश्रय। प्रभावित भवन स्वामी अम्बरीष श्रीवास्तव, बनारसी प्रजापति, चौखट प्रजापति, भकोल प्रजापति, सिंहासन प्रजापति, नागेन्द्र लाल, बच्चन प्रजापति, रामायण गोड, ने बताया, ह्लहमारी कई पीढ़ियां इस जमीन पर रहीं। प्रशासन ने हमें अवैध बता दिया, लेकिन हमारा मकान हमारी जिंदगी का आधार था। अब हमारे पास कुछ नहीं बचा। न मुआवजा, न जमीन, और न ही कोई मदद।ह्व

प्रशासन का गलत बयान

प्रशासन ने सूचना विभाग के माध्यम से दावा किया था कि भवन स्वामियों ने स्वयं अपने मकान हटाए और उन्हें वैकल्पिक आश्रय प्रदान किया गया। हालांकि, जब इस दावे की धरातलीय हकीकत जांची गई, तो यह पूरी तरह गलत साबित हुआ। प्रभावित परिवारों का कहना है कि उन्हें कोई आश्रय नहीं दिया गया, और न ही पुनर्वास के लिए कोई योजना बनाई गई। कुछ परिवारों ने बताया कि वे पूरी रात खुले आसमान के नीचे सड़क पर सोने को मजबूर रहे। विशेष रूप से भूमिहीन परिवारों की स्थिति अत्यंत दयनीय है, क्योंकि उनके पास न तो कोई अन्य संपत्ति है और न ही कोई आर्थिक संसाधन। एक अन्य प्रभावित, इंदु देवी ने रोते हुए कहा, ह्लहमारे पास न खाने को कुछ है, न रहने को छत। बारिश में बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ता। हमें बताया गया कि यह विकास के लिए जरूरी है, लेकिन क्या हमारा जीवन विकास का हिस्सा नहीं है?ह्व

मानवाधिकारों पर सवाल

प्रशासन की इस कार्रवाई ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी विकास परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण से पहले प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा और पुनर्वास सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है। भारत में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 एलएआरआर अधिनियम के तहत यह अनिवार्य है कि प्रभावित परिवारों को न केवल मुआवजा दिया जाए, बल्कि उनकी आजीविका और आवास की वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाए।

हालांकि, कुशीनगर के इस मामले में प्रभावित परिवारों को न तो मुआवजा दिया गया और न ही पुनर्वास की कोई व्यवस्था की गई। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ने इस कार्रवाई को ह्लअमानवीयह्व करार देते हुए कहा, ह्लप्रशासन ने न केवल कानून का उल्लंघन किया है, बल्कि इन परिवारों के मूलभूत मानवाधिकारों को भी कुचला है। विकास के नाम पर गरीबों को बेघर करना कहां का न्याय है?

प्रभावित परिवारों की मांग

प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजा और पुनर्वास की मांग की है। परिवारों ने यह भी मांग की है कि बारिश के मौसम को देखते हुए उन्हें तत्काल अस्थायी आश्रय प्रदान किया जाए, ताकि उनके बच्चे और बुजुर्ग सुरक्षित रह सकें।

इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूचना विभाग के माध्यम से पहले दिया गया बयान गलत साबित होने के बाद प्रशासन ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि जब उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की, तो उन्हें कोई ठोस जवाब नहीं मिला। कुशीनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण परियोजना, जो क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, ने नौ परिवारों के जीवन को पूरी तरह उजाड़ दिया है। प्रशासन की इस कार्रवाई ने न केवल इन परिवारों को बेघर किया, बल्कि विकास के नाम पर गरीबों के प्रति असंवेदनशीलता को भी उजागर किया है। यह मामला एक बार फिर यह सवाल उठाता है कि क्या विकास का मतलब कुछ लोगों की जिंदगी को तबाह करना है? प्रभावित परिवार अब भी न्याय की उम्मीद में हैं, लेकिन प्रशासन की चुप्पी और उनकी बेसहारा स्थिति इस उम्मीद को धूमिल कर रही है।

- एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लेकर 2020 में भलुही मदारी पट्टी में 30.14 एकड़ जमीन का किया गया अधिग्रहण।
- भवनस्वामी परिवार सड़क पर सोने को मजबूर, सूचना विभाग के माध्यम से प्रशासन का बयान गलत हुआ साबित।
- हाईकोर्ट का आदेश

स्वामी पागलदास मार्ग का नाम बदलने से आक्रोश

अयोध्या। नगर निगम अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने प्रमोदवन मुहल्ले में आयोजित लोकार्पण समारोह में अंतर्राष्ट्रीय पखावज वादक व अयोध्या नगर की महान विभूति स्मृतिशेष स्वामी राम शंकर दास उर्फ. पागल दास की स्मृति में सन1998-99 के दौरान तत्कालीन सांसद विनय कटियार व विधायक लल्लू सिंह ने स्वर्गीय महन्त मनमोहन दास, नागा रामकुमार सहित अन्य लोगों की मौजूदगी में प्रमोद वन स्थित बड़ी कुटिया के बगल से निमोर्ही बाजार (रामघाट)जाने वाली इस सड़क का नामकरण स्वामी पागलदास मार्ग किया था जिसका शिलापट भी लगाया गया था बाद वह शिलापट कहीं गायब हो गया।

बड़ी कुटिया से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्वामी पागलदास जी का साधना स्थल स्थित है जहां वे शुरू से ही निवास करते हुए अपनी साधना में लीन रहते थे।

वे बच्चों को पखावज वादन की शिक्षा भी देते रहे। वर्तमान में साधना स्थल के मुखिया व स्वामी पागलदास जी के शिष्य अजयराम दास ने बताया कि गुरू जी की जयंती और पुण्यतिथि पर हर साल बहुत भव्य संगीत समारोह आयोजित होते हैं जिसमें दूर दूर से संगीत कलाकार आकर अपनी कला की प्रस्तुति करते हैं। इसी कड़ी में इस साल भी जनवरी माह में आयोजित भव्य संगीत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी जी को आमंत्रित किया गया था।

पीएनबी सरकारी योजनाओं के साथ मिलकर देश की प्रगति में दे रहा योगदानः दीपक सिंह

बरहज,देवरिया। नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के नवीनीकृत शाखा का उद्घाटन करते हुए अंचल प्रबंधक दीपक सिंह ने कहा कि बैंक का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों की पूर्ण संतुष्टि है।बरहज शाखा सभी सुविधाओं से लैस है। निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर है। बैंक सरकारी योजनाओं के साथ मिलकर देश की प्रगति में योगदान दे रहा है। पंजाब नेशनल बैंक एक लाख से अधिक कर्मचारियों के माध्यम से 17 करोड़ ग्राहकों को सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य पंजाब नेशनल बैंक सामाजिक सुरक्षा एवं वित्तीय समावेशन कैंप का आयोजन कर लोगों को जागरुक कर रहा है। लोगों को बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, तथा अटल पेंशन योजना के लाभ व विशेषताओं की जानकारी दी। मंडल प्रमुख अमित कुमार ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाएं केवल आर्थिक सुरक्षा ही नहीं बल्कि यह आत्मविश्वास और भविष्य के प्रति आश्वासन प्रदान करती है। सेना, पुलिस अग्निवीर और पेंशनर्स के लिए पीएनबी रक्षक स्कीम के तहत नई योजना में 50 लाख से 1.5 करोड़ तक की बीमा राशि का प्रावधान है। विभिन्न श्रेणियां में अधिकतम 2.5 करोड़ तक की बीमा राशि का लाभ एवं कई आकर्षक सुविधा प्रदान की जाती है। बैंक का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों की पूर्ण संतुष्टि है। हमारा बैंक निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर है। नई योजनाओं के साथ ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। शाखा प्रबंधक सत्यवीर दुबे ने बरहज शाखा के क्रियाकलापों और उपलब्धियां के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान रमेश यादव, मुन्ना तिवारी, राजीव मिश्र, चित्रसेन शुक्ल, सुभाष पाठक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्त,पुनीत श्रीवास्तव मुख्य प्रबंधक, सागर राजेश सिंह उप शाखा प्रबंधक, लक्ष्मी नारायण उप मंडल प्रमुख , हिमांशु भारती मुख्य प्रबंधक, राजेश कुमार चौधरी प्रधान खजांची, गोरख कुमार सहायक खजांची, शशांक पांडेय, अजय कुमार , बैंक सहायक मित्र शैलेश कुमार गुप्ता, गोलू जायसवाल, सोनू कुमार, हिमांशु पांडेय , अजय यादव, चंद्र प्रकाश मौजूद रहे।

पुलिस ने चलाया बैंक चेकिंग अभियान

देवरिया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में बुधवार को समस्त थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों द्वारा टीम बनाकर जिले के विभिन्न बैंकों, ग्राहक सेवा केंद्रों, ए.टी.एम. और पेट्रोल पंपों की सघन चेकिंग की गयी। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर अपराधों की रोकथाम, कानून व्यवस्था को बनाए रखना, और नागरिकों के बीच सुरक्षा का अहसास बढ़ाना रहा। अभियान के तहत थाना रामपुर कारखाना के उ.नि. अभिषेक कुमार यादव मय पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले विभिन्न बैंकों और ए.टी.एम. के आसपास चेकिंग की गयी। अभियान में पुलिस ने विशेष ध्यान केंद्रित किया कि बैंक और ए.टी.एम. के आसपास किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियाँ न हों। इसके साथ ही बैंक परिसर में सुरक्षा गाड्र्स और सीसीटीवी कैमरे ठीक से कार्य कर रहे है। इसी क्रम में अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले बैंको, ए.टी.एम. और ग्राहक सेवा केंद्रों के साथ-साथ पेट्रोल पंपों की चेकिंग की गई। अभियान में पुलिस ने विशेष ध्यान केंद्रित किया कि बैंक और ए.टी.एम. के आसपास किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियाँ न हों। इसके साथ ही बैंक परिसर में सुरक्षा गाड्र्स और सीसीटीवी कैमरे ठीक से कार्य कर रहे है कि नही इसकी भी चेकिंग की गयी।

जनपद के 63 उर्वरक बिक्री केंद्रों पर भेजी गयी 10 हजार बोरी यूरिया

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 3772 मैट्रिक टन यूरिया, 5286 मैट्रिक टन डीएपी, 2777 मैट्रिक टन एनपीके एवं 12008 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक जनपद में 57739 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है। गत मंगलवार को जिले में 461 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि कल जनपद को 4200 बोरी यूरिया उर्वरक गोंडा रैक पॉइंट से प्राप्त होगी जिसे तत्काल सभी उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों पर भेजा जाएगा।

मानसिक दिव्यांगजनों के लिए आश्रय गृह एवं प्रशिक्षण केन्द्र संचालन के लिए अनुदान प्रस्ताव आमंत्रित

देवरिया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्रीमती प्रियंका चौधरी ने बताया कि जनपद में इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं, जो निःशक्तजन (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के अन्तर्गत पंजीकृत हैं तथा मानसिक मंदिता के क्षेत्र में अनुभव एवं योजना हेतु आवश्यक पात्रता रखती हैं, अपने अनुदान प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकती हैं।

उन्होंने बताया कि ऐसे संस्थान, जो मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन हेतु आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र अथवा मानसिक चिकित्सालय/आश्रय गृह से उपचारित एवं स्वस्थ हुए बेघर व्यक्तियों के लिए हॉफ-वे होम/लॉन्ग-स्टे होम का संचालन करना चाहते हैं, वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपने अनुदान प्रस्ताव तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, देवरिया कार्यालय में उपलब्ध कराएं।

उपनिदेशक ने किया भटनी मदरसे का निरीक्षण

भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर के मदरसा मकतब जामिया इस्लामिया कादरिया दारूल उलूम में बिनोद कुमार जायसवाल उपनिदेशक अल्पसंख्यक कल्याण गोरखपुर मण्डल गोरखपुर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक द्वारा मदरसे के छात्र छात्राओं का एक एक कर बौद्धिक परीक्षण भी किया गया। मदरसे की शिक्षण व्यवस्था से खुश होकर प्रत्येक छात्र छात्राओं को पेंसिल व रबर से पुरस्कृत भी किया गया। जिस दौरान उपनिदेशक ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मदरसे में सरकार द्वारा सभी विषयों पर शिक्षा दिया जा रहा है। प्रत्येक बच्चों को मेहनत कर आगे की पढ़ाई पूरी लगन से करनी होगी ताकि आने वाले परीक्षा मे उत्कृष्ट अंको के साथ आपको सफलता प्राप्त हो। निरीक्षण के दौरान मनोज कुमार राय वक्फ निरीक्षक व मदरसे के प्रबन्धक रोशन जमीर प्रधानाचार्य दिलशाद अहमद सहित समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाएं सहित छात्र छात्रायें मौजूद रही।

चीनी मिल चलाने के लिए धरना जारी

देवरिया। बैतालपुर चीनी मिल सहित अन्य मांगों के समर्थन में चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति तथा संयुक्त महा मोर्चा के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट परिसर में चलाया जा रहा धरना बुधवार को 245 दिन भी जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि देश में सर्वाधिक चीनी मिल वाला जिला देवरिया आज अपने एक अदत चीनी मिल के लिए तरस रहा है। जहां कभी 14 चीनी मील हुआ करती थी। मगर बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए ही बेची गई थी। चीनी मिल नही चल पाया। इस दौरान अवधेश मणि त्रिपाठी, धर्मेंद्र पांडे, मनोज कुमार त्रिपाठी, मिर्जा खुर्शीद अहमद, रत्नेश मिश्रा, राज बसंत विश्वकर्मा, हारून रशीद, बरकत अली, मंजू चौहान, जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

दहेज हत्या के प्रकरण में वांछित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

देवरिया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम के लिए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर हरिराम यादव द्वारा विवेचनाधीन थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 280/2025 धारा 80, 85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त रंजीत कुमार पुत्र दीनानाथ प्रसाद निवासी ग्राम चिलवन मोहान थाना रूद्रपुर को मुखबिर की सूचना पर पूर्वी बाईपास, रुद्रपुर के पास से गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। मालूम हो कि 28 जुलाई को वादिनी श्रीमती सुनीता देवी निवासिनी सेखौना थाना महुआडीह ने थाना रूद्रपुर पर तहरीरी सूचना देकर अवगत कराया गया कि उनकी पुत्री पूजा जिसकी शादी धर्मवीर पुत्र दीनानाथ चिलवन मोहान, थाना रूद्रपुर जनपद देवरिया से हुई थी को उसके पति व ससुरालवालों द्वारा दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करते हुए हत्या कर दी गयी। उक्त सूचना पर थाना रूद्रपुर पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 280/2025 धारा 80, 85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विवेचना क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर द्वारा की जा रही है। विवेचना के दौरान उक्त अभियोग में संबंधित अभियुक्तों धर्मवीर पुत्र दीनानाथ प्रसाद और रणवीर पुत्र दीनानाथ प्रसाद चिलवन मोहान थाना रूद्रपुर जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

शेष एक वांछित अभियुक्ता गुचकी पुत्री दीनानाथ साकिन उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम लगी हुई है। जिसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. श्रीनिवास यादव और अजय कन्नौजिया शामिल रहे।

संक्षेप

ट्रेन से कटकर मौत

सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के सिंहपुर मोड़ के सामने रेलवे ट्रैक पर मंगलवार की देर रात एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की कार्रवाई शुरू की। लेकिन मृतक की पहचान न हो पाने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, सीतापुर से लखनऊ की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन संख्या 55088 जब सिंहपुर मोड़ से गुजरी, उसी दौरान यह हादसा हुआ। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

युवक ने दी जान

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र में पत्नी से अलग रह रहे युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार गोविंदापुर गांव निवासी अजय पाल 27 वर्ष पुत्र गुरु प्रसाद बीते चार वर्षों से पत्नी से अलग रह रहा था। दंपत्ति के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद के कारण पत्नी मायके में ही रह रही थी। बताया जाता है कि पत्नी से अलगाव के कारण अजय मानसिक तनाव में रहने लगा था। इसी व्यथा और अवसाद में आकर उसने खेतों में डालने वाली जहरीली दवा का सेवन कर लिया। जहरीली दवा खाने के बाद अजय की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों और भाई इंद्रपाल ने जब स्थिति गंभीर देखी तो आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया लेकिन प्रयासों के बावजूद अजय को बचाया नहीं जा सका और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

गणपति बप्पा मोरया की धुन पर भक्तों ने जयकारे लगाये

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। तहसील बीघापुर क्षेत्र गणेश भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। गणेश चतुर्थी के पर्व पर पाटन, धमनीखेड़ा, परसंडा, मलौना, बिहार, हुलासीखेड़ा, सुमेरपुर और भगवंतनगर सहित अनेक गांवों व कस्बों में श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से गणपति बप्पा की प्रतिमाओं की स्थापना की। सुबह से ही पूजा-अर्चना का दौर चला और शाम ढलते ही पंडालों में भीड़ उमड़ पड़ी। ढोल-नगाड़ों की थाप और घंटा घड़ियारों की धुन के बीच गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। जगह-जगह बने आकर्षक पंडालों और रोशनी से सजी गलियों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। महिलाएं मंगलगीतों में लीन दिखीं तो बच्चे उल्लास के साथ आयोजन का हिस्सा बने। आयोजन समितियों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह-शाम गणेश आरती और भजन-कीर्तन होंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे जिनमें स्थानीय कलाकारों और बच्चों की भागीदारी रहेगी। श्रद्धालु गणपति के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और समाज की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। प्रतिमाओं का विसर्जन शोभायात्रा और धूमधाम के साथ संपन्न होगा। गणेश उत्सव ने पूरे बीघापुर तहसील क्षेत्र को आस्था, उत्साह और भाईचारे के रंग में रंग दिया है।

किसानों ने देखा शव पुलिस को दी सूचना

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरधाई के काली बाबा मंदिर के समीप स्थित तालाब में आज सुबह कृषकों ने एक शव उतराते देखा, तालाब में शव उतराते की खबर आग की तरह फैल गई, आस पास के गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों द्वारा गई सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच, शव को पानी से बाहर निकलवाया। वहीं तालाब पर मौजूद ग्राम सरहा मजरा सरहा सकतपुर निवासी रामखेलावन एवं उनकी पत्नी जयश्री ने शव की पहचान अपनी पुत्री सोनम 19 वर्ष के रूप में की। थाना पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोनम दो बहन एवं एक भाई में सबसे बड़ी थी। सोनम की मौत के बाद से मां जयश्री बहन सोनाली एवं भाई कृष्णा सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मृतका के शरीर पर कोई चोट नजर नहीं आ रही है। मौत की वजह की पुष्टि के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सर्विलांस टीम को भी लगाया गया है। परिजनों और आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

बाघ और पग चिन्ह देख ग्रामीणों में दहशत

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। बिसवां रेंज के तालगांव थाना क्षेत्र इलाके में मंगलवार की रात अपने कार्य से लौट रहे ग्रामीण ने बड़ी पुलिया पर बाघ देखा। मोटर साइकिल से लौट रहे ग्रामीणों का दो मीटर की दूरी से बाघ का सामना हो गया। इतनी करीब से बाघ देख सभी की रूह कांप गई और रोंगटे खड़े हो गए। अचानक आहट पाकर पुलिया से छलांग लगा गन्ने के खेत में छिप गया। उसके पग चिन्ह भी ग्रामीणों ने देखें है। जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत बनी है। वन विभाग का कहना है कि पग चिन्ह एक्सपर्ट को भेजे गए है। महराजनगर से कोंसर मार्ग के सरीखपुर बड़ी पुलिया पर बाघ देखें जाना का ग्रामीणों ने दावा किया है। कुछ लोगों का कहना की तेंदुआ भी देखा है।

मंगलवार की रात करीब 7.30 बजे सकरन के भिठमनी निवासी विकाश कटियार अपने दो साथियों के साथ कोंसर से दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। बड़ी पुलिया पर बाघ बैठा देखा। अचानक बाइक के हॉर्न की आवाज सुन वह पुलिया से गन्ने के खेत की तरफ छलांग लगा दी और छिप गया। सभी के रोंगटे खड़े हो गए। शोर मचाते हुए बाइक से भागे। कुछ दूरी पर जाकर आस पास के लोगों को फोन कर आप बीती बताई। विकास का दावा है कि उसने बाघ देखा है। उनके और बाघ के बीच का फासला दो मीटर का था। देख कर उनकी रूह कांप गई और रोंगटे खड़े हो गए। उन्होंने बताया उसकी बड़ी बड़ी मूंछें थी। शरीर पर बड़े बाल और नाखून भी थे। हॉर्न की आवाज पर बाघ ने पुलिया से छलांग लगा दी। शोर सुनकर गौरिया और सरीखपुर के ग्रामीण मोटरसाइकिल से लाठी डंडे लेकर पुलिया पर पहुंच गए। पता चला कि सरीखपुर निवासी बबलू और गौरिया निवासी अतुल ने भी उसे देखें जाने का दावा किया। बताया कि पुलिया पर बैठा था गन्ने के खेत में उसने छिपते देखा। देखते ही उनकी हालत बिगड़ गई। अतुल खेत देखने पैदल गए थे। देखते ही उनके रोंगटे खड़े हो गए। खेते में गिरते हुए किसी तरह गांव पहुंचे। ग्रामीणों को आप बीती बताई। गांव के लोग इकठ्ठा हुए और मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे तक लोग लाठी डंडे और टार्च लेकर घटना स्थल पर बने रहें तब तक वन विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। दबी जुबान विभागीय अधिकारी बाघ और तेंदुआ होने की बात कह रहे है। रेंजर अहमद कमाल सिद्दीकी का कहना है कि बाघ है या फिर तेंदुआ अभी कुछ कहना मुश्किल है। पग चिन्ह एक्सपर्ट को भेज दिए गए है।

बाघ मवेशी को बनाया निवाला

महोली/सीतापुर। महोली वन रेंज के बंजरिया गांव में बीती रात बाघ ने एक मवेशी का शिकार किया है। बंजरिया निवासी शिववीर सिंह ने बताया कि बीती रात उनकी गाय घर के बाहर बधी हुई थी। सुबह गायब मिली। तलाश करने पर उसका पता नहीं चला। बुधवार दोपहर खेतों में घास लेने गए ग्रामीणों ने गांव से 500 मीटर दूर विमलेश के खेत में उसका क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। ग्रामीण वन विभागों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के डिप्टी रेंजर जहीर खान ने शव का पीएम कराया है।

सम्मान समारोह का आयोजन

सीतापुर। नगर पंचायत सिधौली में बुधवार एक गेस्ट हाउस में सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम एवं अधिशासी अधिकारी सुश्री रेणुका यादव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी पवन सिंह चैहान व सिधौली मनीष रावत उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों के जनप्रतिनिधियों को सफाई व्यवस्था में सहयोग हेतु अंगवस्त्र और पेंटिंग देकर सम्मानित किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव कुमार यादव को स्वच्छ भारत मिशन संबंधी कार्यों के लिए तथा सदस्य प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार (गुरु) को कान्हा गौशाला में गौवंश संरक्षण हेतु विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। सफाई नायक अमन कुमार, कार्यालय सहायक वीरेन्द्र कुमार और सफाई मित्र आकाश कुमार को सोर्स सेग्रीगेशन व होम कम्पोस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कृत किया गया। साथ ही नगर की स्वच्छता, निराश्रित गौवंश संरक्षण, कूड़ा प्रबंधन व तकनीकी सहयोग में योगदान देने वाले ड्राइवरों, लिपिकों, कर्मचारियों तथा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष का डीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष एवं वी0वी0 पैट भण्डारण कक्ष (वेयर हाउस का वाह्य निरीक्षण) का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे की जांच टी0वी0 स्क्रीन पर देखी एवं साफ-सफाई के निर्देश भी दिये।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

सात दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ

जिला संवाददाता(vol)

नवाबगंज, उन्नाव (वीओएल)। सरस्वती मेडिकल कॉलेज प्रांगण में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर देश के विभिन्न कोनों से अध्ययन के लिए आए मेडिकल छात्रों द्वारा बड़े ही श्रद्धा भाव एवं उत्साह के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की सात दिवसीय स्थापना की गई।

इस शुभ आयोजन का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव द्वारा विधिवत पूजन के साथ किया गया। संस्थान परिसर में भक्ति, सांस्कृतिक चेतना और सौहार्द्र का वातावरण बना रहा। छात्र-छात्राओं में विशेष उल्लास देखा गया, वहीं संस्थान के चिकित्सक शिक्षकों एवं समस्त कर्मियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाकर इस गणेश उत्सव को भव्य और प्रेरणादायक रूप प्रदान किया। इस आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के साथ सहभागिता की, जिससे यह उत्सव एक राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बन गया। सभी ने बप्पा मोरया के जयघोष के साथ सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि संस्थान में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है।

किसान मोर्चा ने अवैध प्लाटिंग को लेकर सौंपा ज्ञापन

सीतापुर। आबादी की जमीन पर अवैध प्लाटिंग कर करोड़ों की लूट का मामला अब गरमाता जा रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंडर सिंह सिद्धू ने जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर अवैध कब्जे और प्लाटिंग रोकने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मोहल्ला हेमपुरवा में गल्ला मंडी के सामने भू-माफिया अंकित दास, गौरव गुप्ता सहित कई लोग अवैध प्लाटिंग कर भोले-भाले लोगों से करोड़ों रुपए वसूल रहे हैं। जबकि सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि सरकारी जमीन या आबादी की जमीन पर बिना अनुमति प्लाटिंग करने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। संयोजक ने कहा कि पूर्व में डॉ. सुनील प्रजापति समेत कई लोगों ने इस अवैध प्लाटिंग को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई लेकिन प्रशासन मौन है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि महज 15 दिन पहले कोतवाली देहात क्षेत्र के उत्तम सिंह को आबादी की जमीन बेचने पर जेल भेजा गया तो फिर सुशील, सुनील और अरुण मुरारका समेत अन्य पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। ज्ञापन में हल्का लेखपाल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि जिन जमीनों पर प्लाटिंग हो रही है। वहां कूट रचित अभिलेख तैयार कर फर्जी तरीके से पैतृक संपत्ति बताकर बेचा जा रहा है। जबकि हकीकत यह है कि वह जमीन आबादी दर्ज है। संयुक्त किसान मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की। तो संगठन लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास तक पदयात्रा करेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

नगर में गणेश मूर्ति की हुई स्थापना

शुक्लागंज, (वीओएल)। नगर में गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर लोगो ने गणेश मूर्ति की स्थापना की। बप्पा को घरों में व पंडालों में बड़े हर्षोंउल्लास व धूम धाम से विराजमान किया गया इसी क्रम गंगाघाट के गंगानगर में पुरानी वाली नवयुवक गणेश सेवा समिति द्वारा 11 वाँ गणेश महोत्सव की स्थापना की गई। जिसमें विघ्नहर्ता गणेश की पूजा अर्चना की गई और लोगों के कल्याण की कामना की गई। गणेश भगवान को ज्ञान, समृद्धि और विघ्नहर्ता कहा जाता है साथ ही कई नाम से जाना जाता है। कहते है गणेश जी की पूजा से सुख समृद्धि आती है और लोगों को उनके कष्टों से मुक्ति मिलती है। इसीलिए अब ज्यादातर लोगों बप्पा को घरों में भी करने लगे है ताकि बप्पा उनके कष्टों को दूर कर करें। सचिन बाजपेयी, रिंकू मिश्रा व समिति के सदस्यों द्वारा पिछले कई वर्षों से पुरानी वाली नवयुवक गणेश सेवा सीमित गंगा नगर में ये आयोजन किया जा रहा है।

सर्वर डाउन होने से ऑनलाइन पर्चे नहीं बने, मैनुअल बनाये

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव, (वीओएल)। सर्वर डाउन होने से बुधवार को जिला अस्पताल में ऑनलाइन पर्चे नहीं बनाए गए। पर्चा बनाने में देरी होने पर मरीजों ने शोरशराबा कर रोष जताया। उधर ओपीडी में वायरल फीवर, सांस लेने में परेशानी से मरीजों की भीड़ रही। जिससे अफरातफरी का माहौल रहा।

बुधवार को जिला अस्पताल में सुबह आठ बजे से ही पर्चा काउंटर पर मरीजों की लंबी लाइन लग गई थी। सर्वर डाउन होने पर आनलाइन पर्चा बनाने में समस्या आ गई। इससे मरीजों के मैनुअल पर्चे बनाए गए। पर्चा बनाने में देरी होने पर लाइन में लगे मरीजों ने शोरशराबा शुरू कर दिया। ओपीडी में 1864 मरीज पहुंचे जिनमें 719 बच्चे भी शामिल रहे बालरोग विशेषज्ञ डॉ अमित श्रीवास्तव और फिजिशियन डॉ कौशलेंद्र प्रकाश ने कहा कि मौसम परिवर्तन होने की वजह से वायरल फीवर, पेट संबंधी बीमारियों वा सांस के मरीज अधिक आ रहे हैं। ओपीडी में भीड़ के कारण अफरातफरी का माहौल रहा।

बोले जिम्मेदार

सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता ने बताया सर्वर समस्या आने पर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए मैनुअल पर्चे बनने लगे थे।

टॉपर विद्यार्थियों को प्रबंधक ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। कमलापुर क्षेत्र के राजा बहादुर डॉ सूर्य बख्श सिंह इंटर कालेज कमलापुर के प्रबंधक कसमंडा स्टेट के राजा दिव्यकर प्रताप सिंह का मंगलवार को विद्यालय में आगमन हुआ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त उपस्थित शिक्षकों शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों ने अपने प्रबंधक का स्वागत अभिनन्दन किया। तदोपरांत राजा साहब ने सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षा 2025 के कक्षा 10 एवं 12 के समस्त वर्गों के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन करके भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया। विद्यालय प्रबंधक राजा साहब ने विद्यालय का निरीक्षण किया और पिछले सत्र से अद्यतन कराए गए कार्यों को देख कर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही प्रधानाचार्य एवं अन्य शिक्षकों कर्मियों से भविष्य में विद्यालय की उन्नति हेतु किए जाने वाले समस्त कार्यों प्रयासों पर गहन चर्चा की। प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि संस्था की उन्नति हेतु एवं छात्रहित में शासन की मंशानुरूप कार्य जारी रहने चाहिए और आश्वस्त किया कि इन कार्यों को संपादित करने में उनके स्तर से जो सहयोग अपेक्षित है। उसके लिए वह हर समय तैयार हैं। कार्यक्रम में हिंदी शिक्षक डॉ आशुतोष मिश्र ने विद्यालय में आयोजित, संचालित होने वाली गतिविधियों एवं विद्यालय प्रशासन के प्रयासों, उनके परिणामों के बारे में संक्षेप में अवगत कराते हुए राजा साहब को आश्वस्त किया कि कसमंडा स्टेट के प्रातः स्मरणीय स्वर्गीय राजा दिनेश प्रताप सिंह ने इस संस्था को संस्थापित करते हुए जो स्वप्न देखा था। जो उनका उद्देश्य था वो स्वप्न और उद्देश्य हम पूरा करके दिखाएंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य साकिब जमाल अंसारी ने राजा साहब के विद्यालय आगमन पर उनको विद्यालय परिवार की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।

मोटेश्वर महादेव मंदिर स्थित पार्क में गणेश महोत्सव का आयोजन

सफीपुर, उन्नाव (वीओएल)। स्थानीय मोटेश्वर महादेव मंदिर स्थित बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में सफीपुर के राजा विघ्नहर्ता सिद्धविनायक गजानन जी महाराज का आगमन हो चुका है। 17 वर्ष पूर्व नगर के निवासी अप्रवासी भारतीय दीपक विमल एवं राम सजीवन विमल व उनके सहयोगियों द्वारा शुरू किया गया।

श्री गणेश महोत्सव प्रति वर्ष नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विधायक बंबालाल दिवाकर के संरक्षण वाली सार्वजनिक श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति सफीपुर के तत्वाधान में नगर एवम क्षेत्र में यह गणेश महोत्सव अपनी भव्यता एवम दिव्यता की नई पहिचान बना चुका है। 1सितंबर तक चलने वाले इस श्री गणेश महोत्सव में प्रति दिन नई नई आकर्षक झांकियां, जागरण, एवम सुंदर काण्ड जैसे धार्मिक प्रयोजन होंगे..आज से शुरू महोत्सव के प्रथम दिवस श्रद्धालु जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विधि विधान से गणेश जी का पूजन अर्चन कर महोत्सव का शुभारंभ किया। आयोजन समिति के राम सजीवन विमल, आशीष विमल ने सभी का अभिनंदन किया। वरिष्ठ पत्रकार कमलेश गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह नान्हा, अनुज दीक्षित, अनुराग तिवारी, सिद्धार्थ दीक्षित, राहुल, अजय सिंह, सोनू श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह, संजय, विक्रम, अनुज गौड़, उमेश सिंह, धर्मेंद्र मौर्य, धर्मेंद्र सिंह आदि पत्रकार मौजूद रहे।

पांच लोगों पर हत्या कर शव लटकने के आरोप में केस दर्ज

सीतापुर। सदरपुर थाना इलाके में एक किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी का शव दिबियापुर तालाब के किनारे पेड़ से लटकता हुआ मिला। जानकारी के अनुसार कमरिया नानकारी गांव निवासी रंजीत 28 वर्ष पुत्र सुरेश लखनऊ में रहकर मेहनत-मजदूरी करता था। परिजनों का आरोप है कि रंजीत की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है। मृतक के पिता सुरेश ने गांव के ही तीन युवकों प्रदीप, दिलीप और बबलू पर पुराने विवाद के चलते हत्या करने और फंदे से लटकाने का गंभीर आरोप लगाया। मृतक युवक ने इन तीन युवकों पर जान से मारने की धमकी देने की बात ऑडियो में रिकॉर्ड कर भेजी थी। पुलिस ऑडियो के सहारे छानबीन में जुटी हुई है। आरोप लगाते हुए परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों ने साफ कहा कि जब तक आरोपितों पर कार्रवाई नहीं होगी तब तक वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत की और उन्हें शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने मृतक परिवार की तहरीर के आधार पर आरोपित युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन मान गए और हंगामा खत्म कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार का कहना है कि मृतक के खिलाफ बीती 22 अगस्त को नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप लगाया था। जिसके बाद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर थी है।

श्री गणेश महोत्सव धूमधाम से शुरू

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर व क्षेत्र में बुधवार से श्री गणेश महोत्सव का आयोजन धूमधाम से प्रारम्भ हुआ। गढ़ी मोहल्ले में महेश कुमार, अंकित, करन, शुभम, शास्त्री नगर में काली मिट्टी शिवराज पुर मार्ग पर रामदास, ऊगू में हर्ष शुक्ला आदि ने पांडाल सजाकर गजानन को धूमधाम से विराजमान किया और पूजा अर्चना कर भक्तिभाव से आह्वाहन किया। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणेशोत्सव में कीर्तन भजन का आयोजन शुरू किया गया है जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग पहुंच कर पूजा अर्चना कर रहे हैं।

उत्तम चंद्र के बयान पर पुरवा विधायक का पलटवार

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। मौरावां में पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा विधायक अनिल सिंह ने उत्तम चंद्र लोधी के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। गुलरिहा में देर शाम विधायक ने कहा उत्तम चंद्र उनके बड़े भाई थे, हैं और आगे भी रहेंगे। यह प्रतिक्रिया 16 अगस्त को उत्तम चंद्र लोधी के दिए गए बयान के बाद आई है। लोधी ने भाजपा विधायक अनिल सिंह पर चेहरा बदलकर वोट हथियाने का आरोप लगाया था। विधायक अनिल सिंह ने कहा कि राजपूत समाज का कोई ठेकेदार नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि उनकी पार्टी से राजपूत समाज के सांसद साक्षी महाराज हैं, जिनका समर्थन उत्तम चंद्र ने नहीं किया था। अनिल सिंह ने उत्तम चंद्र के बारे में कहा कि विधायक बनने की इच्छा के कारण वे फ्रस्ट्रेट हैं। हालांकि, उन्होंने विश्वास जताया कि चुनाव के समय उत्तम चंद्र उनके साथ ही रहेंगे।

भारतीय किसान यूनियन भानू ने 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

सीतापुर। किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन ने बुधवार को उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा को 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार चतुवेर्दी के नेतृत्व में पहुंचे किसान नेताओं ने बताया कि क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी धड़ल्ले से हो रही है। जिस पर तत्काल छापामार कार्रवाई कर रोक लगाई जाये। समितियों पर खाद लेने पहुंचे महिला, पुरुष व बच्चों पर पुलिसिया कार्रवाई को निंदनीय बताते हुए इसे रोकने की मांग की गई। किसानों ने आरोप लगाया कि साधन सहकारी समिति अहेवा व अलईपुर हमेशा बंद रहती हैं और सचिव नदारद रहते हैं। इसकी जांच कर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा किसानों ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर बन रहे ओवरब्रिज में घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण दोनों तरफ जलभराव की समस्या बनी हुई है। इसे सही कराया जाए ताकि राहगीरों को राहत मिल सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि गांवों में सफाई कर्मी तैनात होने के बावजूद नालियां कचरे से बजबजा रही हैं। बरसात में जगह-जगह गड्ढे और पानी भरने से मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। सरकार को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करानी चाहिए। किसानों ने उपजिलाधिकारी से मांग की कि उनकी सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाए। इस मौके पर आशीष बिस्वकर्मा, राजेश यादव, रामदेवी, रमेश दिवाकर, प्रमोद रावत, ललित कुमार, रामसिंह, ओंकार सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

विद्युत पोल बनते है अक्सर खतरे की वजह, जिम्मेदार अनजान

उन्नाव, (वीओएल)। जगह जगह जर्जर व गले सड़े बिजली के पोल हादसों को दावत दे रहे है। कभी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोग कई बार विभागीय लोगो को पोल ठीक कराने के लिए कह चुके है। फिर भी विभाग अनजान बना है। अक्सर मरम्मत के नाम पर कटौती के बावजूद स्थित जस की तस बनी है। ऐसे पोल की चपेट में आकर अक्सर गाय व जानवरों की मौत हो जाती है। तब विभागीय अधिकारी फुर्ती दिखाते है। अक्सर फीडर ठप करने के बाद जर्जर तारों को बदलने पोल बदलने का काम करने के दावे करता हो लेकिन सारे दावे खोखले साबित हो रहे है। स्थानीय शहर के खजुरियाबाग नई बस्ती मोहल्ले में हालत यही है। कई जगह जर्जर खभ्भों के सहारे पूरी व्यवस्था टिकी है। स्थानीय लोगो का कहना है कि कई बार विभाग के लोगो को सूचना दी गयी लेकिन न तो तार बदले गए न ही इन विद्युत पोल को बदलने का काम किया गया।

किसान हितों की अनदेखी का आरोप लगा भाकियू ने किया प्रदर्शन

मीरजापुर। प्रशासन द्वारा किसानों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से पांच समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन दिए जाने के क्रम में जिला मुख्यालय पर यूनियन के कार्यकताओं ने धरना-प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यूनियन के जिला 10 धर्मदेव उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशासन द्वारा किसानों के हितों की खुली अनदेखी की जा रही है। उन्होंने किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में पूरे प्रदेश में किसानों के हितों की अनदेखी की जा रही है। कानपुर नगर की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि कानपुर नगर में यूनियन की महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष मीणा पाल के विरुद्ध थाना शिवराजपुर में उनके विपक्षी राजनरण अग्निहोत्री ने फर्जी मुकदमा लिख कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है उसकी जांच कर कर बिना शर्त मुकदमा वापस लिया जाए अन्यथा यूनियन प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएगा।

संक्षेप

आज आयेंगी प्रदेश की राज्यपाल

ललितपुर। आज प्रदेश की महामहिम राज्यपाल के जनपद आगमन व कल्याणसिंह सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रुप देने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। सड़कों से लेकर हैलीपैड स्थल तक चकस व्यवस्थाएं की गई हैं। जिलाधिकारी अमलदीप डुली ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर दिशा-निर्देश दिये। डीएम ने एक-एक कर सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति जानी और अद्यतन प्रगति की बुकलेट तैयार कर लेने के निर्देश दिये थे। उन्होंने बताया कि महामहिम राज्यपाल के कार्यक्रम को पूरी भव्यता व सादगी से आयोजित किया जाएगा, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी उनको सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ निभाएं। बताया गया कि आज सुबह 9.55 बजे हवाई सफर करके पुलिस लाइन हेलीपैड पर उतरेंगी और कार द्वारा सुबह 10 बजे कल्याणसिंह सभागार पहुंचकर आंगनबाड़ी किट वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग एवं सम्बोधित करेंगी। इसके बाद 11.35 बजे सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगी। इसके उपरान्त हैलीपैड से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

लोक अदालत 13 सितम्बर को

ललितपुर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशानुसार नरेन्द्र कुमार झा, जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितम्बर के आयोजन के संबंध में समस्त नोडल अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समस्त अधिकारियों से यह अपेक्षा की गयी कि वह आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक से अधिक वादों को नियत करें जिससे आमजन राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सके। बैठक में मयंक जायसवाल,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,ललितपुर, अकुंर श्रीवास्तव अपर जिला अधिकारी, कालूसिंह अपर पुलिस अधीक्षक, मुंशीलाल जल संस्थान, श्रीमती लिली चैधरी,परिवहन विभाग, रंजीत कुमार ए.डी.एम., दिनेश कुमार विश्वकर्मा नगर पालिका, पुष्पेन्द्र सिंह,सहायक अभियंता विद्युत विभाग शहरी क्षेत्र, राकेश कुमार बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) , राजकुमार तिवारी वन विभाग, सालू हुसैन बाबू विद्युत विभाग ग्रामीण उपस्थित रहे।

नोडल अधिकारियों के साथ जिला जज ने की बैठक

ललितपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशानुसार जिला जज/ अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार झा की अध्यक्षता में आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में समस्त नोडल अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव मयंक जायसवाल, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एएसपी कालू सिंह, जल संस्थान से मुंशीलाल, एआरटीओ विभाग से लिली चैधरी, एलडीएम रंजीत कुमार, ईओ नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, एई विद्युत पुष्पेन्द्र सिंह, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार, वन विभाग से राजकुमार तिवारी, विद्युत विभाग से सालू हुसैन उपस्थित रहे। बैठक में समस्त अधिकारियों से यह अपेक्षा की गयी कि वह आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को नियत करें, जिससे आमजन राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सके।

पिता के हत्यारे को आजीवन कारावास

अयोध्या। कोर्ट ने पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 10000 जुमाना भी हुआ है। जुमाने की रकम में से 5000 वादिनी संगीता को देने का आदेश हुआ है। यह आदेश अपर जिला जज प्रथम शिवानी जायसवाल की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय तथा रोहित पांडेय ने बताया कि घटना 17 अगस्त 2020 की रात की है। इसकी रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ मृतक की बेटी संगीता ने दर्ज कराई थी। विवेचना में पता चला कि संगीता का उसके पति से वैवाहिक विवाद चल रहा था।

मुख्य सेविकाओं को मंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र

जिला संवाददाता

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सेवा चयन आयोग की निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत प्रदेश में 2425 मुख्य सेविकाओं एवं 12 फार्मासिस्टों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण हुआ। जिले के नवनियुक्त 15 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं जिलाधिकारी जे0रीभा ने किया। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने सभी नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ भर्ती कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त अभियान चलाया गया है। कई भर्तियां निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई हैं। उन्होंने मुख्य सेविकाओं से कहा कि क्षेत्र में जाकर अपने नये दायित्वों का निर्वहन बखूबी करें और आंगनबाड़ी केन्द्रों को बनायें। उन्होंने कहा कि मुख्य सेविकाओं की गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच एवं बच्चों के टीकाकरण को सुचारू रूप से सम्पादित करना मुख्य कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्वस्थ्य होगा तो तेजी से विकास के साथ देश विकसित राष्ट्र बन सकेगा। जिलाधिकारी जे0रीभा ने मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण समय है। उन्होंने कहा कि मुख्य सेविकायें सुपरवाइजरों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के कार्यों का पर्यवेक्षण के कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यों को समझाने एवं जागरूक करने की जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं टीकाकरण पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित सीडीपीओए आंगनबाडी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

नव निर्वाचित मुख्य सेविकाओं को विधायक और डीएम ने पत्र वितरित कर बधाई दी

बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बाल विकास सेवा पुष्टाहार विभाग के तत्वधान में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शिता भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत चयनित 2425 मुख्य सेविकाओं के नियुक्ति पत्र वितरित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मुख्य अतिथि विधायक नहटौर ओम कुमार तथा जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में देखा गया।

विधायक एवं जिलाधिकारी तथा नगर पालिका अध्यक्षता द्वारा इस मौके पर जनपद से चयनित 33 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गये और उनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नव निर्वाचित मुख्य सेविकाओं को निर्देशित किया कि अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करें।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उनका चयन शासकीय सेवा के लिए किया गया है। उनका उत्तरदायित्व है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करते हुए आम जन को इसका लाभ पहुंचाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, नगर पालिका अध्यक्ष बिजनौर इंदिरा सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी शीतल वर्मा जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट मुख्यमंत्री को भेजेगा ज्ञापन

बांदा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट प्रयागराज के केप पीए कम्युनिटी सेंटर में आयोजित प्रांतीय महाधिवेशन में पारित 22 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजेगा। संरक्षक जानकी शरण शुक्ला एवं जिलामंत्री मोहम्मद बाकर ने बताया कि शिक्षा एवं शिक्षकों की समस्याओं को लेकर संगठन लगातार सरकार से उनके निस्तारण की मांग कर रहा है। इसमे महंगी हो रही शिक्षा व्यवस्था पर अंकुश लगानाए निजीकरण को खत्म करना एडॉ के कस्तूरीरंगन की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में राज्य शिक्षा आयोग की स्थापना करनाए18 वर्ष तक के बच्चों को आर टी आई एक्ट के अंतर्गत निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करनाएप्रदेश के सभी सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण करनाए प्रदेश के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करनाए माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 12ए18 एवं 21 को नए आयोग में यथावत रखनाए शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों की शासनादेश में आफलाइन तबादले की व्यवस्था होने के बावजूद 1540 शिक्षकोंए

प्रधानाचार्यों की सूची जारी करनाए नियमों एवं कानूनो को दरकिनार कर सलेक्ट्रेड बिष्ट सहित दर्जनों शिक्षकों के ऑफलाइन तबादले सीधे जारी करने से प्रदेश के शिक्षकों में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए शिक्षा विभाग के सभी कार्यालय में ई फाइलिंग की व्यवस्था तत्काल लागू करना एवं किसी भी पटल पर अधिकतम तीन दिनों में फाइलों का निस्तारण करनाए सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा प्रतिपूर्ति की सुविधा प्रदान करनाए2014 से नियुक्त शिक्षकों की सामूहिक बीमा कटौती शुरू करनाए वित्तविहीन विद्यालयों में छात्र संख्या के सापेक्ष शिक्षकों का निर्धारण कर उनका ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करना एवं शिक्षकों को सम्मानजनक वेतनमान एसेवा सुरक्षा एवं कर्मचारी भविष्य निधि योजना में कटौती शुरू करनाए अल्पसंख्यक विद्यालयों में शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए सेवा नियमावली बनाना एवं शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरनाए चित्रकूटधाम मंडल बांदा में शिक्षा विभाग के मंडलीय अधिकारियों ;जेडी एवं डीडीआरद्धके स्थाई उपस्थिति की व्यवस्था करनाए हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक का पदनाम प्रधानाचार्य ग्रेड 2 तथा उनका साधारण वेतनमान ग्रेड पे 6600 लेवल 11 करनाए प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्र.छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए परिषद के निर्गत अव्यावहारिक निकासी तथा अंतिम भुगतान की व्यवस्था ऑनलाइन माध्यम से करनाए चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 33छ में विनिमित शिक्षकों को उनकी नियुक्ति तिथि से सेवाओं का आगणन कर पुरानी पेंशन का लाभ देना एवं शेष सभी तदर्थ एवं व्यवसायिक शिक्षकों को विनियमित करना आदि प्रमुख मांगे हैं।

उड़द समेत कई किस्म की फसलें अतिवृष्टि से नष्ट

ललितपुर। उड़द की फसल अतिवृष्टि के चलते नष्ट हो जाने के कारण मुआवजा दिलाये जाने की मांग को लेकर किसानों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंच कर जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। किसानों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजकर जल्द ही मुआवजा दिलाये जाने की मांग उठायी। ज्ञापन में तहसील सदर अंतर्गत ग्राम खड़ेरा व भैंसाई के किसानों ने प्रशासन को अवगत कराया कि इन ग्रामीण अंचलों में इस वर्ष उड़द की फसल काफी अच्छी तादात में बोई गयी थी। लेकिन विगत दिनों हुयी भारी बारिश के चलते उड़द की फसल पूर्ण रूप से बर्बाद हो गयी है। बताया कि अब यहां का किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है। बताया कि अतिवृष्टि के चलते किसानों के खेत में बोयी गयी उड़द, मक्का, मूंग, सोयाबीन इत्यादि की फसलें नष्ट हुयी हैं। अब किसान काफी परेशान है। उन्होंने जिलाधिकारी से मौके पर सक्षम अधिकारियों की टीम भेजकर सर्वे कराते हुये जल्द ही प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जगनलाल, कल्ले, ओमकार, चन्द्रप्रकाश, दीनदयाल, लीलाधर, कमल, लालू, कल्ले, गौरव पुरोहित, बलराम, राहुल, महेश, दासी, किशोरी, गयाप्रसाद, धर्मेंद्र वंशकार, शीतल, राजन, सुरेश बरार, प्रीतम, जयराम, किशन, बबली, ब्रजलाल, लल्लन जू के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

किसानों ने लगाया बीज में गबन का आरोप

ललितपुर। तहसील मड़ावरा अंतर्गत ग्राम बमराना में रहने वाले किसानों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। पत्र में बताया कि यहां के किसान काफी परेशान हैं। किसानों को सरकार की ओर से बीज मिलता है, जो कि कुछ दलाल लोगों द्वारा गुण्डागर्दी करके किसानों से अंगूठा लगवाकर बीज का गबन कर लिया जाता है। बताया कि सरकार से जो बीज किसानों को मिलता है, उसमें बीज करीब 80 कुन्तल चना का क्लस्टर है, लेकिन महज 80 किलो ही प्राप्त हो सका।

आरोप है कि इसी प्रकार खरीफ फसल में सोयाबीन व मूंगफली का बीज भी गायब कर दिया गया, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने जिलाधिकारी से प्रकरण की जांच कराकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। पत्र देते समय नन्हें भईया, राजेन्द्र, चंदबाई, बृजभान के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

बण्डई नदी और जाखलौन तालाब का होगा पुनरुद्धार

जिला संवाददाता

ललितपुर। जिलाधिकारी अमनदीप डुली की अध्यक्षता में गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के पत्र के सन्दर्भ में अवगत कराया कि जनपद में नदी पुनरोद्धार हेतु मडावरा ब्लॉक में 9 किमी लम्बी बंडई

- राज्य स्वच्छगंगा मिशन के निर्देशानुसार तैयार होगी कार्ययोजना

नदी एवं वाटर बॉडी पुनरोद्धार हेतु जाखलौन ब्लॉक में जाखलौन तालाब का चयन कर लिया गया है।

शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में सभी कार्यदायी विभाग जल्द नदी व तालाब का भौतिक सत्यापन कर कार्ययोजना तैयार करेंगे। बताया गया कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा और उसकी सहायक नदियों की निर्मलता, अविरलता तथा संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। नमामि गंगे कार्यक्रम के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए समय-समय पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इसी क्रम में नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु जनपद के विद्यालयों के छात्र- छात्राओं को जागरूक किये जाने के लिए विस्तृत चर्चा, गंगा शपथ, गंगा कथा, नदी प्रेरक का चयन, पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा शैक्षणिक भ्रमण इत्यादि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

जिला गंगा समिति एवं बुंदेलखंड सेवा संस्थान द्वारा जल चैपालों का आयोजन भी किया जायेगा। गंगा सम्मान पुरस्कार के लिए आवेदन 30 अगस्त तक भेजे जाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में डीएफओ गौतम सिंह, आईएफएस आकांक्षा जैन, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग भूपेश सुहेरा, प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड से अनिल शर्मा, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय सचान, अधिशासी अभियंता जल निगम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश विश्वकर्मा, परियोजना अधिकारी गंगा समिति केतन दुबे उपस्थित रहे।

सफाई अभियान चलाकर कार्यवाहक ईओ एसडीएम ने नगीना में दिया अच्छा संदेश

नगीना, बिजनौर। कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी/एसडीएम रामाश्रय साफ सफाई को लेकर बेहद गंभीर बने हुए हैं। एसडीएम रामाश्रय के निर्देश पर नगर में विभिन्न स्थानों पर विशेष रूप से सफाई अभियान चलाया गया।

नगर पालिका परिषद के व्यवहार कुशल कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी/एसडीएम रामाश्रय के निर्देश पर बुधवार की सुबह से ही नगर के मोहल्ला लाल सराय, दलित बस्ती, नूर सराय, खुर्रम अली सराय, नगीना पार्क कॉलोनी स्थित आधार दर्जन से अधिक स्थानों पर विशेष रूप से सफाई अभियान चला कर यह संदेश दिया गया की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहेंगी और इसमे कताई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सफाई नायक महेश उर्फ दारा व सफाई सहायक लिपिक रोहित कुमार की देखरेख में अरुण कुमार, पिंटू, कौशल कुमार, प्रवेश कुमार आदि ने जीरो ग्राउंड स्तर पर सफाई अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। नगर के लोगों ने पालिका के इस सफाई अभियान की प्रशंसा की। कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी/एसडीएम रामाश्रय ने बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी।

तहसीलदार के उत्पीड़न से परेशान अधिवक्ताओं ने कोर्ट का किया बहिष्कार

धामपुर, बिजनौर। बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक तहसील सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी निर्णय तक धामपुर तहसीलदार कोर्ट में अधिवक्तागण मुकदमों की पैरवी से स्वयं को अलग रखेंगे। इसके अलावा तहसीलदार ज्यूडिशियल तथा सभी नायब तहसीलदारों के न्यायालयों में भी यही स्थिति रहेगी। बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी की अध्यक्षता व सचिव देवेन्द्र कुमार के संचालन में बीते दिन हुई बैठक में तहसीलदार धामपुर व उनके पेशकार द्वारा किए जा रहे अवैधानिक कृत्य पर चर्चा की गई। सभा में अधिवक्ताओं ने सदन को अवगत कराया कि तहसीलदार धामपुर धनराज कुमार व इनका पेशकार अरूण कुमार अधिवक्ताओं के साथ दुव्र्यवहार करते है बिना धन लिये कोई भी पत्रावली आगे नहीं बढ़ती है। बैठक में सभी अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि भ्रष्टाचारी तहसीलदार व इसके पेशकार को तहसील धामपुर से हटवाया जाये। सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि तहसीलदार धामपुर धनराज कुमार व इनके पेशकार अरूण कुमार को जब तक तहसील से नहीं हटाया जायेगा तब तक तहसीलदार धामपुर न्यायिक तहसील धामपुर व नायब तहसीलदारों के सभी न्यायालयो का बहिष्कार रहेगा।

त्यौहारों पर कानून और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए डीएम ने की बैठक

जिला संवाददाता

ललितपुर। आगामी त्यौहारों गणेश उत्सव, जल विहार, ईद-उल-मिलाद नबी,बारावफात, विश्वकर्मा जयंती, अनंत चतुर्दशी, जैन पर्यूषण पर्व के अवसर पर जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था व तैयारियों के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है, जिसके लिए जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, धर्मगुरुओं तथा सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जिलाधिकारी ने

- आयोजन स्थलों पर रहेगा पुलिस का होगा पहरा, महिला कान्सटेबिल की होगी तैनाती
- विद्युत व पेयजल की अनवरत आपूर्ति हेतु अभियन्ताओं को कड़े निर्देश
- चिन्हित स्थलों पर निरंतर भ्रमणशील रहेंगे सीओ व एसडीएम

व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि कोई भी नई परम्परा शुरू नहीं की जाएगी, प्रत्येक आयोजन स्थल एवं जुलूस के मार्गों पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भ्रमण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेंगे। गणेश उत्सव के तहत 87 प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं, इनके आसपास पर्याप्त सफाई करायी जाये और पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहे। सभी आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें, जुलूस मार्गों पर गड्ढे भरवाकर सड़क की मरम्मत करायी जाए और अतिक्रमण हटवाया जाए। जर्जर तारों को ठीक कराया जाए, तथा अन्ना जानवरों को प्रतिबंधित किया जाए। इसके साथ ही सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में शान्ति समिति की बैठकें आयोजित करा लें। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं से भी कहा कि अपने-अपने त्यौहारों को शान्तिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित करें, आयोजन स्थलों पर वॉलेन्टियर्स तैनात करें और सतत निगरानी रखें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि आयोजन स्थलों पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुचारु रखें, किसी भी सार्वजनिक रास्ते पर अवैध तरीके से वाहन खड़े नहीं होने चाहिए। त्यौहारों के दौरान निबार्ध विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने कहा कि सभी झांकियों पर पुलिस बल महिला कान्सटेबिल सहित तैनात रहेंगे, विसर्जन के दौरान गोताखोर व नावें उपलब्ध रहेंगी, इसके साथ ही सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, इसके भ्रामक पोस्ट करने वा शेयर करने से बचें। सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर अराजक तत्वों पर निगरानी रखें, किसी भी दशा में कोई घटना घटित न होने पाये। उन्होंने जनपदवासियों से भी अपील की यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या पोस्ट आपके संज्ञान में आती है तो तत्काल पुलिस प्रशासन को बतायें बैठक के दौरान ही जैन धर्म के लोगों ने जैन मंदिर से मूर्ति चोरी होने की घटना का मात्र 12 घण्टों में खुलासा करने पर पुलिस प्रशासन की सराहना की और धन्यवाद दिया।

प्रशासन सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से करा रहा मुक्त

बांदा। प्रदेश सरकार के निर्देश पर तहसील बाँदा सदर में अवैध कब्जों से सरकारी भूमि को मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रशासन अविधिक अध्यासियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही कर रहा है। तहसील प्रशासन बाँदा ने मौजा लड़ाकापुरवा के गाटा सं0 1352 रकबा 0ण्385हे0 व मौजा मवई बुजुर्ग के गाटा सं0 741 व 1888 रकबा 0ण्263हे0 व 0ण्494 हे0ए मौजा बड़ोखर खुर्द के गाटा सं0 721ग3 रकबा 0ण् 081हे0 व मौजा भवानीपुरवा नॉन जेड0ए0 के गाटा सं0 1378ए 1380 रकबा क्रमशः 0ण्446हे0 व 0ण्639 हे0 कुल 2ण्308हे0 भूमि को अवैध कब्जे से अवमुक्त कराया है।

कुल 2ण्308हे0 भूमि प्रशासन ने बीते 3 माह में अवमुक्त करायी है। अवैध कब्जों से मुक्त करायी गई भूमि का उपयोग जनहित एवं विकास कार्यों में किया जा सकेगा। इसके अलावा मौजा भवानीपुरवाए नॉन.जेड0ए0 की 13 भूमियों को चिन्हित कर नोटिस भेजा गया हैए जिन पर शीघ्र कार्यवाही कर भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। शहर में सड़क चौड़ीकरण की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सड़क मार्ग पर अवस्थित अवैध निर्माण एवं मकानों को भी हटवाया गया है।

अतिक्रमण हटाये जाने से अतिरिक्त 0ण्7750 हेक्टेयर भूमि सड़क चौड़ीकरण के लिए उपलब्ध करायी गई। इस प्रकार तहसील प्रशासन कुल 3ण्083 हेक्टेयर भूमि अवैध कब्जे से मुक्त करा चुका है। कब्जाधारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही जारी रहेगी तथा सार्वजनिक उपयोग के लिए, निर्धारित भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा।

प्रतिमा स्थापना के बाद हुए अनेक कार्यक्रम

बाँदा। शहर के गणेश भवन अलीगंज में गणेश प्रतिमा स्थापना के साथ गणेश महोत्सव की शुरुआत हुई व नूतन बाल समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गणेश जी की मूर्ति की पूजा अर्चना कर आरती उतारी तथा सारा वातावरण गणपति बप्पा मोरिया के नारों से गूँज उठा। इसके बाद कार्यक्रमों की शुरुआत जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने दीप प्रज्वलित कर की। रमेश पाल के निर्देशन में पार्टी के कलाकारों ने मनमोहक दीवारी नृत्य का प्रदर्शन किया। दीवारी के युवा कलाकारों ने विभिन्न मुद्राओं व कलाओं के माध्यम से लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। इसके बाद ब्लाइंड स्टार्ट म्यूजिक एकेडमी बाँदा व मनमोहन सिंह बावला एंड पार्टी ने बहुत ही सुन्दर गणेश जी की आरती के साथ मनमोहक गीत व भजन प्रस्तुत किये। मंच पर रंगबिरंगी चमचमाती रोशनी ने सबको चकाचौंध कर दिया। नृत्य कलाकारों ने अपनी धमाकेदार प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। नूतन बाल समाज के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतू व अशोक अवस्थी ने कलाकारों को धार्मिक पट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान कमेटी के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतूए अशोक अवस्थीए पालिकाध्यक्ष मालती बासूए ज्योत्सना पुरवारए विजय ओमरए निखिल सक्सेनाए रोहन सिन्हाए राजबहादुर तिवारीए अभय पाण्डेयए अनुराग तिवारी मौजूद रहे। संचालन पंकज रावत व काकोनिया ने किया स

वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें : प्रधानाचार्या

महोबा। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बुधवार के दिन पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरगम खरे द्वारा अभिभावकों को विद्यालय में बुलाकर जागरूक किया गया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की की चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं, गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात ना करें और यदि करना आवश्यक हो तो गाड़ी किनारे लगाकर फिर बात करें, दो पहिया वाहन चलाने वाले हेलमेट जरूर लगाएं। गाड़ी चलाते वक्त किसी भी प्रकार का नशा ना करें, निर्धारित गति सीमा को ध्यान में रखकर ही वाहन चलाएं एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी नियमों का पालन करें। इस मौके विद्यालय की छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण! हरियाली को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ मां के नाम से कार्यक्रम

नगीना, बिजनौर। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित तहसील क्षेत्र इंटर कालेज में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुएक पेड़ मां के नामहृ एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों व छात्र छात्राओं ने अपने अपने घरों व खाली पड़े स्थानों पर पौधारोपण कर विद्यालय को अवगत कराया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगीना तहसील क्षेत्र के आशादेवी त्रिलोक चंद इंटर कालेज हरगनपुर जनपद बिजनौर के अध्यापक- अध्यापिकाओं तथा छात्र-छात्राओं ने देश के प्रधानमंत्री की अपील पर स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सृजित करने हेतु वृक्षारोपण जनअभियान के अंतर्गत हुएक पेड़ माँ के नामहृ योजना के तहत अपने हाथों से एक एक पौधा लगाकर न सिर्फ धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया बल्कि माँ के प्रति अपने सम्मान और प्रेम को भी व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ ब्रजपाल सिंह ने बताया कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जगाती हैं। हम सभी को मिलकर पर्यावरण को बचाने और उसे संरक्षित रखने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

पत्नी की हत्या करने वाला गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तिंदवारी पुलिस ने पत्नी की हत्या करने वाले पति को गिरफ्तार कर लिया है। थाना तिंदवारी क्षेत्र के ग्राम धौसड़ में एक व्यक्ति ने पारिवारिक कलह के कारण अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी। जिसे लेकर प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना तिंदवारी में अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी रामआशीष वर्मा पुत्र भोला प्रसाद निवासी ग्राम धौसड़ थाना तिंदवारी को मुखबिर की सूचना पर ग्राम धौसड़ के बाहर बनी पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद हुई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक तिंदवारी सुरेश कुमार सैनी व उप निरीक्षक अजीत कुमार सिंह व विकास नेहराए कांस्टेबल अमन कोष्ठए नरेन्द्र सिंह व महिला कांस्टेबल हेमलताए विमल रहीं।

सर्जियो गोर की नियुक्ति

बीते कई महीनों से भारत में अमरीकी राजदूत का पद खाली चल रहा था। लेकिन टैरिफ विवाद के बीच अचानक ट्रंप ने अपने सबसे करीबी और भरोसेमंद सलाहकार को भारत में राजदूत नियुक्त कर दिया है। ट्रंप के इस कदम को लेकर कूटनीतिक हलकों में तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का राजदूत और दक्षिण एवं पश्चिम एशियाई मामलों का विशेष दूत बनाए जाने की घोषणा के बाद भारत के लिए कुछ नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। फिलहाल भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंध नाजुक दौर से गुजर रहे हैं, ऐसे में गोर की नियुक्ति के बाद हालात और जटिल हो सकते हैं, ऐसी आशंका भी जतायी जा रही है। लेकिन इससे उलट भी हो सकता है। हो सकता है कि ट्रंप ने सबसे भरोसेमंद को नयी दिल्ली भेजने का फैसला इसलिए किया हो ताकि भारत के साथ संबंधों में जो दरार आयी है उसको पाटा जा सके। व्हाइट हाउस में कार्मिक मामले के विभाग के प्रमुख गोर की नियुक्ति को अभी अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट की मंजूरी मिलनी बाकी है। 38 वर्षीय सर्जियो गोर को कूटनीति या विदेश मामलों का अनुभव नहीं है। अगर उनके पास ये अनुभव होते तो वह भारत जैसे बड़े एवं विविधता

वाले देश के लिए स्वतः ही राजदूत के रूप में एक अच्छे विकल्प होते। व्हाइट हाउस में अपना रुतबा जमाने से पहले गोर रिपब्लिकन पार्टी के कई दिग्गज राजनीतिज्ञों के साथ काम कर चुके थे। उसके बाद वह पार्टी के मागा गुट के साथ जुड़ गए। डॉनल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति बनाने के अभियान को समर्थन देने वाले शुरूआती लोगों में गोर भी शामिल रहे थे। गोर ने एक राजनीतिक कार्य समिति का संचालन किया और ट्रंप की कई पुस्तकें भी प्रकाशित कीं। ट्रंप के प्रति उनकी निष्ठा के दम पर राष्ट्रपति कार्यालय में गोर की धाक जम गई जहां उन्हें संघ सरकार में महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों के लिए उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि खंगालने की जिम्मेदारी मिली। गोर राष्ट्रपति ट्रंप के सर्वाधिक भरोसेमंद लोगों में शुमार हो गए और ट्रंप प्रशासन में कुछ वरिष्ठ लोग तो उनसे सावधान भी रहने लगे। अमेरिका द्वारा भारी भरकम शुल्क लगाने के बीच दोनों देशों के संबंधों पर नजर रखने वाले लोगों ने ट्रंप के करीबी होने के कारण गोर के नामांकन को भारत के लिए एक अच्छा अवसर बताया है। उनके अनुसार भारत गोर को जरिया बना कर व्हाइट हाउस के साथ व्यापार वार्ता में लाभ उठा सकता है। हालांकि, यह आशावादी नजरिया हो सकता है। गोर को अब तक व्यापार के मुद्दे पर टीका-टिप्पणी करते नहीं देखा या सुना गया है। इसकी उम्मीद कम ही है कि भारत में पदस्थापित होने के बाद वह ट्रंप के रुख से अलग कोई नजरिया अपनाएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ही कह दिया है कि नवनियुक्त राजदूत का मकसद अमेरिका को फिर श्रेष्ठ बनाना है। एकतरफा व्यापार सौदा करना भी मागा की रणनीति का एक हिस्सा रहा है। एक और बात जो अजीब लग रही है वह यह कि विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि उन्होंने गोर की नियुक्ति के बारे में पढ़ा है और सार्वजनिक रूप से किसी दूसरे देश की राजदूत की नियुक्ति पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। यह संभव है कि गोर की नियुक्ति के संबंध में स्थापित कूटनीतिक औपचारिकताओं एवं परंपराओं का पालन नहीं हुआ हो। अधिकांश अपने राजनयिक भेजने से पहले एक-दूसरे से बात करते हैं। यह औपचारिकता देशों के बीच राजनयिक संबंधों की बुनियादी जरूरत समझी जाती है। अगर इस मामले में इस परंपरा को दरकिनार किया गया है तो यह चिंता की बात है। वैसे भारत और अमरीका के रिश्ते पहले ही सतह पर पहुंच गये हैं। भारत अब अमरीकी चुनौतियों से निपटने का रास्ता तलाश रहा है। भारत फिलहाल अमरीका के साथ सबसे बुरा दौर देख रहा है। अब इसे संभालने की जरूरत है। इसलिए ट्रंप किसे राजदूत बनाते हैं यह वह जानें। भारत को वैश्विक कूटनीति और व्यापार में अपने दम पर मजबूती से आगे बढ़ना चाहिए। ट्रंप जैसे आते-जाते रहेंगे।

विचार

संसार रूपी इस वाटिका में फूलों के अतिरिक्त कुछ नहीं है। अपना भ्रम ही एक कांटा है।

–स्वामी रामतीर्थ.

वह मनुष्य सचमुच बुद्धिमान है जो क्रोध की हालत में भी बुरी बात मुंह से नहीं निकालता।

–शेख सादी.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

जब दुख अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब हमसे सुख ज्यादा दूर नहीं होता है।

–महात्मा गांधी.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

अमरीकी टैरिफ से बढ़ी सुधारों की संभावना

डॉ. अनिता राठौर

> भारत टैरिफ के तूफान को पार कर लेगा। सरकार ने आर्थिक सुधारों का संकेत दिया है और अमेरिका से वार्ता भी जारी है। निर्यातकों को वैकल्पिक बाजार तलाशने में मदद की जा रही है। ट्रम्प को चिंता इस बात की करनी चाहिए कि उनकी हरकतों का अमेरिका में क्या असर पड़ेगा? क्योंकि अंततः टैरिफ तो अमरीकी उपभोक्ताओं को ही चुकाना है।

जब यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था तो अमेरिका के आग्रह पर भारत ने रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीदना शुरू कर दिया था, ताकि तेल के ग्लोबल दामों में अत्यधिक वृद्धि को रोका जा सके। अब रूसी तेल का बहाना बनाकर अमेरिका ने भारत के विरुद्ध व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। उसके गृह सुरक्षा विभाग ने नोटिफाई किया है कि भारत से आयात होने वाले अधिकतर सामानों पर 27 अगस्त 2025 से 50 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, जिसमें 25 प्रतिशत रुसी तेल लेने की वजह से जुमार्ना है, जिसे अब व्हाइट हाउस प्रतिबंध कह रहा है। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि टैरिफ अमेरिकी सरकार को रुसी फेडरेशन से खतरे की प्रतिक्रिया में है और राष्ट्रपति आदेश को लागू किया जा रहा है, जिसने इसे आवश्यक व उचित तय करते हुए भारत पर टैरिफ लगाया है, जो रूसी फेडरेशन से तेल को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात कर रहा है। वाशिंगटन डीसी द्वारा नोटिफिकेशन में भारत को 'सिंगल आउट' (चुन लेना) करना अकारण नहीं है।

यह बात किसी से छुपी हुई नहीं है कि चीन भी बड़ी मात्रा में रुसी तेल खरीदता है, लेकिन अमेरिका ने उस पर केवल 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। तथाकथित प्रतिबंधों के बावजूद अमेरिका स्वयं रूस से खाद व अन्य चीजें आयात करता है, जिसके बारे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने ऑन रिकॉर्ड कहा है कि उन्हें मालूम नहीं। यह कैसा राष्ट्रपति है, जिसे यह नहीं मालूम कि उसका देश कहां से क्या चीजें खरीद रहा है? बहरहाल, यह सोचने की बात है कि जब अमेरिका व भारत के बीच रिश्ते 'मिसाली दोस्ती' के स्तर तक पहुंच गये थे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' का नारा तक दिया था, तो आखिरकार ऐसा क्या हुआ कि वाशिंगटन व नई दिल्ली के बीच दरवाजे बंद हो गये और ट्रम्प अपना सारा गुस्सा भारत पर निकालने लगे? इस घटनाक्रम को समझने के लिए थोड़ा पृष्ठभूमि में जाना आवश्यक है। दरअसल, गलती दोनों ट्रम्प व मोदी की है। दो देशों के बीच राजनयिक संबंधों में कुछ भी व्यक्तिगत नहीं होता है, लेकिन इन दोनों नेताओं ने एक दूसरे को 'माई फ्रेंड' कहकर कूटनीति पर व्यक्तिगत रिश्तों को प्राथमिकता देने का प्रयास किया। चूंकि मोदी ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' का नारा दे चुके थे (जोकि उन्हें नहीं देना चाहिए था, क्योंकि किसी के चुनाव में अन्य देश के नेता का हस्तक्षेप करना राजनयिक दृष्टि से उचित नहीं है)। इसलिए जब जो बाइडेन के कार्यकाल के दौरान मोदी अमेरिका के दौरे पर थे और ट्रम्प दोबारा व्हाइट हाउस में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे, तो उन्होंने चुनावी सभा में दावा किया कि 'मई फ्रेंड मोदी इज कमिंग', लेकिन मोदी ने ट्रम्प से मुलाकात नहीं की। अहंकारी ट्रम्प को यह बात संभवतः इतनी बुरी लगी कि उन्होंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में मोदी को आमंत्रित नहीं किया। फिर जब मोदी बाद में ट्रम्प से मिलने व्हाइट हाउस में गये तो ट्रम्प उन्हें रिसीव करने के लिए नहीं आये, जबकि उसी दिन ट्रम्प ने चार अन्य देशों के प्रमुखों का स्वयं अपने ऑफिस के दरवाजे पर स्वागत किया था।

सामयिक

रख-रखाव के रिश्तों में खटास पड़ चुकी थी, जो उस समय अधिक चिंताजनक हो गई, जब ट्रम्प ने अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी व बेड़ी लगाकर सैन्य हवाई जहाज में वापस भारत भेजा। फिर ऑपरेशन सिंदूर में सीजफायर का ट्रम्प स्वयं क्रेडिट लेने लगे और उन्होंने चालीस से अधिक बार दावा किया कि व्यापार का प्रलोभन देकर उन्होंने भारत व पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराया है। इसी स्वयंभू दावे की आड़ में ट्रम्प भारत के साथ ऐसा व्यापार समझौता करना चाहते थे, जो विशेषरूप से भारत के डेरी व कृषि के हित में नहीं था। भारत ने यह व्यापार समझौता नहीं किया और जर्मनी के एक दैनिक ने सूत्रों का हवाला दिये बिना कहा कि पिछले कुछ सप्ताह के दौरान मोदी ने ट्रम्प की चार कॉल्स का जवाब नहीं दिया है, तो 50 प्रतिशत टैरिफ दो नेताओं के अहंकार का नतीजा है। इस टैरिफ को लागू करने के लिए जैसे ही नोटिफिकेशन जारी किया गया तो सेंसेक्स में 849 पॉइंट्स की गिरावट आ गई, वह 81,000 के स्तर के नीचे चला गया और निवेशकों के 5.4 लाख करोड़ रुपए डूब गये।

अनुमान यह है कि इस टैरिफ का सबसे अधिक प्रभाव कपड़ा, सोने व चांदी के जेवर, कट व पॉलिश किये गये डायमंड्स, झींगा, कालीन, जूते-चप्पल, रसायन, मशीनरी, ऑटो पार्ट्स आदि सेक्टर्स पर पड़ेगा। निर्यातक भारत सरकार से कोविड-जैसी मदद मांग रहे हैं। गौरतलब है कि 27 अगस्त 2025 की सुबह 9.31 बजे से जिन भारतीय गुड्स ने अमेरिका में प्रवेश किया वह 50 प्रतिशत महंगी हो गई, जिसमें 25 प्रतिशत 'रेसिप्रोकल' टैरिफ है और 25 प्रतिशत रुसी तेल खरीदने का 'जुमार्ना'। इससे बहुत से भारतीय निर्यातकों की दुकानों का शटर डाउन हो सकता है। सवाल यह है कि जिस भारतीय कमीज पर 62 प्रतिशत का टैरिफ (अन्य कर भी तो हैं) होगा, वह वियतनाम की उस कमीज से कैसे मुकाबला कर पायेगी जिस पर 20 प्रतिशत टैरिफ है। यह भारतीय निमार्ताओं व उत्पादकों के लिए बहुत बड़ा धक्का है, जिनका अमेरिका में निर्यात 86.5 बिलियन डॉलर (पिछले साल) से गिरकर 50 बिलियन डॉलर पर आ सकता है। इससे जॉब्स पर भी कुप्रभाव पड़ेगा, हालांकि विशेषज्ञ कह रहे हैं कि कुल जीडीपी विकास पर कोई गहरा असर नहीं पड़ेगा। अनुमान यह है कि इस फिस्कल व अगले में भारत की जीडीपी में 0.5 प्रतिशत पॉइंट्स का नुकसान होगा। बहरहाल, मेरा मानना है कि भारत ने ट्रम्प की बेतुकी बातों को न मानकर एकदम सही किया है। ट्रम्प ने जब इस साल ऑफिस संभाला तो रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए तीन वर्ष हो चुके थे। भारत के साथ व्यापार वार्ता के अगले पांच माह के दौरान एक बार भी रूस का जिक्र नहीं आया था। युद्ध रुकवाने में ट्रम्प की कोई दिलचस्पी थी ही नहीं, जैसा कि फरवरी में व्हाइट हाउस के अंदर की गई जेलेंस्की की बेईज्जती से जाहिर है। ट्रम्प ने तो 16 जुलाई को कहा था, 'हम भारत से डील करने के बहुत निकट हैं।'

स्पष्ट है कि ट्रम्प, वेंस, बेस्सेंट व नवारो को रुसी तेल तब याद आया, जब भारत ने उनके लिए कृषि व डेरी खोलने से इंकार कर दिया। अगर ट्रम्प ब्राजील पर टैरिफ 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर सकते हैं केवल अपने 'दोस्त' व पूर्व-राष्ट्रपति बोलसोनारों का पक्ष लेने के लिए, तो रुसी तेल तो जैतून के पत्ते से अधिक कुछ नहीं है। चीन पर कोई जुर्माना टैरिफ नहीं है, जबकि वह भारत से अधिक रूसी तेल खरीदता है। दो दिन पहले ट्रम्प ने चीन को धमकी दी कि वह टैरिफ को 200 प्रतिशत कर देंगे, रूस से तेल खरीदने के लिए नहीं बल्कि रेयर अर्थ मग्नेट्स रोकने के लिए। एक पाखंड और देखिये- ट्रम्प व पुतिन की अलास्का वार्ता से पहले अमेरिका व रूस ने अमेरिकी कम्पनियों के रुसी तेल व गैस प्रोजेक्ट्स में लौटने की संभावना पर चर्चा की। भारत टैरिफ तूफान से गुजर जायेगा। भारत सरकार ने आर्थिक सुधारों का संकेत दिया है और अमेरिका से वार्ता जारी है। निर्यातकों को वैकल्पिक बाजार तलाशने में मदद की जा रही है। ट्रम्प को चिंता इस बात की करनी चाहिए कि उनकी हरकतों का अमेरिका में क्या असर पड़ेगा? क्योंकि अंततः टैरिफ अमरीकी उपभोक्ताओं को ही चुकाना है।

सोशल मीडिया

निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ ही निर्माणकाल में वर्कर्स और इंजीनियर आदि स्टाफ के जीवन की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण होती है। जोखिमों का अनुमान लगाकर सुरक्षा प्रबंध करें। अखिलेश यादव.

गुजरात में कुछ ऐसी अनाम पार्टियां हैं जिनका नाम किसी ने नहीं सुना लेकिन 4300 करोड़ चंदा मिला। हजारों करोड़ कहा से आये और कहां गया? राहुल गांधी.

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने पीएम स्वनिधि योजना की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब यह योजना 31 मार्च 2030 तक चलेगी। केशव प्र. मौर्य.

जनमानस के नायक राम

अंतर्दृष्टि

राम नायक हैं इसलिए नहीं कि वे उत्तम जीवन जीते हैं, बल्कि इसलिए कि वे अद्भुत जीवन जीते हैं। कई हजार साल पहले जब दुनिया के अधिकांश हिस्सों में शासक केवल विजेता थे - अक्सर बर्बर लोगों से कम नहीं - राम ने मानवता, बलिदान और न्याय की एक अनुकरणीय भावना दिखाई। उसकी पूजा इसलिए नहीं की जाती क्योंकि वह बाहरी दुनिया का विजेता है। वह आंतरिक जीवन का विजेता है क्योंकि वह प्रतिकूल परिस्थितियों से विचलित नहीं होता है। रावण को मार डालने पर भी वह फूला नहीं समाता, वह गिरे हुए नायक के शरीर के पास आता है और अपने द्वारा किए गए कार्य के लिए पश्चाताप करता है। अपने जीवन की सभी चुनौतियों के बावजूद, वह कभी अपना संतुलन नहीं खोता, कभी कड़वा या प्रतिशोधी नहीं बनता। वह छल या वास्तविक राजनीति से काफी हद तक दूर रहता है और अपनी शक्ति का दुरुपयोग न करने को लेकर सतर्क रहता है। समभाव का व्यक्ति, उदाहरण के तौर पर आगे बढ़ता है, ईमानदारी और आत्म-बलिदान का जीवन जीता है, अपनी प्रजा के लिए अपनी खुशी का त्याग करने को तैयार रहता है। सबसे बढ़कर, एक ऐसी संस्कृति में जो मुक्ति या स्वतंत्रता को महत्व देती है, वह नकारात्मकता, स्वार्थ और मतलबी भावना से मुक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। वह कर्म संबंधी अशांति के जीवन से अपनी आंतरिकता को छीनने की अनुमति देने से इनकार करता है। संक्षेप में, राम नायक हैं इसलिए नहीं कि वे उत्तम जीवन जीते हैं, बल्कि इसलिए कि वे अद्भुत जीवन जीते हैं। इसीलिए उन्हें मयार्दा पुरुष माना जाता है। और यदि रामराज्य एक आदर्श का प्रतिनिधित्व करता है, तो ऐसा इसलिए है क्योंकि यह एक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष राज्य का प्रतीक है, न कि अत्याचारी या सत्तावादी राज्य का। आज हम भारत को यही बनाना चाहते हैं और यही कारण है कि यह महाकाव्य लगातार प्रासंगिक बना हुआ है। दुनिया आज जिस तरह संघर्ष में लीन है। एक राज्य-दूसरे को खत्म कर देने, हड़प लेने या हर तरह की प्रतिस्पर्धा पर आमादा हैं, ऐसे में समय भगवान राम पूरी दुनिया को मानवता का मार्ग दिखाते हैं। शांति, सौहार्द, मानवता के प्रति प्यार, पीड़ितों के साथ खड़ा होने की जो ललक श्रीराम में थी आज उसका एक प्रतिशत भी लोगों में, शासकों में, समाज में आ जाये, तो यह दुनिया स्वर्ग बन जायेगी। राम पूरी दुनिया के लिए आदर्श हैं और के युग में उनका आदर्श संपूर्ण मानव जगत के लिए वरदान है।

यह रिश्ता क्या कहलाता है

व्यंग्यलोक

दुनिया भर में बड़े-बड़े भूकम्पों और भूचालों के बीच बाबा तुम पूछ रहे हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है। रिश्ते बनते हैं, बिगड़ते हैं। कुछ रिश्ते खून के नहीं होते हैं और इसी कारण उनको नाम देना परेशानी का सबब बना रहता है। हालांकि जब तक रिश्ता बना रहता है तब तक उसमें चाश्नी से भी अधिक मिठास मिलती रहती है। जहां रिश्ते में खटास पड़ी की दूध से मक्खी की तरह नाता तोड़ देना पड़ता है। बिना रिश्ते के तो लिव इन रिलेशनशिप में भी रहना पड़ता है। इस रिश्ते को भी कोई नाम नहीं दिया जाता है क्योंकि समाज की मान्यता का ठप्पा नहीं लगा रहता है। लोग पूछते जरूर हैं कि ये रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन इसका जवाब वे भी खुलकर नहीं दे पाते हैं। कुछ कुछ ऐसा ही इस रिश्ते में भी रहता है। जाहिर सी बात है कि तुम भी यह सब जानते हो लेकिन बहुत भोले बन रहे हो। वैसे तुम इतने नादान हो नहीं। तुम्हारा तो ऐसे रिश्तों से शतकों से नाता रहा है। तुम्हें यदि नहीं मालूम है तो अपने घर के बड़े-बूढ़े, नाते-रिश्तेदारों, आस-पास वालों से ही पूछ लो। क्या तुम्हें नहीं मालूम कि ये रिश्ता क्या कहलाता है। क्या तुम्हारे कभी ऐसे कोई रिश्ते नहीं रहे। सच बताना और क्या तुम बता सकोगे कि तुम्हारे जो रिश्ते थे, उन्हें तुम कोई नाम दे पाए थे या फिर आज अगर मैं पुछूं तो क्या बता पाओगे कि तुम्हारा वह वाला रिश्ता क्या कहलाता था। और एक बात और बताओ कि क्या तुमने भी कोई रिश्ता बनाकर नहीं रखा है। हो सकता है कि तुम्हें रिश्ते के योग्य तब नहीं माना गया हो लेकिन तुम्हारे साथ कोई तो थे जिन्होंने रिश्ते बनाकर रखें थे। सभी को रिश्ते बनाने पड़ते हैं। नहीं भी चाहेंगे तब भी रिश्तेदारी बन जाती है और निभ भी जाती है। बिना रिश्ता बनाए आखिर कौन सर्वाइव कर पाता है। एक दूसरे का अस्तित्व ही इन अनाम से रिश्तों में छुपा रहता है। पतंग संग डोर भी तो जरूरी है। बिना पतंग डोर की कोई वैल्यू नहीं है और ठीक इसी तरह बिना डोर पतंग भी कैसे हवा में आकाश की ऊंचाई को छू सकती है। जानता हूं कि तुम्हें मालूम है कि ऐसे रिश्ते क्या कहलाते हैं लेकिन तुम्हारी भी तो मजबूरी है। वैसे तुम खुद ही बता सकते हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन तुम बताओगे नहीं और जिनके सामने यह राज उगलवाना चाहते हो, क्या वे नासमझ हैं। उन्हें नासमझ समझने की भूल मत करना बाबा और जो कर रहे हैं, उन्हें भी नहीं करना चाहिए। रिश्ते खंगाले जाते हैं। रिश्ते खंगालना जग की रीत है बाबू। सबका अपना समय आता है, रिश्ते बनते हैं और टूटते हैं। खून के रिश्तों की तरह ये अटूट तो होते नहीं। कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जिन्हें भले ही सामाजिक मान्यता न मिलें तब भी वे रिश्ते रिश्ते ही होते हैं। अब यह आप पर निर्भर करता है कि आप उस रिश्ते को क्या नाम देते हो!

डॉ. प्रदीप उपाध्याय

देश की मदद करने में सबसे आगे हैं भारतीय

प्रतिबिंब

देश की अर्थव्यवस्था में ही नहीं बल्कि उसके हर पहलू में प्रवासियों द्वारा भेजा गया धन बहुत महत्वपूर्ण होता है। इससे देश की विदेशी मुद्रा बढ़ती है। भारत वर्तमान में इतिहास के किसी भी समय के मुकाबले सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा रखता है। 27 सितंबर 2024 को भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब डॉलर तक पहुंच गया था, जो अब तक का सर्वकालिक था और इस स्थिति में भारत चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद दुनिया का चौथा सबसे ज्यादा 'विदेशी मुद्रा' रखने वाला देश था।

साल 2024 में देश के बाहर रह रहे प्रवासी भारतीयों ने देश को 129.1 बिलियन डॉलर रेमिटेंस धन प्रेषण, भेजा है, जिसे सरल शब्दों में विदेशों से अपने घरों और परिजनों को भेजा मनीऑर्डर समझिये। यह अब तक के समूचे इतिहास में किसी भी देश के प्रवासियों द्वारा अपने देश में भेजा गया सबसे ज्यादा रेमिटेंस है। यह कितनी बड़ी रकम है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि साल 2024 में पूरी दुनिया के प्रवासियों ने अपने अपने देशों के लिए जो धन भेजा है, यह उस समूचे धन का अकेले 14.3 फीसदी है। अगर इस धन को भारत के कुल जीडीपी के आईने में देखें तो यह 10.7 लाख करोड़ रुपये के बराबर यानी हमारे कुल जीडीपी का करीब 3.3 फीसदी है। यह कितनी बड़ी धनराशि है, इसका अंदाजा इस तरीके से भी लगा सकते हैं कि देश में सभी तरह के खनन, ऊर्जा आदि का कुल जीडीपी में 5 फीसदी का योगदान है, जबकि प्रवासी भारतीयों द्वारा जीडीपी में अकेले ही 3.3 फीसदी का योगदान कर दिया है। एक जमाने में बिहार और उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को मनीऑर्डर इकोनॉमी कहा जाता था यानी इन जगहों से देश के विभिन्न कोनों में कमाने गये, यहां के लोगों द्वारा भेजा गया पैसा इन प्रदेशों की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण हिस्सा होता था। आज यही स्थिति देखा जाए तो प्रवासी भारतीयों की बन गयी है। रेमिटेंस, जिसे हिंदी में धन प्रेषण कहा जाता है, का सीधे और सरल शब्दों में मतलब है, विदेशों में रोजगार करने गये या वहां जाकर बसे प्रवासी भारतीयों द्वारा अपने घर, परिवार, मित्र या संबंधियों को भेजा गया धन। भारत रेमिटेंस हासिल करने वाले देशों में हमेशा से बहुत आगे रहा है। साल 2015 में भी हमने विश्व के कुल रेमिटेंस का अकेले 12 फीसदी हासिल किया था, जो कि अब बढ़कर 14.3 फीसदी हो गया है। किसी देश की अर्थव्यवस्था में ही नहीं बल्कि उसके हर पहलू में प्रवासियों द्वारा भेजा गया धन बहुत महत्वपूर्ण होता है। इससे देश की विदेशी मुद्रा बढ़ती है। भारत वर्तमान में इतिहास के किसी भी समय के मुकाबले सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा रखता है। 27 सितंबर 2024 को भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब डॉलर तक पहुंच गया था, जो अब तक का सर्वकालिक था और इस स्थिति में भारत चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद दुनिया का चौथा सबसे ज्यादा 'विदेशी मुद्रा' रखने वाला देश था। हालांकि बाद में अक्टूबर, नवंबर में शेयर बाजार के टूटने से करीब 20 से 25 अरब डॉलर की कमी आयी, लेकिन अब फिर यह पुरानी स्थिति की तरफ पहुंचता लग रहा है।

बहरहाल रेमिटेंस का महत्व सिर्फ विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने तक ही सीमित नहीं है ताकि आयात और वैश्विक लेनदेन आसानी से किये जा सकें बल्कि इसका बड़ा योगदान विदेशी निवेश और निर्यात से कहीं ज्यादा देश की आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता को मजबूत करने में है। चूंकि किसी भी देश में आने वाला रेमिटेंस लोगों की क्रय शक्ति को भी मजबूती से बढ़ाता है, इसलिए यह जहां लोगों की खुशहाली का जरिया बनता है, वहीं यह देश के गरीबी उन्मूलन जैसे कार्यक्रमों को सफल और संभव बनाता है। इसके सामाजिक प्रभाव भी बहुत सकारात्मक होते हैं। यह मानव संसाधनों का वैश्वीककरण करता है और देश की कूटनीति को महत्वपूर्ण बनाता है। जिस देश में आपके प्रवासी मौजूद होते हैं, वहां से आपके रिश्ते हमेशा मजबूत रहते हैं। यह अकारण नहीं है कि पाकिस्तान द्वारा कई दशकों से कश्मीर के खिलाफ आतंकवाद की मुहिम चलाने के बावजूद और इस्लामिक देशों के बीच इसे इस्लामिक भाईचारे के तौरपर भुनाने की कोशिश करने के बाद भी, खाड़ी के देशों ने कभी भारत के विरूद्ध कश्मीर मामले में उस तरह खुलकर सामने नहीं आये, जैसे कि आशंका बन सकती थी। इसमें बहुत बड़ा योगदान प्रवासी भारतीयों का भी है।

आपकी बात

महिलाओं के लिए वरदान

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें, तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.

सड़कों में बढ़ते गड्ढे

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने के साथ ही सड़कों निर्माण में मैटेरियल का सही उपयोग होना चाहिए ताकि सड़कें टिकाऊ हों।

मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.

संक्षेप

रोजगार मेले का आयोजन आज

अयोध्या। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, अयोध्या एवं भवदीय ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन्स अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में 28 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे से भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स परिसर, निकट लोहिया पुल, सीवार, सोहावल में एक दिवसीय ह्लह्लवृहद रोजगार मेलेह्लह्ल का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में देश के कोने-कोने से 60 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे टाटा ग्रुप, एम0आर0एफ0टायर्स, फ्लिपकार्ट, बिं्लकिंग महिन्द्रा एण्ड महेन्द्रा, एल0एण्ड0टी0 अमेजन, यजाकी इण्डिया, यमाहा, टैज्क्टर न्यू हालैण्ड, जीएसए फाउंडेशन एवं बी0के0टी0 टायर्स एवं अन्य प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य है एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा, आई0टी0आई0, बी0बी0ए0, बी0एस0सी0 (ए0जी0), एम0बी0ए0, बी0टेक0 एवं फामेर्सी तक है, प्रतिभाग कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी तवरहतेंदहंउ.नच.हवअ.पद (रोजगार मेला आई0डी0-3753) एवं दबे.हवअ.पद पोर्टल पर पंजीयन कराकर प्रतिभाग कर सकते है।

दीपोत्सव पर रामनगरी पधारने वालों का स्वागत करेगा भव्य धनुष

- रामपथ और धर्मपथ के कॉर्नर पर लगभग 40 लाख की लागत से बन रहा है भव्य धनुष
- लाइट और फुहारे से सजेगा आकर्षक धनुष, बढ़ेगी अयोध्या की शोभा
- अयोध्या विकास प्राधिकरण दे रहा है श्रद्धालुओं को खास तोहफा

अयोध्या। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या को त्रेता युग का स्वरूप देने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक और कदम आगे बढ़ रही है। इस बार दीपोत्सव से पहले अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा शहर को एक नया उपहार दिया जा रहा है। रामपथ और धर्मपथ के कॉर्नर पर लगभग 40 लाख रुपये की लागत से एक भव्य धनुष बनाया जा रहा है, जो न केवल अयोध्या की शोभा बढ़ाएगा, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए एक आकर्षक सेल्फी पॉइंट भी बनेगा। यह धनुष लता चैक के ठीक बगल में बन रहा है और इसे दीपोत्सव से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा, ताकि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत हो सके। इस धनुष की खासियत इसकी भव्यता और आधुनिक तकनीक से सुसज्जित डिजाइन है। इसे रंग-बिरंगी लाइटों और फव्वारों से सजाया जाएगा, जो रात के समय और भी मनमोहक लगेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव हेम सिंह ने बताया कि यह धनुष न केवल धार्मिक महत्व का प्रतीक होगा, बल्कि शहर की सांस्कृतिक और पर्यटकीय पहचान को भी नया आयाम देगा। धनुष का डिजाइन भगवान राम के धनुष से प्रेरित है, जो त्रेता युग की स्मृति को जीवंत करेगा। यह संरचना अयोध्या की सड़कों पर आने-जाने वालों के लिए एक नया आकर्षण बनने की उम्मीद है। अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल बनाने के लिए योगी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। राम मंदिर के निर्माण के बाद से अयोध्या में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। इस बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए सरकार और अयोध्या विकास प्राधिकरण शहर को और अधिक सुंदर और सुविधाजनक बनाने में जुटे हैं। रामपथ, धर्मपथ, और भक्ति पथ जैसे मार्गों का सौंदर्यीकरण पहले ही किया जा चुका है, और अब इस नए धनुष के निर्माण से अयोध्या की रौनक में चार चांद लग जाएंगे। लता चैक पहले से ही पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है, अब इस नए धनुष के साथ और भी खास हो जाएगा। सचिव हेम सिंह ने बताया कि यह धनुष दीपोत्सव के दौरान शहर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष तोहफा होगा। दीपोत्सव, जो हर साल अयोध्या में भव्य रूप से मनाया जाता है, इस बार और भी खास होने की उम्मीद है। इस अवसर पर शहर को दीपों से सजाया जाएगा, और यह नया धनुष उत्सव की शोभा को और बढ़ाएगा।

अयोध्या धाम से होकर दौड़ेगी मेरठ-वाराणसी वंदे भारत

अयोध्या। मेरठ सिटी से लखनऊ तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का अब विस्तार वाराणसी कैंट तक कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था के तहत ट्रेन अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर भी दो मिनट का ठहराव करेगी। बुधवार को ट्रेन के प्रथम आगमन पर स्टेशन परिसर उत्साह और उल्लास से गूंज उठा। इस मौके पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया। स्टेशन पर उनके पहुंचने पर रेलवे अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के रेल नेटवर्क का तेजी से आधुनिकीकरण हो रहा है। अयोध्या धाम को कई वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेन की सौगात मिलना इस बात का प्रमाण है कि अयोध्या अब वैश्विक मानचित्र पर तीर्थ और पर्यटन नगरी के रूप में उभर रहा है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि वंदे भारत का ठहराव अयोध्या की जनता के लिए सुखद समाचार है। इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सीधी और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा। यह अयोध्या के विकास और रोजगार की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा।

जनपद के चयनित 12 मुख्य सेविकाओं को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

- 12 मुख्य सेविकाओं में थारू जनजाति की 03 बेटियों ने हासिल की सफलता

बहराइच। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश के चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं एवं 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण हेतु लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित समारोह में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, एमएलसी पदमसेन चैधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ जिले के चयनित 12 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। लोकभवन सभागार में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया।विकास भवन सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में जिले की चयनित वन्दना वर्मा, रीतू मिश्रा, सौम्या चैधरी, शिखा मिश्रा, आयुषी चैधरी, शिवांकिता त्रिपाठी, प्रीति वर्मा, प्रतिभा सिंह, नीलम वर्मा, उर्मिला राणा, कु. रीता व संध्या कुमारी को मौजूद जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया है। इसके अलावा पोषण ट्रैक्कर ऐप व एफआरएस के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 06 मुख्य सेविकाओं तेजवापुर की रजनी सिंह यादव, नगर की पल्लवी श्रीवास्तव, पयागपुर शिवकुमारी सिंह, महसी की संजू पाण्डेय, फखरपुर स्मिता सिंह व मिहींपुरवा की बीना सक्सेना तथा 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों माया देवी, रेनू उर्फ सीमा, पुष्पा देवी, अनीता देवी, सविता पाण्डेय, पुष्पलता, नीतू पाण्डेय, दीपमाला राव, जशीमुन्ननिंशा व नीति सिंह, रूबी रिजवी व राशिदा बेगम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, डीडीओ राज कुमार, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार, डीसी मनरेगा रवि पाण्डेय, एनआरएलएम धनन्जय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी विमल सिंह, दीपा गुप्ता, सीमा इजराईल, अनुज कुमार, अंजली गुप्ता, गरिमा श्रीवास्तव, आनन्द कुमार सहित अन्य बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका, कार्यकत्री, नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं के अभिभावक तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

जनता का विश्वास खो चुकी है भाजपाः प्रमोद तिवारी

जिला संवाददाता

अयोध्या। अयोध्या नगर सीमा पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का भव्य स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह एवं महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने किया। प्रमोद तिवारी अयोध्या राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने उनके आवास भी पहुँचे। इसके उपरांत पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा जनता का विश्वास खो चुकी है और अब पूरे देश में वोट चोरी की साजिशें रच रही है। बिहार में महंगाई, बेरोजगारी, पलायन और आर्थिक संकट जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही जनता को राहत देने के बजाय बीजेपी-जेडीयू सरकार केवल सत्ता में बने रहने के लिए हरसंभव हथकंडे अपना रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने सीएम योगी से किया मुलाकात

- सीपी टैक्स समाधान और विकास कार्यों पर हुई चर्चा

अयोध्या। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक रामचन्द्र यादव और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने बुधवार को लखनऊ स्थित लोक भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान जनपद में चल रहे विकास कार्यों व जिला पंचायत द्वारा व्यापारियों पर लगाए जाने वाले सीपी टैक्स पर चर्चा की गई।जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा व्यापारियों पर लगाए गए सीपी टैक्स का मुद्दा मुख्यमंत्री में समक्ष प्रमुखता से उठाया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष के अनुसार मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस टैक्स के कारण खासतौर से छोटे व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस टैक्स पर व्यापारियों को राहत देने के लिए कोई उपयुक्त समाधान निकाला जाए। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र ही उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पंचायत चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी गई। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनाव प्रबंधन को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। हर घर हर मतदाता से अभी से सम्पर्क व सरकारी योजनाओं की चर्चा का मंत्र दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिला पंचायत कार्यालय में 32 पदों के सापेक्ष केवल 8 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिससे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने अतिरिक्त कर्मचारियों की उपलब्धता की मांग रखी।

मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों में सीपी टैक्स केवल कागजों पर लगाया गया था, जिसकी जानकारी व्यापारियों को नहीं दी गई और न ही समय पर इसकी वसूली की गई। अब अचानक इसकी वसूली की कार्रवाई से व्यापारी वर्ग में असंतोष और परेशानी बढ़ी है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आशा जताई कि मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से इस समस्या का समाधान जल्द ही हो जाएगा।

डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था शुरू

बाराबंकी। नगरपालिका परिषद नवाबगंज की तरफ से कूड़ा कलेक्शन के लिए डोर टू डोर अभियान शुरू किया गया। अभियान के अन्तर्गत नगरपालिकाकर्मियों ने घर-घर जाकर आम जनमानस को सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्र करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। अभियान की जानकारी देते हुये नगरपालिका परिषद अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि शासन के निर्देश पर डोर टू डोर अभियान प्रारंभ किया गया है। जनपद के 29 वार्डो मे नगरपालिका कर्मी डोर-टू-डोर जाकर सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्र करने के लिए प्रशिक्षण देगे। तथा नागरिकों को प्रभावी कचरा पृथक्करण (गीला, सूखा एवं हानिकारक कचरा) के महत्व के बारे में बतायेगे। ई0ओ श्री शुक्ला ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 10 बजे तक शत प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन सहित पूर्णतया डोर टू डोर वेस्ट (कूड़ा) कलेक्शन सुनिश्चित करना है। जिसके लिये नगरपालिका कर्मी जनपद के 29 वार्डो मे डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन से होने वाले लाभों के बारे में भी अवगत कराएंगे।

राजकीय सम्प्रेषण गृह किशोर और विशेष गृह किशोरी का निरीक्षण

बाराबंकी। महिला कल्याण विभाग द्वारा किशोर न्याय अधिनियम-2015 के अन्तर्गत संचालित राजकीय सम्प्रेषण गृह (किशोरी) एवं राजकीय विशेष गृह (किशोरी) का जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गृह में निवासरत किशोरियों की दैनिक आवश्यकताओं, आवासीय सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं, शिक्षा एवं सुरक्षा की स्थिति का जायजा लेते हुये स्वच्छता, व्यवस्थाओं और संसाधनों की गुणवत्ता को ओर बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होने गृह में रह रही बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिये जाने, मानसिक स्वास्थ्य सहित समग्र विकास के लिए नियमित रूप से वोकेशनल ट्रेनिंग किये जाने को लेकर निर्देशित किया। तथा स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

इस दौरान अधिकारियों ने किशोरियों से संवाद करते हुये उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुन आवश्यक कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चंद्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह सहित महिला कल्याण विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

वामन भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया रोटरी क्लब ने किया शोभा यात्रा स्वागत

बहराइच। भगवान वामन का जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया, जिसमें रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर सनातन धर्म प्रेमियों का जुलूस मौनी बाबा आश्रम से होते हुए बसीरगंज, गुड़री ,पीपल चौराहा, घंटाघर चौराहा, छोटी बाजार, गुरु नानक चौक ,स्टेडियम से होते हुए गोनार्ध लॉन में यह शोभा यात्रा संपन्न हुई।शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह पर आरती उतारी गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद और मिठाई खिलाई गई। गुड़री में सुमित खन्ना जी ने और घंटाघर चौराहे पर रोटरी क्लब द्वारा राम गोपाल शिव भगवान ज्वेलर्स पर बृहद रूप में प्रसाद वितरित किया गया।शोभा यात्रा में पंद्रह झाँकियाँ निकाली गईं, जिसमें भारत माता की झाँकी प्रमुख थी। इसके अलावा शंकर जी, लक्ष्मी जी, राम दरबार, शबरी माता का, गोवर्धन जी का, वैष्णो माता जी का, श्याम दरबार, महाकाल आदि की सुंदर झाँकियाँ निकाली गईं थीं इस यात्रा पर प्रशासन का बहुत बढ़िया सकारात्मक साथ रहा ,कहीं पर कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। रोटरी क्लब के कई सदस्य इसमें सम्मिलित होकर अपनी सेवाएँ दीं, जिनमें प्रमुख थे शिव भगवान रस्तोगी, प्रदीप केडिया, सुशील ट्रोलिया, कैलाश जैलान, अनिल कुमार बंसल, रामेश्वर नाथ रस्तोगी, डीपी सिंह, अनिल गोयल, राजकुमार लोहिया, अमरनाथ अग्रवाल और महेश गुप्ता।भारत विकास परिषद ने भी वामन भगवान के शोभा यात्रा में स्टेडियम के पास गुरु नानक चौक पर भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर, परिषद के सदस्यों ने फूलों की माला पहनाकर और आरती उतारकर जुलूस का स्वागत किया। साथ ही, श्रद्धालुओं को मिठाइयाँ वितरित की गईं और उनका अभिनंदन किया गया।

आज उ. प्र. राज्य महिला आयोग अध्यक्षा करेंगी जनसुनवाई

बाराबंकी। 28 अगस्त कलेक्टेज्ट स्थित डीआरडीए सभागार मे प्रात 11 बजे उ0प्र0 राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डा0 बबीता सिंह चैहान की अध्यक्षता मे महिला जनसुनवाई आयोजित किया जायेगा। पीड़ित महिलाये प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी समस्याओ को महिला आयोग अध्यक्षा के समक्ष प्रस्तुत कर सकती है। उक्त जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह ने दी।

पीटीओ ने किये 5 वाहन सीज

बाराबंकी। ओवर लोड बकाया टैक्स, डग्गामार समेत निजी वाहनो का व्यावसायिक उपयोग करने वाले वाहनो पर अंकुश लगाने की दिशा मे परिवहन विभाग की कार्यवाही जारी है। इस दौरान व्यावसायिक मे प्रयोग मिलने पर 5 निजी वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया गया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि बकाया टैक्स, ओवरलोड़, डग्गामार समेत अपंजीकृत और व्यवसायिक कार्यों में प्रयोग होने वाले निजी वाहनों के खिलाफ आज यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने लखनऊ-बाराबंकी हाइवे पर चेकिंग के दौरान 5 निजी वाहनो का कमर्शियल उपयोग मिलने पर सीज किया। तथा सवारियो को दूसरे वाहन द्वारा गतव्य की ओर रवाना करवाया गया। उन्होंने बताया कि अभियान लगातार चलाया जाएगा। चालक अपने वाहनों को वैध कागजात के साथ ही संचालित करें।

नये राम मन्दिर में गणपति पूजन सुरक्षा दीवाल का भी श्रीगणेश

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के परकोटे में विराजमान प्रथम पूज्य श्री गणेश भगवान का आज गणेश चतुर्थी पर विधिवत पूजन किया गया। साथ ही मन्दिर की लगभग चार किलोमीटर घेराव वाली सुरक्षा दीवाल के निर्माण का श्रीगणेश भी हुआ।

नवनिर्मित श्रीगणेश मन्दिर में यह पहला चतुर्थी पूजन था। आज की पावन तिथि पर ही श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की सुरक्षा दीवाल के निर्माण का शुभारंभ भी पूजन अनुष्ठान के साथ हुआ।इसमें ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, ट्रस्टी डा. अनिल मिश्र और निर्माण से जुड़ी एजेंसियों के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। इस मौके पर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम मंदिर परिसर के चारों ओर की सुरक्षा दीवार लगभग साढ़े तीन किलोमीटर लंबी है। सुरक्षा के सभी मानकों का ध्यान रखकर इसे बनाया जाएगा। इसे बनाने का काम इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड भारत सरकार को कार्य सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर परिसर के उत्तरी द्वार के पास पूजन करने सुरक्षा दीवार का मार्ग प्रशस्त किया गया है।

उत्पादों को ऑनलाइन फलेटफार्म उपलब्ध कराया जायेः डीएम

बहराइच। मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने कम्युनिटी इन्वेस्मेन्ट निधि, समूहों के ट्रांजिक्शन मॉनीटरिंग स्टेटस, कलस्टर लेविल फेडरेशन रिपोर्ट, ब्लाकवार सी.सी.एल. रिपोर्ट, एस.एस.जी. ट्रेनिग, बैंक प्रशिक्षण इत्यादि कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि स्वरोजगार के सृजन हेतु एन.आर.एल.एम. एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है। योजनान्तर्गत गठित समूहों को चयनित ट्रेड के अनुसार आवश्यक प्रशिक्षण दिलायें तथा बैंकों से समन्वय कर उन्हें समय से ऋण दिलाया जाय साथ ही समूहों के उत्पादों के बेहतर बांडिंग एवं मार्केटिंग हेतु स्किल डेवलप किया जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक विकास खण्ड के उत्कृष्ट एक समूह के उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफार्म की सुविधा प्रदान की जाय। डीएम ने कहा कि वर्तमान समय में लोग बाजार जाने के बजाय ऑनलाइन ही खरीदारी करने को प्राथमिकता दे रहें।

इसलिए समूहों के उत्पाद आनलाइन उपलब्ध होने से उनकी बिक्री में बढ़ोत्तरी होगी। डीएम ने निर्देश दिया कि जनपद में समूहों के मल्टीपल उत्पादों के हॉट लगवाये जाने की व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा कि हॉट के लिए जिला स्तर तथा ब्लाक स्तर पर उपयुक्त स्थान चिन्हित कर लिया जाय। डीएम ने कहा कि महिला स्वावलम्बन एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य हेतु संचालित ग्रामीण आजीविका मिशन को धरातल पर कार्यान्वित करने हेतु सभी लोग समन्वय के साथ प्रयास करें।

डीएम ने निर्देश दिया कि ऋण हेतु अधिक से अधिक समूहों का बैंकों में आवेदन कराया जाय तथा बैंकों से समन्वय कर समूहों को ऋण दिलाया जाय। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैंक शाखाओं से समन्वय कर लम्बित ऋण आवेदन-पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाय। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम धनंजय सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ आईएसबी, बीएमएम तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

मैकूपुरवा में चकबंदी चौपाल आयोजित

बहराइच। शासन की मंशा के अनुसार प्रदेश के चकबन्दी आयुक्त के निर्देश के अनुपालन में तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम मैकूपुरवा में मुख्य राजस्व अधिकारी/उप संचालक चकबन्दी देवेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में चकबन्दी कार्यों व समस्याओं के सम्बन्ध में चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सुखेन्द्र सिंह, चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम सुखेन्द्र सिंह, सहायक चकबन्दी अधिकारी विशेश्वरगंज रामकुमार वर्मा, चकबन्दीकर्ता प्रमोद कुमार वर्मा, चकबन्दी लेखपाल शेखर तिवारी, ग्राम प्रधान मैकूपुरवा एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मुख्य राजस्व अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि ग्राम सैकपुरवा के चक निर्माण का कार्य किया जा रहा है। मैकपुरवा ग्राम पंचायत में 10 मजरे लगते हैं, जिसमें सभी मजरों के कृषकों ने चैपाल में प्रतिभाग किया। चैपाल में उपस्थित कृषकों/ग्रामवासियों से संवाद करते हुए चकबन्दी प्रक्रिया के लाभों को बताया गया कि चकबन्दी में आप लोगों की बिखरी हुई जोतों को एकत्र किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार चकरोड व नाली दी जायेगी, जिससे कृषि कार्य करने में सुविधा हो।। ग्रामवासियों द्वारा की गयी शिकायतों में कुछ शिकायतों का निस्तारण स्थल पर करा दिया गया तथा कुछ शिकायतों के निस्तारण हेतु बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को निर्देशित किया गया है।

चोरी का माल बरामद, दो गिरफ्तार

बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपराध नियंत्रण व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच के निर्देशन में दिनांक 26.08.2025 को उ0नि0 श्री सुरेन्द्र प्रताप बौद्ध मय हमराह व स्वाट टीम द्वारा मु0अ0स0- 184/25 धारा-305(अ)/317(2) इठर से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. देवानंद श्रीवास्तव पुत्र बनारसी लाल श्रीवास्तव उम्र 32 वर्ष 2. मोहित लाल पुत्र बनारसी लाल उम्र करीब 35 वर्ष निवासीगण परसौरा माफी पोस्ट टेडवा महन्त थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को मा0 सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार के आदेशो निदेशों का अक्षरशः पालन करते हुए मो0 मंसूरगंज के पास से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय बहराइच के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु पुलिस अभिरक्षा में रवाना किया गया।

समिति संयोजकों की बैठक

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 30 वें दीक्षांत समारोह की आयोजन के तहत आज 27 अगस्त 2025 को कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में कुलसचिव विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समितियो के संयोजकों के साथ बैठक आयोजित की गई। विश्वविद्यालय में तीसवां दीक्षांत समारोह आगामी 4 अक्टूबर को होने जा रहा है। दीक्षांत समारोह के भव्य आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में 23 समितियां गठित की गई है।

संक्षेप

हत्या के मामले में ससुर-पत्नी को जेल

रायबरेली। सातनपुर गांव में हुई अजीत की हत्या के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी व ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी लालगंज प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद मृतक अजीत के पिता की तहरीर पर 7 लोगो के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला पजीकृत किया गया था। इसी मामले में उससे ससुर विश्वनाथ व पत्नी विमला को पकड़कर जेल भेजा गया है।

दो बाइक चोर भेजे गये जेल

रायबरेली। लालगंज कोतवाली पुलिस ने बाईक चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मेरूई गांव के पास से पवन कुमार की बाईक चोरी हुई थी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। जिसके बाद मामले की जांच के दौरान शुभम्पुत्र रामनरेश व अंकुर द्विवेदी पुत्र सुभाष निवासी इंदिरा नगर रायबरेली को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी गई बाईक भी बरामद की है। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ संबधित धाराओं में मामला पंजीकृत करते हुए उन्हे जेल भेज दिया है।

कीड़े के काटने से महिला गंभीर

मथुरा। थाना जमुनापार क्षेत्र के अजय नगर में एक महिला जहरीले कीड़े ने काट लिया। महिला को गंभीर हालात में उपचार को जिला अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने चिकित्सीय परीक्षण के बाद हालात चिंताजनक देखते हुये आगरा रैफर कर दिया। बताया जाता है कि जमुना पार के गांव अजय नगर निवासी नगीना पत्नी बहादुर अपने घर के पास स्थित प्लॉट में काम कर रही थी। अचानक जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। कुछ ही समय में उसका शरीर सुन्न पड़ने लगा और वह बेहोश हो गई। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने महिला की स्थिति देखते हुए उसे आगरा रैफर कर दिया। वहां एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार कीड़े का जहर बेहद तेज था। इसके कारण महिला का पूरा शरीर पैरालाइज हो गया है। अभी तक उसे होश नहीं आया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में यहां जहरीले कीड़ों की संख्या अधिक हो जाती है। ऐसी घटनाएं पहले भी कई हो चुकी हैं। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। परिवारजन महिला के जल्द ठीक होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

पहलवानों ने दिखाया दमखम बराबरी पर छूटा फाइनल

रायबरेली। लालगंज के पूरे नोखेराय मजरे बेहटा कलां गांव स्थित भैरवनाथ मंदिर प्रांगण में विशाल दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के पहलवानों के साथ अन्य प्रदेशों के कई पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। फाइनल मुकाबला चीता पहलवान पंजाब और सत्येंद्र सिंह छाबरा के मध्य हुआ। लगभग 40 मिनट तक एक दूसरे को चित करने की कोशिश करते रहे लेकिन नतीजा सिफर रहा। अंत में दंगल कमेटी व रेफरी ने मुकाबला बराबरी का घोषित कर दिया। दंगल का उद्घाटन करते हुए पूर्व विधायक अशोक सिंह ने पहलवानों को हाथ मिलाकर कुश्ती की शुरूआत कराई। पूर्व विधायक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव में छिपी हुई प्रतिभाओं का निखार होता है और यही क्षेत्रीय अखाड़े में लड़कर पहलवान प्रदेश लेवल तक जाते है।

किसानों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

महराजगंज, रायबरेली। कस्बे के माता जसवंतरी देवी मंदिर प्रांगण से भाजपा नेता व पूर्व विधायक रामलाल अकेला के नेतृत्व में बड़ी तादाद में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी तहसील के मुख्य द्वार से होकर एसडीएम कार्यालय के सामने पहुंचे और तहसीलदार मंजुला मिश्रा को एक ज्ञापन सौपा। यह प्रदर्शन किसानों की समस्याओं को लेकर था, जिसमें मुख्य रूप से बछरावां विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शिवगढ़ ड्रेन महराजगंज ड्रेन नेरथुआ ड्रेन कसरांवा ड्रेन हसवा ताल व सिकंदरपुर मूंग ताल ड्रेन में आई बाढ़ के कारण किसानों को हजारों एकड़ भूमि में खड़ी धान की फसल बर्बाद हो गई प्रभावित ग्राम पंचायत में बहुदा खुर्द बेड़ारु ढेकवा पहाड़पुर रानीखेड़ा बसंतपुर सकतपुर बंकागढ़ सिकंदरपुर उमरपुर छीटखेड़ा ताजुद्दीनपुर मुरैनी अलीपुर हलोर पुरासी मोन कुबना में विशेष नुकसान हुआ है किसानों ने मांग करी है कि सरकार उनके नुकसान की मुआवजे के रूप में भरपाई करें।

किसानों ने बताया कि क्षेत्र में खाद की भारी किल्लत से किसानों को परेशानी हो रही है। साथ ही हाल ही में हुई बारिश और नालों व ड्रेनों की सफाई न होने के कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। खेतों में भरा पानी अब तक नहीं निकला, जिससे किसानों की खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामलाल अकेला किसानों के साथ महराजगंज पावर हाउस पहुँचे और वहाँ बिजली से जुड़ी समस्याओं को लेकर अधिकारियों से वार्ता करी। किसानों ने बताया कि अक्सर बिजली कटौती होती है और मरम्मत कार्यों में लापरवाही बरती जाती है, जिससे सिंचाई भी प्रभावित हो रही है।

रामलाल अकेला ने कहा कि, किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। न खाद मिल रही है, न जल निकासी की व्यवस्था है, और न ही बिजली आपूर्ति ठीक है। ड्रेनों की समय पर सफाई नहीं होने से जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है, जिससे फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। तहसील प्रशासन को तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए और किसानों के हुए नुकसान की जमीनी स्तर पर जांच करवा कर शासन द्वारा आपदा प्रबंधन कोष से मिलने वाली सहायता राशि अविलंब उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उधर ज्ञापन प्राप्त होने के बाद तहसीलदार महराजगंज मंजुला मिश्रा ने पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामलाल अकेला को आस्वस्त करते हुए कहा कि, जिन क्षेत्रों में जल भराव की समस्या से किसानों के धान की फसलों का नुकसान हुआ है, उन क्षेत्रों में लगातार राजस्व टीम लगाकर सर्वे कराया जा रहा है, और किसानों को चिन्हित भी किया जा रहा है। जिन किसानों की फसले पानी में डूब गई है, जांच आख्या शासन के समक्ष प्रस्तुत कर मिलने वाली हर संभव सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

पालिका व पुलिस ने न्यू कपड़ा मार्केट में हटाया अतिक्रमण

टूंडला। उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस लगा था। जिसमें न्यू कपड़ा मार्केट में दुकानदारों ने अपना सामान रखकर अतिक्रमण करने की शिकायत प्राप्त हुई, उक्त शिकायत पर ईओ टूंडला व थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराया।

उप जिलाधिकारी अनुराधा सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस लगा था। जिसमे कपड़ा मार्केट में दुकानदार द्वारा अपना सामान रखकर अतिक्रमण करने की शिकायत पर उपजिलाधिकारी के आदेश पर अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी द्वारा उक्त शिकायत को तत्काल संज्ञान लेते हुए अतिक्रमण प्रभारी अशोक कुमार शर्मा को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। प्रभारी द्वारा उक्त शिकायत पर पुलिस प्रशासन व पालिका टूंडला की अतिक्रमण टीम के साथ दुकानदारो द्वारा किए गए। अतिक्रमण को मौके पर पहुँचकर हटवा दिया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक प्रशांत कुमार, कांस्टेबल मोहन कुमार, अतिक्रमण प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, पंकज, यतेंद्र कुमार, यशवीर, रंजीत कुमार, बिक्की बाबू आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

हरतालिका तीज पर भगवान बालेश्वर मंदिर में धूमधाम से हुई पूजा और आरती

लालगंज, रायबरेली। लालगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध शिव धाम श्री बालेश्वर बाबा मंदिर में हरितालिका तीज त्योहार के अवसर पर सायं काल विधि विधान से भगवान शंकर का जलाभिषेक और श्रृंगार किया गया। पंडित झिलमिल जी महराज के द्वारा धार्मिक मंत्रोचार के साथ भगवान शंकर के शिवलिंग की गंगाजल, दूध, दही, शहद, घी, पंचामृत, बेलपत्र, धतूरा, अक्षत फूल आदि पूजा सामग्री से भगवान शंकर का श्रृंगार किया गया। पंडित झिलमिल जी महाराज ने कहा कि विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा करने से भक्तों को उनकी कृपा और आशीर्वाद निश्चित रूप से प्राप्त होता है। वहीं हरितालिका तीज पर और बाबा बाल्हेश्वर जी की असीम अनुकल्पा से चंदन त्रिवेदी के द्वारा कैलाशपति भगवान शंकर की गाथाओं से ओतप्रोत शिव पुराण बाबा के चरणों में अर्पित की गई। इस अवसर पर पंडित झिलमिल महाराज, कीर्ति मनोहर, सुशील शुक्ला, देवेश अग्निहोत्री, रोहित शुक्ला, मृदुलेश त्रिपाठ, शिवम बाजपेई, झब्बू बाजपेई व तमाम बाबा के भक्त उपस्थित रहे।

23 मुख्य सेविकाओं को जिपं अध्यक्ष और डीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

अमेठी। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में चयनित 2425 मुख्य सेविकाओं एवं 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसके उपरांत जनपद अमेठी के विकास भवन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि एवं जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपद अमेठी की चयनित 23 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री के नियुक्ति पत्र वितरण एवं संबोधन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। नियुक्ति पत्र पाने वालों में प्रगति जायसवाल, शालिनी जायसवाल, पूनम पांडे, सरोज यादव, आंचल, मंजरी, प्रिया, सौम्या त्रिपाठी, साधना, जागृति देवी, नीलम यादव, प्रियंका यादव, ज्योति सागर, रचना यादव, ज्योति यादव, लक्ष्मी, अर्चना यादव, संगीता यादव, संगीता, निशा गौतम, सरिता सिंह, प्रीतमा व सृष्टि सिंह के नाम शामिल है। इस अवसर पर मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने नव चयनित मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज अगर यह भर्ती पारदर्शी तरीके से ना हुई होती तो साधारण परिवार से आने वाले बच्चों का चयन नहीं हो पाता, यह माननीय मुख्यमंत्री जी के निष्पक्ष और कुशल कार्य प्रणाली का ही परिणाम है कि जो जितनी मेहनत कर रहा है उसे उसका फल मिल रहा है, आप सभी लोग अपने पद के दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, सीडीपीओ अरविंद कुमार, संतोष गुप्ता, धर्मेंद्र गौतम, रूपेश कुमार, शिवानी दीक्षित सहित अन्य संबंधित अधिकारी व नव चयनित मुख्य सेविकाएं उपस्थिति रही।

रायबरेली की शिक्षिका राज लक्ष्मी वर्मा को मिलेगा राज्य अध्यापक पुरस्कार 2024

रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2024 के लिए राज्य अध्यापक पुरस्कार की घोषणा कर दी है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए रायबरेली जिले के बछरावां विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय, सुदौली में तैनात शिक्षिका राज लक्ष्मी वर्मा का चयन किया गया है। शिक्षिका राज लक्ष्मी वर्मा को यह सम्मान शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर, 2025 को प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा, दीपक कुमार ने आधिकारिक पत्र जारी कर चयनित शिक्षकों की सूची को मंजूरी दी है राज लक्ष्मी वर्मा को यह पुरस्कार उनके शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण योगदान, नवाचार और समर्पण के लिए दिया जा रहा है। उच्च प्राथमिक विद्यालय, सुदौली में कार्यरत राज लक्ष्मी ने अपने शिक्षण कौशल, छात्रों के शैक्षिक स्तर को उन्नत करने और विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। उनकी शैक्षिक पहल, विशेष रूप से निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों के अधिगम स्तर को बेहतर करने और ड्रॉपआउट दर को कम करने में उनके प्रयासों को विशेष रूप से सराहा गया है। राज्य अध्यापक पुरस्कार 2024 के लिए चयन प्रक्रिया अत्यंत पारदर्शी और कठिन थी। बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश ने इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी, जिसमें शिक्षकों को प्रेरणा वेब पोर्टल के माध्यम से 1 जनवरी, 2025 से 25 फरवरी, 2025 तक आवेदन करना था। चयन के लिए शिक्षकों को न्यूनतम 15 वर्ष की सेवा, उत्कृष्ट सेवा अभिलेख, और विद्यालय में छात्र नामांकन की निर्धारित सीमा जैसे मापदंडों को पूरा करना अनिवार्य था। राज लक्ष्मी वर्मा ने इन सभी मापदंडों को न केवल पूरा किया, बल्कि अपने नवाचारी शिक्षण विधियों, जैसे कि आईसीटी (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) और कम लागत वाली शिक्षण सामग्री का उपयोग कर बच्चों के लिए पढ़ाई को रोचक और प्रभावी बनाया। उनके विद्यालय में नियमित उपस्थिति, सामुदायिक सहभागिता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में योगदान ने भी चयन समिति को प्रभावित किया।

गणेश चतुर्थी पर चंदा ग्रीन सोसाइटी में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित

मथुरा। आज चंदाग्रीन वेलफेयर सोसायटी ट्रांसपोर्ट नगर में गणेश चतुर्थी पर श्रीगणेश की प्रतिष्ठास्थापित की गई। पिछले चार वर्षों से गणेश चतुर्थी पर प्रतिष्ठास्थापित किये जाते रहे हैं। इस वर्ष भी गणेश भगवान को पूरे चंदा ग्रीन सोसाइटी के लोगों ने प्रतिमा को लेकर सोसाइटी में घूमते हुए 10 दिन के लिए प्रतिष्ठास्थापित किया गया। नरेंद्र दीक्षित व रिंकी दीक्षित ने बताया 10 दिन तक भगवान गणेश जी की आराधना करते हुए पूरे सोसाइटी में धार्मिक आयोजन कवि जायेंगे। इससे आपसी भाईचारा बढ़ता है, हम पिछले 5 वर्षों गणेश चतुर्थी पर आयोजन कर रहे हैं, आगे भी पूरी सोसाइटी के लोगों के साथ आयोजन करते रहेंगे। गणेश भगवान जी का प्रतिष्ठास्थापित विधि विधान के साथ हरिओम पंडित के द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर मुन्नी लाल शर्मा, विनोद दीक्षित, सलिल सक्सेना, अंकित, शिवम दीक्षित, कुशाग्र दीक्षित, के बी सिंह, पूर्णिमा चैधरी, निवेशका दीक्षित आदि मुख्य रूप से शामिल।

दिया गया अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण

अमेठी। एसपीअपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर अग्निशमन एवं आपात सेवा केन्द्र अमेठी की ओर से अग्नि सचेतक प्रशिक्षण अभियान का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व अग्निशमन अधिकारी शिवदरस प्रसाद ने किया। प्रशिक्षण के दौरान इंदिरा गाँधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं एवं शिक्षकों को आग के विभिन्न प्रकारों और उन पर प्रयोग होने वाले अग्निशमन उपकरणों की जानकारी दी गई। साथ ही प्राथमिक उपकरणों का संचालन, फायर ट्रेंगल, धुएं से सुरक्षित बाहर निकलने की विधि, होज रील व ब्रांच पाइप का प्रयोग, आग के प्रसार को रोकने के उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया गया। अभियान में फायर टेंडर में लगी होजरील और फायर बुलेट की सहायता से आग बुझाने का अभ्यास भी कराया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को बताया गया कि आग लगने पर धुएं की स्थिति में झुककर या बैठकर बाहर निकलें।

विद्या भारती पूरे भारत में जगा रहा शिक्षा की अलख, गढ़ रहा शिक्षा के नये आयाम

भेंटुआ ,अमेठी। विद्या भारती की गुणात्मक शिक्षा जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश ग्राम भारती परतोंष अमेठी परिसर में स्थित प्रदेश कार्यालय पर वार्षिक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। अमेठी जनपद के अनेक पत्रकार बंधुओं की उपस्थिति में क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र, जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश के प्रदेश मंत्री अनुग्रह नारायण मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह चौहान, प्रदेश निरीक्षक राम बहादुर दीक्षित, सम्भाग निरीक्षक उपस्थित रहे। जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश, विद्या भारती की गुणात्मक शिक्षा की दृष्टि में अपने प्रदेश के अनेक क्षेत्र में स्थित जनजातीय जिला के सीमावर्ती क्षेत्र के विषय में विस्तार से बताया। काशी प्रदेश 12 जनपदों में 220 विद्यालय का संचालन कर रहा है जिसमें तीन संभाग हैं 157 विकासखंड है जिनमें 120 विद्यालय औपचारिक विद्यालय हैं 250 अनौपचारिक विद्यालय, 20 जनजाति, दो निःशुल्क जनजातीय जो चंदौली एवं सोनभद्र में संचालित हैं। 145 संस्कार केंद्र चार एकल शिक्षा केंद्र संचालित है, वर्तमान में 31972 छात्र-छात्राएं विद्या भारती के विद्यालय में अध्यनरत है जिसमें 602 मुस्लिम तथा 40 दिव्यांग बच्चे है। विद्या भारती के पूर्व छात्रों का बहुत बड़ा नेटवर्क है जिसमें 16000 से अधिक छात्र पोर्टल पर पंजीकृत हैं। विद्या भारती के विद्यालयों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए बाल शिक्षा आधारित शिशु वाटिका संचालित हैं। खेल खेल में, कहानी द्वारा, हस्तकला, नैतिक एवं आध्यात्मिक आधार पर तनाव मुक्त परीक्षा रहित एवं गृह कार्य से मुक्त शिक्षा दी जाती है। प्रौद्योगिकी का समन्वय -विद्यालय में अक्ष 'डिजिटल प्लेटफार्म, डिजिटल क्लासरूम, बनाए गए हैं। जो ठएद 2020 के अनुरूप कार्यरत हैं। वर्तमान में आठ विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की जा चुकी है।

डॉ.सलीम को मिला इंटरनल फ्लेम ऑफ होम्योपैथी अवार्ड

रायबरेली। गोवा इंटरनल फ्लेम आफ होम्योपैथी अवार्ड से नवाजे गये डॉ. सलीमके एक नामचीन फाईव स्टार होटल में ऑल इंडिया एविडेंस बेस्ट रिसर्च होम्योपैथी कान्फ्रेस 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के प्रसिद्ध एवं एकमात्र होम्योपैथी चिकित्सक डा. सलीम को भी आमत्रित किया गया था। क्रिकेट जगत की मशहूर हस्तियों के बीच देश के 300 नामचीन चिकित्सको की उपस्थिति में डॉ. सलीम ने अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए डा. सलीम ने बताया कि बेस्ट रिसर्च होम्योपैथी समिट में ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्पाईन पैरालिसिस के साथ विकलांग रोगियों संबधी शोध को प्रमाणों को साथ प्रस्तुत किया। जिस पर आष्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने उन्हे इंटरनल फ्लेम आफ होम्योपैथी अवार्ड से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी डा. सलीम को देश विदेश में उनकी अनोखी चिकित्सा पद्धति के लिये नामचीन हस्तियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। वहीं पैरालिसिस के क्षेत्र में उनकी खोज के लिये पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उन्हें बेस्ट रिसर्चर आफ पैरालिसिस के अवार्ड से सम्मानित किया। एक ही कार्यक्रम में दो अवार्ड पाने वाले एकमात्र चिकित्सक डा. सलीम की इस उपलब्धि पर आयोजक डा. नितीशचंद्र दुबे समेत नगर पंचायत अध्यक्षा सरिता गुप्ता, दीपेंद्र गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल भदौरिया, प्रदीप सिंह, सचिन सिंह, मो. जावेद, डा. राजीव सिंह, डा. दीपक देशमुख, डा. अभिराम कटियार, डा. रफत आलम, डा. सुनील त्रिवेदी, डा. शंहशाह आलम, डा. आदर्श त्रिपाठी, डा. कल्पना कुशवाहा, डा. करीम, डा. अलीम, डा. साबिर, डा. प्रभास चैधरी, हाजी अब्दुल सत्तार, रहमतुन निशां, मो. साबिर, रियाज, नीरज आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हे बधाई दी है।

बालिकाओं ने घर पर ही बनायी भगवान गणेश की प्रतिमा

लखनऊ। कहते हैं कलाकार की उम्र या जाति नहीं होती यह बात सटीक बैठती है ओमनगर में रहने वाली दो बालिकाओं पर जिन्होंने साबित कर दिखाया है। निमिषा और अर्पिता निषाद ने हर बार की तरह इस बार भी इन बालिकाओं ने गणपति को घर लाने की सोची। पहले तो बाजारों की खाक छानी फिर मन में आया कि बाजार से खरीदने से बेहतर घर पर ही मौजूद संसाधनों से गणपति महाराज की प्रतिमा तैयार कर ली जाये। मन में गणपति की आशा और विश्वास से इन दोनों बालिकाओं ने मूर्ति को आकार रूप देने का शुभारंभ किया और कम समय में भगवान गणेश की अद्भुत मूर्ति को आकार दे दिया। घर में मौजूद वरिष्ठ परिजनों के सहयोग से यह काम और आसान हो गया और इस तरह अपनी कलात्मक प्रतिभा का उपयोग कर दोनों बालिकाओं ने अपने घर पर ही गजानन की मूर्ति बनाकर पूजन-अर्चन शुरू कर दिया है।

बदहाल मार्ग को लेकर भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने की जिलाधिकारी से मुलाकात

भेंटुआ,अमेठी। करीब दो साल से बदहाल घटकौर - गैरिकपुर संपर्क मार्ग को ठीक कराने के लिए भाजपा प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलकर क्षेत्रवासियों के समस्या निदान की मांग की। जिलाधिकारी ने आगामी दिसंबर तक मार्ग ठीक कराने का आश्वासन दिया। क्षेत्र के हारीपुर - रसवादा मार्ग से निकलकर घटकौर - गैरिकपुर मार्ग लंबे समय से बदहाल है। सड़क से हर रोज सैकड़ों राहगीरों समेत स्कूली बच्चों, व्यवसाई वर्ग के लोगों का भी आवागमन है। बदहाल मार्ग को सही कराने के लिए आसपास के ग्रामीणों सहित राहगीरों ने भी मुख्यमंत्री पोर्टल सहित स्थानीय विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन नतीजा शून्य रहा। बारिश के चलते सड़क पर हुए गढ्ढे जलभराव के चलते जानलेवा हो गए हैं।स्थानीय लोगों की माने तो सड़क पर अनेकों लोग हर रोज गिरकर चोटिल होते रहते हैं। घटकौर से गैरिकपुर सम्पर्क मार्ग को ठीक कराने के लिए भाजपा मंडल महामंत्री भेंटुआ महात्मा प्रसाद तिवारी ने भाजपा कार्यकताओं के साथ अमेठी जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर समस्या से अवगत कराया। इन्होंने बताया कि जिलाधिकारी अमेठी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आगामी दिसंबर तक सड़क सुधार का आश्वासन दिया है। इस मौके पर संजय मिश्रा, राजकुमार जायसवाल, सन्तोष कुमार पाण्डेय, अनूप कुमार तिवारी, इंद्रेश श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश तिवारी के साथ तमाम ग्रामीण रहे।

पीड़िता ने की सहन की जमीन से जबरन रास्ता निकालने की शिकायत

नसीराबाद, रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र की एक महिला ने कुछ लोगों पर शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी पुरानी सहन की जमीन पर जबरन रास्ता निकाल कर कब्जा करना चाहते हैं जिसकी शिकायत जिलाधिकारी और सलोन एसडीएम चंद्रप्रकाश गौतम से करते हुए न्याय की मांग की एसडीएम ने मामले को संज्ञान लिया और बुधवार को मौके पर जांच टीम भेजकर जांच कराई तो मामला निराधार बताया गया दरअसल में उक्त थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे जगन्नाथ मजरे भेलिया गांव मे कुछ लोगों द्वारा पुरानी आबादी की जमीन कब्जा कर रोड बनाने की कोशिश की गई। दोनो महिलाओं का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग सहन की जमीन से जबरन रास्ता निकालना चाहते है महिलाओं ने राजस्व और पुलिस पर भी विपक्षियों का साथ देने का आरोप लगाया है। पूरा मामला उक्त गांव निवासी महिलाएं बकरीन और साबतून ने आरोप लगाया कि गांव के ही मुस्ताक, अब्बास, नूर मोहम्मद तथा इस्माइल ने मिलकर उनके पुरानी सहन की जमीन से जबरन रास्ता निकलना चाहते है जबकि उनके घर के बाद किसी और का घर भी नही है और उधर से कोई रास्ता आदि भी नही है बावजूद इसके विपक्षियों ने 21 जुलाई को दरोगा और सिपाही की मौजूदगी में पीड़िताओं की रख्खी मौरंग व ईट आदि फेखने लगे और बांस की कोठी को कटने की कोशिश की विरोध करने विपक्षियों ने महिलाओं को मारापीटा और भद्दी भद्दी गलिया भी दी मौके पर मौजूद पुलिस तमाशबीन बनी देखती रही जबकि महिलाओं ने न्याय के लिए न्यायालय में वाद दायर किया है जो विचाराधीन है जांच टीम से बात करने पर जवाब मिला कि महिलाओ द्वारा जो भी आरोप लगाया गया है वह निराधार है। रिपोर्ट उच्च अधिकारीयों को सौंपी जाएगी।

मथुरा की टीम ने पाया उपविजेता खिताब

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। जनपदीय क्रीड़ा समिति मथुरा के सचिव डॉक्टर पदम सिंह कौन्तेय ने बताया कि बुधवार को आर आर एम इंटर कॉलेज बछगांव फिरोजाबाद मे आयोजित 69 वीं माध्यमिक विद्यालय मंडलीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जनपद मथुरा की ओर से विनोद पाल खेल शिक्षक एवं कोच जवाहर विद्यालय इंटर कॉलेज मथुरा के निर्देशन में टीम ने प्रतिभा करते हुए शानदार प्रदर्शन करते हुए मंडलीय प्रतियोगिता में 14 वर्षीय बालक वर्ग एवं 19 वर्षीय बालक वर्ग में उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।

जनपद के खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र सिंह सह जिला विद्यालय निरीक्षक यशपाल सिंह एवं जनपद की समस्त प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में से चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।

एनसीसी कैडेटों लिया राइफल प्रशिक्षण

टूंडला। रामसिंह महाविद्यालय नगला सिकंदर टूंडला एटा रोड फिरोजाबाद के सभी एन.सी.सी कैडेटों ने 6यूपी वाहिनी फिरोजाबाद के कमांडेंट कर्नल के.के सिंह के निर्देशन में 5यूपी वाहिनी शिकोहाबाद में 0.22 राइफल से शिष्ट लेना एवं राइफल के भागों की जानकारी और सेल्युलेटर पर फाइट किया। इसी दौरान औचक निरीक्षण पर पहुंचे आगरा ग्रुप कमांडर बिग्रेडियर एन. एस चारग ने सभी कैडेटों को एन. सी.सी ज्वाइन करने के लिए बधाई दी साथ ही एन.सी.सी के फायदे और सेना में मिलने वाली छूट के फायदे बताए, फायरिंग के अवसर पर 5यूपी कमांडर कर्नल सज्जन सिंह एवं सूबेदार संतोष कुमार चाहर एवं सूबेदार सुशील चाहर रामसिंह कॉलेज के ए.एन.ओ सीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

वाहनों की फिटनेस जांच और परिवहन सुरक्षा को लेकर दिये गये सख्त निर्देश

अमेठी। जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम न्यायिक अनिल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विद्यालय वाहनों की फिटनेस जांच, सुरक्षा मानकों और परिवहन व्यवस्था को लेकर व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद के सभी सरकारी, अर्ध सरकारी और मान्यता प्राप्त विद्यालयों के वाहनों की नियमित फिटनेस जांच कराई जाती है मानक के अनुरूप न पाए जाने वाले वाहनों पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही भी की जाती है। बैठक में एडीएम ने कहा कि विद्यालयों में प्रयुक्त होने वाले वाहनों की लापरवाही से यदि कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी सीधे विद्यालय प्रबंधन और चालक की होगी। उन्होंने सभी विद्यालय प्रबंधकों को निर्देश दिया कि वह अपने वाहनों की नियमित फिटनेस जांच करते रहें और शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक विद्यालय में परिवहन सुरक्षा समिति का गठन किया जाए और जहां गठन नहीं हुआ है वहां तत्काल कार्रवाई की जाए। वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को ना बैठाया जाए तथा वाहन चालक के पास सभी वैद्य दस्तावेज उपलब्ध रहें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों या ड्राइविंग के दौरान मोबाइल, इयरफोन का प्रयोग करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। एडीएम ने विद्यालय के प्रबंधकों को निर्देश दिया कि मानक के विपरीत ऑटो व ई रिक्शा से बच्चों को विद्यालय भेजने से अभिभावकों को रोके और बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करें साथ ही नाबालिक बच्चों द्वारा बाइक या स्कूटी चला कर विद्यालय आने पर भी रोक लगाने के निर्देश दिये।

संक्षेप

झोपड़ी की दीवार के मलवे में दबे एक ही परिवार के 3 सदस्य

शिकोहाबाद। थाना मटसेना केफरौल नगरिया में भारी बरसात के चलते एक किसान के घर की कच्ची दीवार ढह गई। हादसे में एक ही परिवार के 3 सदस्य दीवार के मलवे में दब गए। हादसा होते ही गांव में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आनन फानन में सभी घायलों को मलवे से बाहर निकाला। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए शिकोहाबाद के सयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया। रामनरेश 35 पुत्र जनक सिह निवासी फरौल नगरिया थाना मटसेना अपनी पत्नी कल्लो देवी 31, अर्जुन 08 व बेटी रचना के साथ घर में था। बरसात के चलते अचानक से मकान की कच्ची दीवार ढह गई। मकान की दीवार ढहने से उसके पास लेते दम्पति व बेटा मलवे में दब गया। जबकि हादसे में बेटी बाल बाल बच गई। हादसा होते ही गांव में अफरा तफरी मच गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर मलवे में दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए शिकोहाबाद के सयुक्त जिला अस्पताल में बुधवार की सुबह भर्ती कराया।

5 ट्रैक्टर सहित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस ने किसानो के साथ धोखाधड़ी व चोरी गये 5 ट्रैक्टर कीमत 35 लाख रुपए बरामदगी सहित 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना शिकोहाबाद पर किसानों से धोखाधड़ी व चोरी किए गए ट्रैक्टरों से पंजीकृत मुकदमे में ट्रैक्टरों की बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। गठित पुलिस टीमों द्वारा 13-08-2025 को 4 अभियुक्तों को 12 ट्रैक्टर कीमत करीब 1 करोड़ रुपये बरामदगी सहित न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। इसी क्रम में गठित टीमों द्वारा 1 अभियुक्त टीटू यादव पुत्र बलवीर निवासी ग्राम नगला मोती थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद को 5 ट्रैक्टर लगभग 35 लाख रु. की कीमत सहित गिरफ्तार किया गया है।

टूंडला में दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण का शुभारंभ

फिरोजाबाद। उत्तर भारत के ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शारदीय नवरात्रों से पहले ही टूंडला कस्बे में भव्य पंडाल निर्माण का शुभारंभ कर दिया गया है। श्री हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी द्वारा आयोजित इस वर्ष का 27वां दुर्गा पूजा महोत्सव ठाकुर वीर सिंह महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। गणेश चतुर्थी पर कमेटी के सदस्यों ने मैदान में भूमि पूजन कर पंडाल निर्माण का काम शुरू किया। आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने छोटी-छोटी कन्याओं से भूमि पूजन कराया, इसके बाद पंडाल निमार्ता ने निर्माण कार्य आरंभ किया। महासचिव रंजीत गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम 29 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगा। भूमि पूजन और शुभारंभ कार्यक्रम में हनुमान मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष चरण यादव, हरेंद्र शर्मा, संजीव गौतम, अनिल चौधरी, संदीप चौधरी, रिंकू चौधरी, सौरभ शर्मा, सी के ठाकुर, सुनील सिकरवार, सुदीप शर्मा, संदीप शर्मा और निशांत गुप्ता उपस्थित रहे। पंडाल निर्माण के साथ ही महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं और स्थानीय लोग इसे लेकर उत्साहित दिखाई दे रहे हैं।

राधाष्टमी को लेकर बरसाना में की गयी तैयारियों की समीक्षा

मथुरा। बरसाना में राधा अष्टमी महोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को आगरा मंडल के कमिश्नर और एडीजी जोन ने बरसाना के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में गोस्वामी समाज के सदस्य, स्थानीय निवासी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

बताया जाता है कि 31 अगस्त रविवार को बरसाना के श्रीजी मंदिर में राधा के जन्म पर राधा अष्टमी महोत्सव देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिये सुगमता से दर्शन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुधवार को बरसाना के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आगरा मंडल के कमिश्नर शैलेन्द्र कुमार सिंह और एडीजी जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ, डीआईजी शैलेश कुमार पांड़े, डीएम सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार के अधिनस्थ अधिकरियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रशासन ने भक्तों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। मेला क्षेत्र को जोन और सेक्टरों में बांटा गया है। हर जोन और सेक्टर के लिए अलग-अलग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। स्वच्छता को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। राधा रानी मंदिर में भीड़ को देखते हुए लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था की जाएगी। इससे दूर से भी भक्त दर्शन कर सकेंगे। डीएम और एसएसपी ने सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य है कि राधा अष्टमी महोत्सव के दौरान भक्तों को कोई असुविधा न हो। बरसाना में लाडली सरकार के दर्शनों को उमड़ने वाली लाखों की भीड़ को बेहतर चिकित्सा व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने माइक्रो प्लान तैयार कर लिया है। भीड़ को देखते 30 व 31 अगस्त तक दो-दो शिफ्टों में चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती रहेगी। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सीएचसी कंट्रोल रूम, एंबुलेंस और अस्थाई चिकित्सा केंद्रों की भी व्यवस्था की गई है। सीएमओ कार्यालय की ओर से तैयार प्लान के अनुसार राधारानी मंदिर प्रांगण, मंदिर प्रवेश द्वार सीढ़ियों के पास, राधा स्वामी बगीची, वृषभान कुंड तिराहा (बस स्टैंड), मान मंदिर, थाना बरसाना, राणा की प्याऊ, परिक्रमा मार्ग गहवर वन, पुराने मंदिर के बाहर, मंदिर निकास द्वार, ब्रज तीर्थ विकास परिषद कार्यालय, कटारा चौक (सुदामा चौक), बृजेश्वरी इंटर कालेज (प्रशासनिक कंट्रोल रूम) समेत 14 प्वाइंटों पर चिकित्सा टीमें मौजूद रहेंगी। मुख्य कंट्रोल रूम बरसाना सीएचसी को बनाया गया है।

बांकेबिहारी मंदिर से चोरी आईफोन से शातिर ने छह लाख का माल खरीदा

- पुलिस जांच में जुटी

मथुरा। वृंदावन ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में सक्रिय चोरों ने दिल्ली के श्रद्धालु का आईफोन चोरी कर दंपती के बैंक अकाउंट से यूपीआई के जरिए मथुरा के नामीगिरामी शोरूम से जमकर खरीदारी कर ली। श्रद्धालु ने इस संबंध में दस दिन पहले बांकेबिहारी पुलिस चैकी पर मोबाइल चोरी की शिकायत की थी। अब घटना के नौ दिन बाद पीड़ित श्रद्धालु ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पूर्वी दिल्ली राजगढ़ कॉलोनी निवासी शकुन मित्तल परिवार के साथ 15 अगस्त को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने के लिए आए थे। तभी भीड़ का फायदा उठाकर चोरों ने उनका आईफोन-15 चोरी कर लिया। श्रद्धालु को जैसे ही उसके फोन चोरी की जानकारी हुई तो उनके भाई निशांत मित्तल ने बांकेबिहारी पुलिस चैकी में मोबाइल चोरी की शिकायत की और ऑनलाइन सिम नंबरों को बंद कराया। इसके बाद शाम को श्रद्धालु शकुन अपने घर दिल्ली पहुंचा तो उसके ई मेल पर उसके और उसकी पत्नी के बैंक अकाउंट से रकम निकाले जाने का मैसेज आए। इसके दूसरे दिन साइबर फ्राड की शिकायत आनलाइन की और अपने बैंक खातों को बंद कर दिया था। मोबाइल चोरी होने के अगले दिन 16 अगस्त को चोरों ने मोबाइल से यूपीआई के जरिए श्रद्धालु और उनकी पत्नी के बैंक अकाउंट में जमा छह लाख रुपये की मथुरा में खरीदारी की। चोरों ने मथुरा-वृंदावन के ज्वेलरी गहने व सलेक्शन फैशन वर्ड शोरूम से ऑनलाइन कपड़े खरीदे। मामले में श्रद्धालु के भाई निशांत मित्तल ने घटना नौ दिन बाद वृंदावन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जांच में जुटी है। वृंदावन थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसआई सुभांशु यादव द्वारा की जा रही है।

300 पुलिसकर्मी, 50 सुरक्षा गार्ड, फिर भी चोरी

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में 300 पुलिसकर्मी चप्पे-चप्पे पर तैनात हैं। मंदिर के अंदर सीसीटीवी कैमरे के निगरानी के साथ ही 50 से अधिक निजी सुरक्षा गार्ड लगे हैं। इसके बावजूद बांकेबिहारी मंदिर में चोर सक्रिय हैं। लगातार श्रद्धालुओं के मोबाइल, पर्स और कीमती सामान चोरी कर पुलिस को लंबे समय से खुली चुनौती दे रहे हैं।

बकरियां चराने गयी 10 वर्षीय बच्ची का बाजरे के खेत में मिला शव

टूंडला। थाना रजावली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गढ़ी पांडे में घर से बकरी चराने गई 10 वर्षीय बच्ची का बाजरे के खेत में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई जिसे देखो वही घटना स्थल पर दौड़ पड़ा आक्रोशित भीड़ ने रजावली पर टूंडला एटा रोड जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग करने लगे एसएसपी सौरव दीक्षित ए एसपी ग्रामीण सी ओ टूंडला व थाना रजावली नारखी पचोखरा की पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों व क्षेत्रीय लोगों से बात कर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया (बुधवार को सुबह थाना रजावली के गांव गढ़ी पांडे निवासी देवेंद्र अपनी 10 वर्षीय बेटी काजल के साथ सुबह 7 बजे खेत में बकरियां लेकर गया था। थोड़ी देर बाद वह बेटी को फोन देकर बकरियों के साथ छोड़कर चाय पीने घर चला आया। बेटी से कहा कि कोई दिक्कत हो तो फोन कर लेना। जब मैं वापस आऊं, तब तुम स्कूल चली जाना। आधे घंटे बाद जब वह लौटकर आया तो बेटी वहां नहीं थी। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि कुछ देर पहले तक बेटी वहीं पर थी, अब पता नहीं कहां गई। बेटी को कॉल की तीन बार घंटी गई, लेकिन फोन नहीं उठा। चौथी बार कॉल करने पर मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। इसके बाद घर और गांव वालों को जानकारी दी। पुलिस को मामले की सूचना दी गई। मात्र 500 मीटर की दूरी पर थाना है, लेकिन काफी देर तक कोई पुलिसकर्मी नहीं पहुंचा। इसके बाद डायल 100 पर फोन किया गया तब पुलिस मौके पर पहुंची। और मिलकर बच्ची को खोजने लगे कुछ देर में बच्ची वहीं से करीब 150 मीटर दूर बाजरे के खेत में पड़ी मिली बच्ची का गला रस्सी से कसा हुआ था। बच्ची का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई हर कोई घटना स्थल पर दौड़ने लगा देखते देखते भीड़ जमा हो गई और आक्रोशित भीड़ ने रजावली पर टूंडला एटा रोड जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे घटना की जानकारी पर एसएसपी सहित आस पास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया तब आक्रोशित भीड़ ने जाम खोला।

- आक्रोशित भीड़ ने रजावली पर टूंडला एटा रोड पर लगाया जाम, एसएसपी ने हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी के आश्वासन पर खोला जाम

बहनों के धर्मांतरण केस में नया मोड़, दोबारा रिमांड पर लिये जायेंगे आरोपी, बढ़ी धारा

आगरा। अवैध धर्मांतरण में आरोपियों पर अलगाववाद की धारा बढ़ाई गई है। इसके बाद आरोपियों को दोबारा रिमांड पर लेने के लिए प्रार्थनापत्र दिया गया है। सदर की रहने वाली दो सगी बहनों के अवैध धर्मांतरण के मामले में पुलिस ने आरोपियों भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 (अलगाववाद की धारा) की वृद्धि की है। इसके लिए विवेचक की ओर से सीजेएम कोर्ट में आरोपियों को दोबारा रिमांड पर लेने के लिए प्रार्थनापत्र दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में 14 आरोपियों को जेल भेजा था। इसमें मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान भी शामिल था। यह धारा उन कार्यों के लिए दंडित करती है जो भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालते हैं। 24 मार्च को सदर की दो बहनें लापता हो गई थीं। उनके धर्मांतरण गिरोह के चंगुल में होने की जानकारी पर पुलिस ने जांच की थी। पुलिस टीम ने कोलकाता के तपसिया इलाके से दोनों बहनों को छुड़ाया था। एक साथ छह राज्यों में कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को पकड़ा था। इसमें गोवा की आयशा उर्फ एसबी कृष्णा, शाहगंज के रहमान कुरैशी भी शामिल थे। बाद में दिल्ली के मुस्तफाबाद के अब्दुल रहमान उर्फ महेंद्र पाल, उसके दो बेटे और साथी को भी पकड़ा गया था। 11 आरोपियों से अलग-अलग रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। बाद में उन्हें जेल भेज दिया गया था। पुलिस पूछताछ में पता चला कि गिरोह के तार नेपाल, पाकिस्तान, म्यांमार और भूटान तक में फैले गिरोह के सदस्यों से जुड़े हुए हैं। यह गिरोह मानव अंग बेचने का भी कार्य करता है। सदस्य लोगों को धर्मांतरण के प्रेरित करते थे। युवक और युवती के तैयार होने पर धर्मांतरण के बाद निकाह भी कराते थे। इसके लिए रिवर्ट ग्रुप बना रखा था। युवतियों को लाकर अलग-अलग जगह पर रखा जाता था। कश्मीर भी लेकर जाते थे। सोशल मीडिया की भी मदद लेते थे। देश विरोधी गतिविधियां भी सामने आई थीं। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि बीएनएस की धारा 152 बढ़ाने के साथ कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया गया है। आरोपी भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने का काम कर रहे थे, इसलिए धारा की बढ़ाई की गई है।

भाजपा जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में चयनित मुख्य सेविकाओं को दिये गये नियुक्ति पत्र

फिरोजाबाद। भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नव चयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, उनमें प्रमुख रही मोहिनी पुष्पा, कंचन जैन किरण राजपूत शैलजा दीपिका, प्रीति प्रिया सिंह अनिता कुमारी राधा दीप ज्योति दीक्षित अर्चना सुमिल इन 13 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि पहले की अपेक्षा अब नियुक्तियों में पारदर्शिता बढ़ती जा रही है, बिना भेदभाव के योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जा रहा है, इस अवसर पर बोलते हुए परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि मैं नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को बधाई देता हूं और यह आशा करता हूं कि उन्हें जो जिम्मेदारियां मिलने जा रही हैं उनका निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेगी, इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग से मिशन शक्ति हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा द्वारा समस्त मातृशक्ति को बधाई देते हुए, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना महिला उत्पीड़न एवं महिला हेल्पलाइन 181 पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ से लाइव प्रसारण भी देखा गया, इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अराँव कमलेश राजपूत युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे, पिछला वर्ग कल्याण अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी केसरी नंदन तिवारी जिला प्रोवेशन अधिकारी डीसी मनरेगा आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।

फिरोजाबाद-जलेसर-हाथरस सड़क चौड़ीकरण के सीएम ने प्रस्ताव प्रेषित के लिए निर्देश दिये

टूंडला। हाथरस के सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर फिरोजाबाद -जलेसर- हाथरस सड़क मार्ग जिसकी लंबाई 75 किलोमीटर है, 10 मीटर चौड़ीकरण कर जिला मार्ग से राज्यमार्ग घोषित किए जाने की मांग की थी। जिस पर मुख्यमंत्री के आदेशानुसार मुख्य अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग लखनऊ से शीघ्र कार्यवाही करने एवं प्रस्ताव रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश अभय प्रताप श्रीवास्तव अनुसचिव उप्र शासन द्वारा दिया गया है तथा पत्र द्वारा जानकारी सांसद हाथरस को भी उपलब्ध कराई है। सांसद ने अपने पत्र में उल्लेखित किया था कि फिरोजाबाद से हाथरस तक 07 मीटर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसका 26 किलोमीटर हिस्सा मेरे संसदीय क्षेत्र हाथरस में पड़ता है। सड़क मार्ग का 10 मीटर चौड़ीकरण एवं राज्यमार्ग घोषित होने से एक जिला एक उत्पाद में कांच उद्योग चयनित फिरोजाबाद जिले की सीधी कनेक्टिविटी एक जिला एक उत्पाद घुंघरू घंटी पीतल उद्योग के लिए चयनित जलेसर होते हुए हाथरस से हो जाएगी और वहां से अलीगढ़ होते हुए यमुना एक्सप्रेसवे होकर सीधे दिल्ली के लिए एक चौड़ा सड़क मार्ग मिल जाएगा। यह सड़क मार्ग टूंडला- एटा राज्य मार्ग संख्या एस एच 39 को रजावली पर तथा आगरा- एटा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 321 जी को जलेसर पर क्रॉस करते हुए मथुरा- बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 530 बी हाथरस पर मिलता है। क्षेत्रीय रेल सलाहकार समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने उनके अनुरोध पर सांसद द्वारा निरंतर की जा रही पहल के लिए आभार व्यक्त किया है।

चार दोस्तों संग वैष्णो देवी गया आगरा का युवक भूस्खलन में बहा, परिजन जम्मू रवाना

आगरा। खेरागढ़ निवासी युवक अपने दोस्तों के साथ वैष्णो देवी दर्शन के लिए गया था। दर्शन कर लौटते समय वह भूस्खलन की चपेट में आ गए। दोस्त समेत युवक बह गया। परिजन जम्मू के लिए रवाना हो गए हैं। खेरागढ़ कस्बा निवासी व्यापारी बिनोद बंसल का बेटा शिव बंसल (21) 23 अगस्त को वैष्णो देवी दर्शन के लिए गया था। साथ में राजस्थान के धौलपुर जिले के गांव सैपऊ निवासी उसके चार दोस्त यश गर्ग, आदित्य परमार, दीपक मित्तल व प्रांशु मित्तल भी थे। परिजन के मुताबिक वापस लौटते समय जम्मू में किशनपुर डोमेल रोड पर भूस्खलन होने से मिट्टी व पानी के तेज बहाव में सभी लोग बह गए। दो युवकों आदित्य परमार और दीपक मित्तल ने तैरकर पेड़ों की टहनियां पकड़ लीं, जिससे वे बहाव में जाने से बच गए। दोनों को सुरक्षित निकाल लिया गया। वहीं शिव बंसल, यश गर्ग और प्रांशु मित्तल अभी तक लापता हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन जम्मू के लिए रवाना हो गए हैं। जानकारी मिलते ही तमाम रिश्तेदार भी खेरागढ़ स्थित घर पर पहुंचने लगे।

आगरा में औषधि विभाग की जांच में बड़ा खुलासा

- बुखार-खांसी से लेकर कैंसर तक की 42 दवाएं नकली, सावधान रहने की सलाह

आगरा। हे मां मेडिको के यहां छापे के दौरान बुखार-खांसी से लेकर कैंसर तक की नकली दवाएं पकड़ी गई हैं। ये दवाएं मर्ज पर बेअसर होती हैं। इनको बड़े पैमाने पर कहां-कहां खपाया जा रहा है, इसकी भी जांच की जा रही है। दवा माफिया जुकाम-खांसी से लेकर कैंसर जैसी बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली जीवनरक्षक दवाओं को भी नकली बना रहे हैं। इसके चलते ये मर्ज पर बेअसर हैं। अभी तक हिमाचल प्रदेश में बनवाकर आगरा से इनका काला कारोबार हो रहा था। एसटीएफ की जांच में अब तमिलनाडु व पुडुचेरी से इस खेल की तार जुड़ गए हैं। इनको बड़े पैमाने पर कहां-कहां खपाया जा रहा है, इसकी भी जांच की जा रही है। फव्वारा पर हे मां मेडिको से जुकाम, खांसी, एंटी एलर्जी, एंटीबायोटिक समेत कई तरह की नकली दवाएं बरामद की गई हैं। इन दवाओं को तमिलनाडु के चेन्नई और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी से मंगाया जा रहा था। इनको लखनऊ के पते पर मंगवाकर आगरा में भंडारण कर कई प्रदेशों में खपाया जा रहा था। इससे पहले भी आगरा में नकली कफ सिरप, एंटीबायोटिक, बुखार-खांसी, मधुमेह, कैंसर, किडनी की भी नकली दवाओं का काला कारोबार पकड़ा जा चुका है। औषधि विभाग की जांच में बीते एक साल में 80 नमूने फेल हो चुके हैं, जिसमें 42 दवाएं नकली मिली हैं। सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि टीम ने छापा मारकर अवैध फैक्टरियां पकड़ते हुए आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराए हैं। विभाग की जांच में 40 से अधिक दवाएं नकली मिली हैं, इनके विक्रेताओं पर केस भी चल रहा है। सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया आम लोगों के लिए नकली दवाओं की पहचान करना बेहद मुश्किल है। क्योंकि इन दवाओं की पैकिंग असली की तरह की जाती है। शहर में नकली व सैंपल दवाएं कई बार पकड़ी जा चुकी हैं। कोतवाली के बाजार से पूरा खेल चलता है। सिकंदरा और जगदीशपुरा में नकली दवाओं की फैक्टरी पकड़ी गई थी। गोदाम तक पर कार्रवाई की जा चुकी है। पंजाब, दिल्ली और राजस्थान की टीमें आगरा में छापेमारी कर चुकी हैं। पूर्व में कई फर्म के संचालक और कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस बार भी टीम की कार्रवाई के बाद इससे जुड़े लोग भूमिगत हो गए। इनके बारे में एसटीएफ को गोपनीय सूचनाएं मिल रही हैं।

एक और मेडिकल एजेंसी के गोदाम पर एसटीएफ का छापा

आगरा। हे मां और बंसल मेडिकल के बाद पांचवें दिन टीम ने मोती कटरा स्थित श्री राधे मेडिकल एजेंसी के गोदाम पर छापा मारा। यहां टीम को करोड़ों रुपये की दवाएं मिली हैं। नकली दवाओं के सिंडिकेट की धरपकड़ में लगी एसटीएफ और औषधि विभाग की टीम की पड़ताल जारी है। हे मां और बंसल मेडिकल के बाद पांचवें दिन मंगलवार को टीम ने मोती कटरा स्थित श्री राधे मेडिकल एजेंसी के गोदाम पर जांच की। दुकान की दूसरी मंजिल पर बने गोदाम में करोड़ों की दवाएं रखी मिलीं। इनमें डायबिटीज सहित अन्य दवाएं शामिल हैं। फिलहाल दवाओं के बिल आदि के लिए टीम ने मालिक से संपर्क किया मगर उनका नंबर बंद आया। देर रात दवाओं के सैंपल लिए गए हैं। 22 अगस्त को एसटीएफ और औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने आगरा कैंट स्टेशन से लेकर आए 87 लाख की दवाओं से भरे टेंपो को पकड़ा था। दवाओं की जांच में नकली दवाएं मिली थीं। इसकी पुष्टि होने पर हे मां मेडिकल एजेंसी पर टीम पहुंची थी। संचालक हिमांशु अग्रवाल ने कार्रवाई रोकने के लिए एक करोड़ रुपये की पेशकश की थी। टीम ने रुपयों के साथ उसे पकड़ लिया था। बाद में बंसल मेडिकल एजेंसी पर भी टीम गई थी। मामले में दो मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं।

टैरिफ के विरोध में ट्रंप का पुतला दहन किया

मथुरा। आज मथुरा में संत और बृजवासियों ने टैरिफ के विरोध में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी बाबा ने हिंदुस्तान के खिलाफ बार-बार बयान देने वाले डोनाल्ड ट्रंप को मानसिक रोगी बताया, उन्होंने कहा यह हिंदुस्तान ऋषि मुनियों की तपोभूमि है, हिंदुस्तान में जब परमाणु परीक्षण हुआ था तब भी अमेरिका ने कड़े प्रतिबंध लगाए थे, कोई फर्क नहीं पड़ा था। राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक ने कहा भारतीय संघर्ष करना जानते हैं, हमको स्वदेशी सामान पर ध्यान देना चाहिए। महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज ने कहा कि हमारा देश कभी झुका है न झुकेगा और स्वदेशी अपनाएगा, खुशहाल रहेगा. महंत मधुसूदन दास जी महाराज ने कहा कि यह मोदी जी का भारत है, हम लोग संघर्ष करेंगे लेकिन झुकेंगे नहीं।

कैबिनेट मंत्री और एमएलसी सदस्य ने मथुरा की 16 मुख्य सेविकाओं को बांटे नियुक्ति पत्र



मथुरा। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत चयनित 24-25 मुख्य सेविकाओं के नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसी क्रम में आज मथुरा से चयनित 16 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी, एमएलसी सदस्य ओम प्रकाश सिंह एवं सांसद प्रतिनिधि जर्नादन शर्मा उपस्थित रहे। केबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चैधरी ने नियुक्ति पत्र वितरण किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीचैधरी ने कहा कि उत्तर सरकार में सभी भर्तियां निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हुई है और योग्य लोगों को नौकरियां मिल रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मथुरा जनपद से चयनित सभी महिलाएँ तैनाती के उपरांत अपने कार्यों से जनपद का नाम रोशन करेंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने जानकारी दी कि विभाग में 20 वर्ष के बाद मुख्य सेविका पद पर भर्ती हुई है और इस पद पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जाता है। उन्होंने चयनित सभी 16 अभ्यर्थियों को कड़ी मेहनत के आधार पर चयनित होने की बधाई दी। नियुक्ति पत्र पाकर सभी अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे। अभ्यर्थियों ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और अब सेवा में अपना सर्वोत्तम देने का प्रयास करेंगी। उन्हें बताया गया कि नियुक्ति पत्र के प्राप्त होने के उपरांत अब उनकी जनपदो में तैनाती की जाएगी। तैनाती के लिए उन्हें अपने मनपसंद जिले का विकल्प देने की सुविधा ऑनलाइन शीघ्र उपलब्ध हो जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। आज के कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिजनों के अलावा बाल विकास परियोजना अधिकारी अशोक सिंह, योगेन्द्र सिंह, यतींद्र सिंह एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

टैंकर ने स्कूटर में मारी टक्कर से पत्नी की मौत, पति घायल, हाईवे पर लग गया जाम

आगरा। हाईवे स्थित गुरुद्वारा गुरु का ताल पेट्रोल पंप के पास पीछे से तेज गति में आ रहे टैंकर ने स्कूटर में टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना से हाईवे पर जाम लग गया। आगरा में हाईवे के ब्लैक स्पॉट पर मंगलवार दोपहर को एक और हादसा हुआ। सिकंदरा के गुरुद्वारा गुरु का ताल के पास तेज रफ्तार टैंकर ने स्कूटर सवार दंपती को टक्कर मार दी। टैंकर की चपेट में आने से महिला की मृत्यु हो गई जबकि पति घायल हो गया। दंपती दयालबाग शिक्षण संस्थान में पढ़ रही बेटी से मिलकर घर जा रहे थे। हादसे के बाद जाम लग गया। पुलिस ने जाम को खुलवाया। घटना दोपहर 1:40 बजे की है। मथुरा के थाना कोतवाली स्थित होली गेट निवासी बशीरुद्दीन दर्जी का काम करते हैं। उनकी बेटी अनम दयालबाग शिक्षण संस्थान से पढ़ाई कर रही है। बशीरुद्दीन पत्नी रुबीना (40) के साथ बेटी से मिलने आए थे। वह स्कूटर से घर जा रहे थे। गुरुद्वारा से आगे निकलते ही पेट्रोल पंप के पास पीछे से तेज गति में आ रहे टैंकर ने स्कूटर में टक्कर मार दी। रुबीना स्कूटर से गिरकर टैंकर की चपेट में आ गईं। वहीं बशीरुद्दीन दूसरी तरफ जा गिरे। हादसे पर लोग जुट गए और टैंकर को रोककर चालक को पकड़ लिया। इस हादसे में रुबीना की मृत्यु हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे के बाद टैंकर को हटाने में आधा घंटे का समय लग गया। हाईवे पर एत्मादपुर से रुनकता तक ब्लैक स्पॉट कई बार लोगों की जान ले चुके हैं। इसके बावजूद रोड इंजीनियरिंग में बदलाव न होने से हादसे हो रहे हैं। आईएसबीटी से सिकंदरा तक मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है। इसको देखते हुए रोजाना जाम की स्थिति रहती है। डिवाइडर पर कार्य होने की वजह से सड़क भी कम है। वाहनों को चालक जल्दबाजी में निकालते हैं। इसके लिए किसी तरह की व्यवस्था न होने से हादसों का खतरा बढ़ गया है।

संस्कृति विवि में ब्यूटी क्वीन भान्वी ने बताये सफलता के मंत्र



मथुरा। मिस जम्मू एंड कश्मीर और मिस युनिवर्स इंडिया की मेगा फाइनेलिस्ट भान्वी भारद्वाज ने संस्कृति विवि के संतोष मैमोरियल सभागार में अपने जोरदार स्वागत के बाद विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि शिक्षा आपके आत्मविश्वास को बढ़ाती है और आत्मविश्वास हासिल करने के बाद आप अपनी सोची हुई मंजिल हासिल कर लेते हैं। अपने सपने पूरे करने के लिए अपनों का साथ होना बहुत महत्व रखता है। जो ठान लो उसको पूरा करने के लिए अपना सबकुछ लगा देना चाहिए।

भारतीय सीमा से लगे राजौरी जिले की तहसील नौशेरा के छोटे से गांव बरेरी में रहने वाली भान्वी ने बताया कि उनके गांव में तो सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं था लेकिन टीवी पर फैशन चैनल देखने के दौरान इच्छा हुई की इस क्षेत्र में कुछ करके लोगों का ध्यान अपने क्षेत्र की ओर आकर्षित किया जा सकता है। मेरी इच्छा है कि मेरे गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं हों ताकि यहां रहने वालों को दूर-दराज न भटकना पड़े। कंप्युटर साइंस में बी.टेक. करने के बाद मुंबई से कानून की पढ़ाई पढ़ रहीं भान्वी ने बताया कि जब उन्होंने मिस जम्मू एंड काश्मीर प्रतियोगिता का फार्म भरा था तो यह उम्मीद नहीं थी कि वे प्रतियोगिता जीत जाएंगी और यह भी नहीं जानती थीं कि प्रसिध्दि क्या होती है। प्रतियोगिता जीतने के बाद जब उनके इस छोटे से गांव में मीडिया और आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तो उन्हें लगा कि अब वे देश को बता पाएंगीं कि पहाड़ों के गांव की जिंदगी कितनी कठिन होती है। अभी हाल ही में जयपुर में मिस युनिवर्स इंडिया के लिए मेगा फाइनेलिस्ट चुने जाने के बाद उनका आत्मविश्वास और बढ़ गया। संस्कृति एफएम 91.2 के आरजे जय के सवालों का उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि बचपन में उनके इस सपने को पूरा करने में उनकी मां का बहुत बड़ा योगदान रहा। मुझे जो क्राउन मिला वो मैंने अपने लिए नहीं जीता बल्की अपने लोगों के लिए जीता है। पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली मुझ जैसी युवतियों और महिलाओं के सामने बड़ी चुनौतियां हैं, लेकिन अब जागरूकता बढ़ रही है और वे अपने सपने पूरे कर सकती हैं। नृत्य, गायन और कराते में भी विशेष दक्षता रखने वाली भान्वी अनेक भाषाएं बोल लेती हैं। उन्होंने थियेटर भी किया है और देश कई प्रतिष्ठत कई कंपनियों के लिए मॉडलिंग भी कर रही हैं। हाल ही में मलयालम की एक फिल्म भी साइन की है। छोटी सी उमर में इतना सबकुछ हासिल करने के सवाल पर बड़ी सादगी भरे अंदाज में इस ब्यूटी क्वीन ने कहा कि यह सबकुछ आप भी हासिल कर सकते हैं पर हासिल करने की इच्छा होना जरूरी है।

मॉडल और अभिनेत्री भान्वी बताती हैं कि जब वो छोटी थीं तो हमेशा सोचती थीं की उनके घर के आसपास पहाड़ों के पार क्या है। आज वे बड़े-बड़े शहर देखती हैं और अब संस्कृति विश्वविद्यालय में हैं जो बहुत सुंदर है। यहां के विद्यार्थियों ने इतना जोरदार स्वागत कर दिल गदगद कर दिया। नृत्य, गायन और अभिनय के प्रति जुनून रखने वाली राष्ट्रीय स्तर की कराटे खिलाड़ी, भान्वी अपने हर काम में शक्ति और रचनात्मकता का संगम करती हैं।

संक्षेप

सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी टैब एस 10 लाइट टैबलेट

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज गैलेक्सी टैब एस10 लाइट को पेश किया। यह एक किफायती टैबलेट है, जिसे यूजर्स के देखने, कुछ नया क्रिएट करने और उनकी उत्पादकता को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है, चाहे वे कहीं भी हों। शानदार व्यूइंग के लिए इसमें बड़ा डिस्प्ले के साथ और आसान रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एस पेन दिया गया है। गैलेक्सी टैब एस 10 लाइट एक सुविधाजनक डिवाइस में रोजमर्रा की वर्सेटिलिटी और शानदार मूल्य प्रदान करता है।इसके अलावा, सैमसंग के इंटेलिजेंट फीचर्स रचनात्मकता और उत्पादकता के नए स्तरों तक पहुंचना आसान बनाते हैं, जबकि गैलेक्सी इकोसिस्टम में आइडियाज, कंटेंट और कार्यों का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित करते हैं।

विन्सम एक्सप्रेस और टाटा मोटर्स ने मिलकर बनायी फ्लीट साझेदारी

नई दिल्ली। भारत का लॉजिस्टिक्स सेक्टर 2030 तक 357.3 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुँचने का अनुमान है, जो 2025 से 2030 के बीच 7.7% की सीएजीआर दर से बढ़ेगा, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार। इस वृद्धि के पीछे ई-कॉमर्स के विस्तार और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्षों से विन्सम एक्सप्रेस ने टाटा मोटर्स के साथ अपनी साझेदारी को और गहरा किया है। टाटा मोटर्स के भरोसेमंद और उच्च-प्रदर्शन वाले कमर्शियल व्हीकल्स और इसके मजबूत राष्ट्रीय सपोर्ट नेटवर्क का लाभ उठाकर कंपनी ने अपनी ऑपरेशनल एफिशिएंसी को बढ़ाया, समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित की और देशभर में अपने नेटवर्क को और मजबूत किया। इस साझेदारी ने विन्सम की वृद्धि को देश के अहम लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर्स में गति दी है।

अवध शिल्प ग्राम में फूड एंड बेकरी एक्सपो 2025 का उद्घाटन कल

लखनऊ। लखनऊ में फूड एंड बेकरी एक्सपो 2025 का तीसरा संस्करण आयोजित होने जा रहा है। यह प्रदर्शनी 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में होगी। इस भव्य प्रदर्शनी का आयोजन एसजी फूडीज इन्फोटेक एलएलपी द्वारा किया जा रहा है तथा फूड इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन इसका सहयोग कर रहा है। यह प्रदर्शनी भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा अनुमोदित है। इस प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य खाद्य एवं बेकरी क्षेत्र के उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स और स्थापित कंपनियों को अपने नवीनतम उत्पाद, पैकेजिंग, तकनीक, मशीनरी और नवाचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 29 अगस्त 2025 को प्रातः 11:00 बजे विशिष्ट अतिथियों और उद्योग जगत के नेताओं की उपस्थिति में होगा। डॉ. गिरीश गुप्ता ने बताया कि यह प्रदर्शनी न केवल उद्योग जगत बल्कि लखनऊ के लोगों के लिए भी लाभकारी होगी, जो अपनी मेहमाननवाजी और खाद्य संस्कृति के लिए जाने जाते हैं।फूड एंड बेकरी एक्सपो 2025 की मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार है। इस प्रदर्शनी मे खाद्य, बेकरी, पेय पदार्थ, पैकेजिंग और सहायक उद्योगों से देशभर के प्रमुख उद्यमी भाग ले रहे है।सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय सेक्टर पर विशेष फोकस रहेगा जिससे छोटे उद्योगों को सरकारी योजनाओं और सब्सिडी का लाभ मिलेगा।

अमेरिकी ट्रैरिफ बना पूंजीगत व्यय के निर्णय में बाधक

कोलकाता। अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितताएं चालू वित्त वर्ष 2025-26 में पूंजीगत व्यय के फैसले में नई बाधा बन सकती हैं।रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को यह बात कही। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क बुधवार से प्रभावी हो गया। भारत पर अमेरिका द्वारा लगाया गया कुल शुल्क अब 50 प्रतिशत हो गया है। क्रिसिल ने कहा कि सरकार अब तक निवेश को बढ़ावा दे रही है, जबकि निजी कॉर्पोरेट पूंजीगत व्यय धीमा बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, शुल्क लगाने से धारणा प्रभावित होने की आशंका है.. भले ही स्वस्थ कॉर्पोरेट बही-खाता नए निवेश का समर्थन कर रहा हो। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि मौजूदा अनिश्चित माहौल में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) शुल्क बाधाओं को कम करके और पूर्वानुमानित व्यापार नीतियों को स्थापित करके निवेशकों का विश्वास बढ़ा सकते हैं।

बढ़े हुए अमेरिकी शुल्क भारत के लिए जुझारू व्यापारिक साझेदार बनने का एक अवसर

नयी दिल्ली। भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क को लेकर देश के प्रमुख उद्योग संगठनों ने बुधवार को कहा कि इससे भारत के निर्यात क्षेत्रों के समक्ष चुनौती पेश करने के साथ एक जुझारू एवं भविष्य के लिए तैयार व्यापार साझेदार के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करने का एक अवसर भी पैदा होता है।

भारतीय उत्पादों के आयात पर अमेरिकी शुल्क 27 अगस्त से बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। इसका प्रभाव वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, झींगा, चमड़ा, जूते-चप्पल, रसायन और मशीनरी जैसे प्रमुख निर्यात क्षेत्रों पर पड़ने की आशंका है। उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक प्रतिकूलताओं के बीच भी अपनी मजबूती और जुझारूपन दर्शा रही है। इसका आधार एक व्यापक और सशक्त उपभोक्ता आधार, मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचा, निरंतर आर्थिक सुधार और उद्यमशीलता से परिपूर्ण उद्योग जगत है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित आगामी जीएसटी सुधार भारत की वृद्धि की रफ्तार को मजबूती प्रदान करेंगे। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा कि भले ही वैश्विक व्यापार तनाव चुनौतियां उत्पन्न कर रहे हों, लेकिन भारतीय निर्यातक अब परंपरागत साझेदारों पर निर्भरता कम कर रहे हैं और आसियान, यूरोपीय संघ (ईयू) एवं अफ्रीकी बाजारों में अपने पांव जमा रहे हैं। जैन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान और मुक्त व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाने के साथ भारत वैश्विक चुनौतियों को सुधार, नवाचार और विस्तार के अवसरों में बदल रहा है। ये शुल्क भारत की औद्योगिक गति को रोक नहीं सकते। एसोचैम के महासचिव मनीष सिंघल ने भी अमेरिकी शुल्क व्यवस्था को केवल चुनौती नहीं, बल्कि भारत के लिए खुद को एक भरोसेमंद और टिकाऊव्यापार भागीदार के रूप में स्थापित करने का अवसर बताया। उन्होंने कहा कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी को बढ़ाकर, बाजारों में विविधता लाकर और साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाकर हम एक प्रतिस्पर्धी एवं विश्वसनीय आर्थिक पारिस्थितिकी का निर्माण कर रहे हैं।

बुजुर्गों के लिए 2030 तक 26,000 करोड़ के निवेश से 15,000 घर आने की संभावना

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में बुजुर्गों के संगठित आवास बाजार में मौजूदा रुझान कायम रहने पर वर्ष 2030 तक करीब 26,000 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 15,000 वरिष्ठ लोगों के लिए आवास इकाइयों को पेश किए जाने की संभावना है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

बुजुर्ग आवासीय क्षेत्र की संस्था एसोसिएशन ऑफ सीनियर लिविंग इंडिया (एएसएलआई) और रियल एस्टेट परामर्शदाता जेएलएल इंडिया की एक संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष जून तक देश में संगठित वरिष्ठ आवास इकाइयों की कुल आपूर्ति 22,157 इकाइयों तक पहुंच गई, जबकि वर्ष 2014 में यह आंकड़ा केवल 7,147 इकाइयों का था। रिपोर्ट कहती है कि मौजूदा वृद्धि दर के आधार पर वर्ष 2030 तक करीब 14,900 इकाइयों की आपूर्ति हो सकती है, जिसमें 26,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। यदि वृद्धि की रफ्तार तेज होती है, तो यह आपूर्ति 25,500 इकाइयों तक और निवेश 39,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। नीतिगत सहयोग के मिलने पर यह संख्या 34,600 इकाइयों तक पहुंचने की संभावना है जिसके लिए 50,100 करोड़ रुपये तक की लागत आंकी गई है। इसके बावजूद देश में वरिष्ठ नागरिकों के लिए बने आवासों की मांग और आपूर्ति के बीच खासा अंतर बना रह सकता है। भारत में 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों की संख्या 2025 में 16.22 करोड़ से बढ़कर 2030 तक 19.15 करोड़ और 2050 तक 34.6 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। वित्तीय रूप से स्वतंत्र शहरी वरिष्ठ नागरिकों के लिए संभावित मांग 2024 में 17 लाख इकाइयों से बढ़कर 2030 तक 23 लाख इकाइयों तक पहुंच सकती है।

एएसएलआई के चेयरमैन रजित मेहता ने कहा, भारत की वरिष्ठ पीढ़ी के पास पहले से अधिक आर्थिक संसाधन हैं और वे अपने स्वर्णिम वर्षों में निवेश कर रहे हैं। हालांकि अब भी करीब 70 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक आर्थिक रूप से निर्भर हैं, लेकिन यह प्रवृत्ति तेजी से बदल रही है। प्राइमस सीनियर लिविंग के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक आदर्श नरहरि ने कहा, भारत का वरिष्ठ आवास क्षेत्र बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जहां वरिष्ठ नागरिक अब अपनी खुशी को प्राथमिकता दे रहे हैं। परिवार ऐसे आवासीय मॉडल की तलाश में हैं जो देखभाल एवं समुदाय का समावेश करते हों।

2038 तक अमेरिका को पीछे छोड़ सकता है भारत

नयी दिल्ली। वैश्विक व्यापार अस्थिरता और अमेरिकी शुल्क दबावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर 20.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच सकती है और 2038 तक अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकती है। ईवाई ने एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई है।

पेशेवर सेवा कंपनी ईवाई ने बुधवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि भारत इस समय चीन और अमेरिका के बाद क्रय शक्ति समता के आधार पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पीपीपी के संदर्भ में 14.2 लाख करोड़ डॉलर रहा जो बाजार विनिमय दरों पर आंकी गई अर्थव्यवस्था से लगभग 3.6 गुना अधिक है। ईवाई का आकलन है कि भारत एवं अमेरिका के क्रमशः 6.5 प्रतिशत एवं 2.1 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर बनाए रखने की स्थिति में भारत 2038 तक पीपीपी के संदर्भ में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ सकता है। उस समय भारत की जीडीपी 34.2 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। इस दौरान वर्ष 2028 तक भारत बाजार विनिमय दरों पर जर्मनी को पछाड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है।

युवा एवं कुशल कार्यबल, मजबूत बचत एवं निवेश दर और टिकाऊ ऋण प्रोफ़ाइल जैसी भारत की तुलनात्मक मजबूती, वैश्विक अस्थिरता के बावजूद उच्च वृद्धि दर को बनाए रखने में मददगार होंगी। भारत जरूरी प्रौद्योगिकियों में क्षमताएं विकसित कर विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि यह रिपोर्ट कहती है कि अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत शुल्क लगा देने से भारत की जीडीपी को 0.9 प्रतिशत तक का झटका लग सकता है। हालांकि यदि एक-तिहाई प्रभाव मांग में कमी के रूप में आता है, तो कुल प्रभाव जीडीपी के 0.3 प्रतिशत तक सीमित रह सकता है। ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक, उचित नीतिगत उपायों के सहारे इस प्रभाव को जीडीपी के केवल 0.1 प्रतिशत तक भी सीमित रखा जा सकता है। ऐसा होने पर चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से घटकर 6.4 प्रतिशत तक रह सकती है।

जीएसटी अधिकारियों ने अवैध तंबाकू व्यापार में 104 करोड़ की कर चोरी का किया पर्दाफाश

नयी दिल्ली। जीएसटी अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 104.38 करोड़ रुपये की कर चोरी से जुड़े सिगरेट एवं पान मसाला समेत अवैध तंबाकू उत्पादों के 61 मामलों का पता लगाया है। माल एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) और अन्य प्राधिकारियों ने पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून की अवधि के दौरान इन मामलों का पता लगाया है।

इसके अलावा, सीमा शुल्क क्षेत्रीय कार्यालयों और राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने चालू वित्त वर्ष में जून, 2025 तक लगभग 3.93 करोड़ सिगरेट जब्त की हैं। सोना, तंबाकू और शराब जैसी उच्च-मुनाफे वाली वस्तुओं पर भारी कर लगाया जाता है जिससे कई बार उनकी तस्करी व कर चोरी बढ़ जाती है। इनका उच्च मूल्य और निरंतर मांग इनके अवैध व्यापार का मुख्य कारण है, जिससे अकसर धन शोधन के मामले उत्पन्न होते हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार डीआरआई, असम राइफल्स, सीआरपीएफ और अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 600 करोड़ रुपये से अधिक की तस्करी की गई सिगरेट की जब्ती किए जाने का अनुमान है। सिगरेट पर कर की उच्च दर को देखते हुए, इससे होने वाली राजस्व हानि बहुत अधिक है। उच्च कर दरें कर चोरी को बढ़ावा देती हैं और इसे रोकने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों पर भारी बोझ डालती हैं। सरकार अब जब जीएसटी को सरल बनाने की तैयारी कर रही है तो यह उच्च-मुनाफे वाले उत्पादों पर करों को कम करने, तस्करी को बढ़ावा देने वाले कारकों को कम करने और अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने का एक सुनहरा अवसर है। कर चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने तंबाकू और संबंधित उत्पादों के विनिर्माताओं के लिए एक विशेष व्यवस्था शुरू की है।

वस्त्र, रत्न और आभूषण, चमड़ा क्षेत्र के शेयरों पर आज रह सकता है दबाव

नयी दिल्ली। विश्लेषकों का कहना है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका में 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाए जाने से वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा जैसे निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों पर दबाव बढ़ने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों में इन क्षेत्रों के निवेशकों में थोड़ी घबराहट देखने को मिल सकती है।

भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत अमेरिकी सीमा शुल्क बुधवार से प्रभावी हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी तेल की खरीद जारी रखने को लेकर भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके पहले भी 25 प्रतिशत शुल्क लगा हुआ था। विश्लेषकों का मानना है कि वस्त्र एवं परिधान, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा एवं जूते, पशु उत्पाद, रसायन, विद्युत एवं यांत्रिक मशीनरी जैसे क्षेत्रों को इस शुल्क वृद्धि का सबसे अधिक नुकसान हो सकता है। हालांकि, दवा, ऊर्जा उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर यह शुल्क लागू नहीं है। बढ़ा हुआ शुल्क बुधवार से लागू हो गया है लेकिन घरेलू शेयर बाजारों के गणेश चतुर्थी की वजह से बंद होने से इसका असर देखने को नहीं मिला है। ऐसे में बृहस्पतिवार का कारोबारी सत्र काफी अहम होने वाला है। बाजार में गिरावट के साथ शुरुआत संभव है, लेकिन घबराहट की संभावना कम है क्योंकि 50 प्रतिशत शुल्क लगने की अपेक्षा पहले से ही थी। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बिकवाली जारी रख सकते हैं, लेकिन नकदी से लैस घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) निचले स्तरों पर तगड़ी खरीदारी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस शुल्क का असर मुख्य रूप से वस्त्र, कुछ मशीनरी और रत्न एवं आभूषण क्षेत्र पर पड़ेगा।

वित्त वर्ष 2023-24 में उद्योगों में रोजगार 5.92 प्रतिशत बढ़कर 1.95 करोड़ पर

नयी दिल्ली। उद्योगों में रोजगार वित्त वर्ष 2023-24 में 5.92 प्रतिशत बढ़कर 1.95 करोड़ हो गया, जो 2022-23 में 1.84 करोड़ था। बुधवार को उद्योगों के जारी नवीनतम वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) में यह जानकारी दी गई।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने बयान में कहा कि संदर्भ अवधि... अप्रैल 2023 से मार्च 2024 (वित्त वर्ष 2023-24) के लिए वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (एएसआई) के परिणाम जारी किए हैं। एएसआई 2023-24 के लिए सर्वेक्षण हेतु कार्य अक्टूबर 2024 से जून 2025 तक किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार, उद्योगों में निवेशित पूंजी वित्त वर्ष 2023-24 में 68,01,329 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 61,39,212 करोड़ रुपये थी। आंकड़ों से यह भी पता चला कि उद्योगों में सकल मूल्य संवर्धन आलोच्य वित्त वर्ष में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 24,58,336 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 21,97,056 करोड़ रुपये था। वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य यह समझना है कि अलग-अलग विनिर्माण उद्योगों में उत्पादन, मूल्य वृद्धि, रोजगार, पूंजी निवेश और अन्य पहलुओं में किस तरह के बदलाव हो रहे हैं। इसमें कहा गया है कि पिछले दशक, 2014-15 से 2023-24 के दौरान उद्योगों ने 57 लाख से ज्यादा नौकरियां सृजित की। जीवीए के संदर्भ में शीर्ष पांच उद्योग मूल धातु, मोटर वाहन, रसायन और रासायनिक उत्पाद, खाद्य और दवा उत्पाद हैं। रोजगार के मामले में तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक शीर्ष पांच राज्य हैं।

पेज एक का शेष

जम्मू में

प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र में दूरसंचार सेवाएं 22 घंटे से ज़्यादा समय तक बंद रहने के बाद आंशिक रूप से बहाल कर दी गईं। वहीं, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला स्थिति का जायजा लेने के लिए श्रीनगर से जम्मू पहुंचे। वैष्णो देवी में भूस्खलन की घटना में बचावकर्मियों द्वारा मलबे से और शव निकाले जाने के बाद, हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में पर्वतीय क्षेत्र में स्थित वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर एक दिन पहले भूस्खलन हुआ था। अधिकारियों ने कहा कि लगातार और भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 20 लोग घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज हो रहा है। जम्मू में बुधवार सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में 380 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 1910 में शीतकालीन राजधानी में वेधशाला की स्थापना के बाद से 24 घंटे की अवधि में सबसे अधिक बारिश है। कश्मीर घाटी में भी रात भर भारी बारिश हुई, जहां झेलम नदी अनंतनाग जिले के संगम में 21 फुट और श्रीनगर के राम मुंशी बाग में आज सुबह 18 फुट के निशान को पार कर गई। मंगलवार को डोडा जिले में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह सभी की सुरक्षा और उनके कुशल होने की प्रार्थना करते हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर भूस्खलन के कारण लोगों की जान जाने की खबर दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रशासन सभी प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।

बाढ़ प्रभावितों

आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी के अनुसार प्रदेश की 37 तहसीलें और 688 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिनमें 2,45,980 लोग और 30,030 मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। बाढ़ से कुल 27061 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। राहत कार्य में 548 नाव और मोटरबोट्स की सहायता से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। बुधवार को 1,904 खाद्यान्न पैकेट और 11,350 लंच पैकेट वितरित किये गए। कुल 284 बाढ़ शरणालय सक्रिय हैं, जहां 4,440 लोग अस्थायी रूप से निवास कर रहे हैं और 626 मेडिकल टीमों द्वारा उनका मेडिकल चेकअप किया जा रहा है। सरकार ने जलजनित बीमारियों को रोकने के लिए 12,298 क्लोरीन टेबलेट और 4,422 ओआरएस पैकेट वितरित किए हैं। प्रभावित इलाकों में 996 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गई है, जो लगातार स्थिति पर निगरानी रख रही हैं। प्रदेश में बलिया, बहराइच, बदायूं, चंदौली, कानपुर नगर, हरदोई, फर्रुखाबाद, गोंडा, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मीरजापुर, मुजफ्फनगर, शाहजहांपुर, उन्नाव, प्रयागराज और वाराणसी बाढ़ से प्रभावित हैं।

प्रभावितों तक

उत्तरकाशी जनपद के आपदाग्रस्त क्षेत्र स्यानापट्टी का स्थलीय निरीक्षण के अवसर पर कही। ज्ञातव्य है कि उत्तराखंड का उत्तरकाशी जिला इन दिनों भीषण आपदाओं की चपेट में है। गंगोत्री क्षेत्र के 'धराली' और यमुनोत्री क्षेत्र के 'स्यानाचट्टी' में भारी बारिश, भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाओं ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उत्तरकाशी जनपद के स्यानापट्टी का दौरा किया।

मुख्यमंत्री धामी ने स्यानाचट्टी में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया और राहत-बचाव कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने आपदा पीड़ितों से सीधे संवाद किया और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिया। सीएम ने कहा कि सरकार उनके दुख की घड़ी में साथ खड़ी है और हर संभव सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा। सीएम धामी ने कहा कि वे स्वयं आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर हालात का जायजा लेते हैं। एसडीआरएफ व एनडीआरएफ और जिला प्रशासन मिलकर युद्धस्तर पर राहत-बचाव कार्यों में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवारों की मदद के लिए सभी जरूरी संसाधन लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आपदा प्रभावितों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार हर कदम पर उनके साथ है। सभी को मिलकर इस आपदा से लड़ना होगा। अधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं ताकि राहत और पुनर्वास कार्यों में कोई कमी न रहे। सरकार की ओर से नुकसान का विस्तृत आकलन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रभावितों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और किसी भी पीड़ित को राहत से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

बेईमान पार्टियों

ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दा नहीं, सिर्फ नकारात्मकता है। जर्जर भवनों को शिफ्ट करने और छात्र-शिक्षक अनुपात सुधारने का प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हिस्सा है। एक जर्जर भवन गिरने से बच्चे मरे, लेकिन विपक्ष भ्रम फैलाता है। हम खाली विद्यालयों में प्री-प्राइमरी और बाल वाटिका चलाएंगे, 5000 बाल वाटिकाएं सफलतापूर्वक संचालित भी हैं। सीएम योगी ने कहा कि इन विद्यालयों में विभिन्य गतिविधियों के माध्यम से पोषण मिशन से 3-6 वर्ष के बच्चों का मानसिक विकास होगा, जो स्वस्थ समाज के लिए महत्वपूर्ण है। सीएम ने 2047 के विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह रास्ता आंगनबाड़ी केंद्रों से शुरू होता है। उन्होंने नवचयनित मुख्य सेविकाओं और फॉर्मासिस्टों से ईमानदारी और भेदभाव मुक्त सेवा की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ बचपन से समृद्ध भविष्य बनेगा। आपकी जिम्मेदारी देश के बचपन को बचाने की है, जैसा मां यशोदा ने भगवान कृष्ण का पालन किया।

महिला सशक्तीकरण की दिशा में नित नए आयाम हासिल कर रहा उत्तर प्रदेश

सीएम योगी ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि यूपी पुलिस में 2 महीने पहले 60,244 भर्ती में 12,045 बेटियां चयनित हुईं। 1947-2017 में सिर्फ 10,000 महिला पुलिसकर्मी थीं, लेकिन 8 साल में 40,000 से अधिक बेटियों को भर्ती किया। बेसिक शिक्षा परिषद में 1,56,000 शिक्षकों में ज्यादातर बेटियां हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का उल्लेख किया, जिसमें 26 लाख से अधिक बेटियों को 25,000 रुपये का पैकेज मिला। साथ ही, 4 लाख बेटियों की शादी सामूहिक विवाह योजना से हुई और मातृ वंदना योजना में 183 करोड़ रुपये वितरित किए गए।

प्रदेश में स्वास्थ्य और कुपोषण में आया सुधार

सीएम ने कहा कि एनएफएचएस सर्वे (2015-16) के बाद 2017 से महिलाओं में एनीमिया 5.1%, स्टंटिंग 6.6%, अल्पवजन 7.4%, और सूखापन 0.6% कम हुआ। शिशु मृत्यु दर 38 और मातृ मृत्यु दर 197 हो गई। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार और कुपोषण निवारण पर जोर देते हुए कहा कि स्मार्टफोन और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग से आंकड़े बेहतर होंगे। उन्होंने कहा कि हर आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर समय पर पोषाहार मिल जाए, कुपोषित मन हो या बच्चा हो उसके लिए उपलब्ध पोषाहार समय पर उन्हें मिले, सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ उन्हें प्राप्त हो सके इसके लिए मुख्य सेविकाओं को एक लीडर के रूप में आगे आना होगा।

थारू जनजाति

आगरा, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज जैसे जनपदों के युवाओं को अवसर मिला। वहीं लखीमपुर खीरी और दुधवा नेशनल पार्क के जंगलों से थारू जनजाति की बेटियों का चयन हुआ, जो इस प्रक्रिया की पारदर्शिता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि सूची में दो थारू बेटियों का चयन हुआ है, जो साबित करता है कि प्रतिभा हर जगह है, बस अवसर चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि थारू जनजाति और सुदूर इलाकों की बेटियों का चयन निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से ही संभव हुआ। सीएम योगी ने कहा कि अगर आजमगढ़, अमरोहा, बिजनौर, शामली, ललितपुर, जालौन या सोनभद्र की बेटी चयनित होती है, तो यह साफ है कि प्रतिभा वहां भी थी और प्रक्रिया निष्पक्ष रही। यह कदम न केवल युवाओं को रोजगार दे रहा है, बल्कि सुदूर क्षेत्रों के लोगों में उम्मीद जगाने वाला है। सीएम योगी ने लाभार्थियों से कहा कि यह अवसर उनकी मेहनत का फल है और अब उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदारी निभानी है। आपके चयन से यह साबित होता है कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं। सुदूर इलाकों से आई बेटियों की सफलता यूपी की प्रगति का प्रतीक है। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने अनुभव साझा किए। लखीमपुर खीरी से आई थारू समुदाय की नंदू राना, जो मुख्य सेविका के पद पर चयनित है। उन्होंने कहा कि दुधवा नेशनल पार्क के जंगलों से हूं। अतिपिछड़े क्षेत्र से हूं, जहां मूलभूत सुविधाएं नहीं थीं। सीमित संसाधनों में पढ़ाई की और आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से निष्पक्ष प्रक्रिया से मुख्य सेविका के पद पर चयन हुआ। इसके अलावा विभिन्न पृष्ठभूमि और क्षेत्रों से आई अन्य लाभार्थियों ने भी योगी सरकार की पारदर्शी भर्ती की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमें हक मिला और हम ईमानदारी से कर्तव्य निभाएंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबीरानी मौर्य, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, प्रमुख सचिव लीना जौहरी समेत विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

यूपी में एक

को कानून के अनुरूप और अपनी सुरक्षा के लिए कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है।

परिवहन आयुक्त बृजेश नारायण सिंह ने कहा, यह अभियान दंड नहीं बल्कि सुरक्षा का संकल्प है। यह अभियान एक से 30 सितंबर तक चलेगा। सभी नागरिकों, पेट्रोल पंप संचालकों और तेल कंपनियों से अपील है कि वे इसमें पूर्ण सहयोग दें। हेलमेट पहले, ईंधन बाद में को नियम बनाएं, क्योंकि हेलमेट पहनना जीवन का सबसे सरल बीमा है।

बीबीडी परिसर

पंडाल में उपस्थित दर्शक झूम उठे। होली खेले मसाने में और रामचरितमानस की चौपाई मंगल भवन अमंगल हारी गाकर कार्यक्रम को भक्तिमय कर दिया। कजरी गीत रुन धुन खोला न केवरिया,हरे रामा भोला चले ससुरारी,भोला बैल चित काबर आदि गीतों पर दर्शकों द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। आज पंडाल की शोभा देखते बनती थी, जैसे ही उनकी टीम ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत की, वैसे ही दर्शकों की तालियां खुद ब खुद बजने लगीं। इस अवसर पर उनकी टीम द्वारा लोक नृत्य किया गया।

आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती बेबी रानी मौर्य ,मंत्री,महिला कल्याण,बाल विकास एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश थी जिनका स्वागत बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता ने पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात सायंकालीन महाआरती में मुख्य अतिथि एवं बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास एवं सुश्री सोनाक्षी दास,आर के अग्रवाल मुख्य अधिशाषी निदेशक बीबीडीईजी ने भाग लिया और महाप्रभु श्री गणेश जी की आरती की। आज इस महोत्सव में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं एवं आसपास के गांवों के हजारों लोगों ने भजन संध्या का भरपूर आनंद लिया।

मेरठ मेवरिक्स ने लखनऊ फाल्कन्स को हराया

ऋतुराज शर्मा ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 37 गेंदों पर नाबाद 74 रन बनायें

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश टी20 लीग 2025 के 20वें मुकाबले में बुधवार को मेरठ मेवरिक्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ फाल्कन्स को 93 रनों के बड़े अंतर से हराया। इस जीत के साथ मेरठ की टीम ने न केवल अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत की बल्कि बाकी टीमों को भी कड़ा संदेश दिया कि टूनामेंट में वे खिताब की प्रबल दावेदार हैं। मैच की शुरूआत में लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान टॉस हार गए और मेरठ मेवरिक्स को पहले बल्लेबाजी का मौका मिला। मेवरिक्स के बल्लेबाजों ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया।

ओपनर स्वस्तिक छीकरा ने 31 गेंदों पर 55 रनों की आतिशी पारी खेली और टीम को तेज शुरूआत दी। उनके बाद क्रीज पर आए ऋतुराज शर्मा ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 37 गेंदों पर नाबाद 74 रन ठोके। उनकी पारी में चौके-छक्कों की झड़ी लगी रही और उन्होंने विपक्षी गेंदबाजों को सांस लेने का मौका नहीं दिया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुके रिंकू सिंह ने भी अपने अनुभव और दमदार शॉट्स का पूरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 27 गेंदों में 57 रन बनाकर टीम के स्कोर को और मजबूती दी। इन पारियों की बदौलत मेरठ मेवरिक्स ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 233 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। यह इस सीजन के अब तक के सबसे बड़े स्कोरों में से एक रहा। लखनऊ फाल्कन्स को जीत दर्ज करने के लिए 234 रनों का कठिन लक्ष्य मिला। दबाव में खेलते हुए उनकी शुरूआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज जल्दी-जल्दी आउट होते गए और टीम कभी भी लक्ष्य का पीछा करने में लय में नहीं आ सकी। समीर चौधरी ने जरूर थोड़ी देर तक संघर्ष करते हुए 46 रन बनाए, जबकि मो. सैफ ने 28 रनों की पारी खेली। लेकिन बाकी बल्लेबाज पूरी तरह विफल रहे। मेरठ के गेंदबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया और विपक्षी बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। पूरी फाल्कन्स टीम 18.2 ओवर में मात्र 140 रन बनाकर ढेर हो गई। इस तरह मेरठ मेवरिक्स ने यह मुकाबला 93 रनों से अपने नाम किया। मैच के बाद ऋतुराज शर्मा को उनकी नाबाद 74 रनों की विस्फोटक पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उनके अलावा रिंकू सिंह और छीकरा की पारियां भी टीम की जीत में अहम साबित हुईं। इस जीत से मेरठ मेवरिक्स के हौसले बुलंद हो गए हैं। टीम के पास अब मजबूत बल्लेबाजी क्रम और धारदार गेंदबाजी का संतुलन दिख रहा है। दूसरी ओर, लखनऊ फाल्कन्स को अपनी बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत है, क्योंकि लगातार बड़े स्कोर का पीछा करते समय उनकी बल्लेबाजी दबाव में बिखर जाती है।

भारतीय बल्लेबाजों में रोहित को गेंदबाजी करना सबसे मुश्किल

लंदन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड का कहना है कि उन्होंने अब तक अपने करियर में जिन भारतीय खिलाड़ियों को गेंदबाजी की है, उनमें रोहित शर्मा को गेंदबाजी करना सबसे मुश्किल है क्योंकि जब वह लय में होते हैं तो उन्हें रोकना मुश्किल हो जाता है। वुड घुटने की चोट के कारण भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर हुई पांच मैच की श्रृंखला से बाहर रहे। वह एशेज श्रृंखला से पहले सितंबर में होने वाली काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के साथ वापसी का लक्ष्य बना रहे हैं। द ओवरलैप क्रिकेट पॉडकास्ट पर बात करते हुए वुड ने बताया कि भारत के खिलाफ खेलते हुए उन्हें किन बल्लेबाजों का सामना करने में सबसे मुश्किल हुई। वुड ने कहा अपने करियर के अलग अलग चरण के हिसाब से मैं रोहित शर्मा को चुनूंगा। उन्हें गेंदबाजी करना मुश्किल इसलिए हैं क्योंकि शॉर्ट गेंदबाजी करते हुए आपको लगता है कि उन्हें आउट करने का मौका है लेकिन अगर वह उस दिन फॉर्म में हैं तो वह धुआंधार बल्लेबाजी करते हैं। वुड ने कहा इसलिए उन्हें गेंदबाजी करना मुश्किल थे। मुझे हमेशा लगता था कि उनका बल्ला बस चौड़ा होता जा रहा है। वुड हाल के वर्षों में सबसे तेज गेंदबाजों में से एक हैं जो लगातार 145 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं।

उन्होंने विराट कोहली और ऋषभ पंत को भी कड़ा प्रतिस्पर्धी बताया। उन्होंने कहा निश्चित रूप से कोहली अविश्वसनीय प्रतिस्पर्धी हैं। ऐसे खिलाड़ी जिनके बारे में मुझे लगता था कि चौथे और पाचवें स्टंप उनकी कमजोरी हैं लेकिन जब भी मैंने उन्हें इस लाइन पर गेंदबाजी की तो वह कभी भी चूके नहीं। इसलिए उन्हें गेंदबाजी करना मुश्किल था। रोहित और कोहली टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन दोनों वनडे प्रारूप में सक्रिय हैं। वहीं पंत के बारे में बात करते हुए वुड ने इस विकेटकीपर-बल्लेबाज के बारे में कहा, मुझे लगता है कि वह संयम बनाए रखता है। वह इतना अप्रत्याशित हो सकता है कि अगर आप हमेशा एक जैसी गेंदबाजी करते रहते हैं ।

अजीत और निरुपमा ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक



अहमदाबाद। भारतीय भारोत्तोलक अजीत नारायण और निरुपमा देवी सेराम ने बुधवार को यहां राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पुरुषों के 71 किग्रा और महिलाओं के 63 किग्रा वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। छब्बीस वर्षीय अजीत ने कुल 317 किग्रा (145 किग्रा स्नैच और 172 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और इस दौरान नए राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड भी बनाए। अजीत ने नाइजीरिया के जोसेफ एडिडियोंग उमोआफिया को पछाड़ा जिन्होंने कुल 316 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 170 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर रजत पदक जीता। एजेकील मोसेस ने कुल 290 किग्रा (135 किग्रा स्नैच और 155 किग्रा क्लीन एवं जर्क) भार उठाकर कांस्य पदक जीता। महिलाओं के 63 किग्रा वर्ग में निरुपमा ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए कुल 217 किग्रा (91 किग्रा स्नैच और 126 किग्रा क्लीन एवं जर्क) के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चौबीस वर्षीय निरुपमा के क्लीन एवं जर्क प्रदर्शन ने पिछले राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। कनाडा की माउड चारोन ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि कांस्य पदक नाइजीरिया की रूथ इमोलेयो अयोडेले के नाम रहा। भारत ने जूनियर वर्ग में अपना स्वर्णिम प्रदर्शन जारी रखा और 71 किग्रा पुरुष तथा 63 किग्रा महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।

हेमंत दोइमारी (पुरुष) और बिदुस्मिता भोई (महिला) ने चैंपियनशिप में अपने-अपने भार वर्गों में शीर्ष स्थान हासिल किया। जूनियर पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग में 18 वर्षीय हेमंत ने 264 किग्रा (118 किग्रा स्नैच और 146 किग्रा क्लीन एवं जर्क) के साथ स्वर्ण पदक जीता। दक्षिण अफ्रीका के जोनाथन इवान ट्रम्बल ने 262 किग्रा (112 किग्रा स्नैच और 150 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन के साथ रजत जबकि श्रीलंका के ओडिथा थारुपथी नारायणगे ने 206 किग्रा (95 किग्रा स्नैच और 111 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

संक्षेप

शुरुआती तीरंदाजी प्रीमियर लीग दिल्ली में दो से 12 तक

नयी दिल्ली। भारतीय तीरंदाजी संघ ने बुधवार कहा कि शुरूआती तीरंदाजी प्रीमियर लीग का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी के यमुना खेल परिसर में दो से 12 अक्टूबर तक किया जाएगा। एएआई ने लीग के लोगो का भी अनावरण किया। विज्ञप्ति में संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा हमें राष्ट्रीय राजधानी में इस ऐतिहासिक लीग की मेजबानी करने पर गर्व है जो इस खेल को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर ऊंचा उठाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके आयोजन की तारीखों का फैसला कई चीजों को ध्यान में रखते हुए किया गया है जिनमें तीरंदाजों का कार्यक्रम और उनके कार्यभार के अलावा शहर के मौसम की स्थिति शामिल है। उन्होंने कहा इस लीग के साथ हमारा लक्ष्य केवल दुनिया भर की शीर्ष प्रतिभाओं को प्रदर्शित करना ही नहीं है बल्कि भारत की समृद्ध तीरंदाजी विरासत को उजागर करना और उसका जश्न मनाना भी है।

चीनी ताइपे व बांग्लादेश की टीम एशिया कप हॉकी के लिए पहुंची

राजगीर (बिहार)। चीनी ताइपे और बांग्लादेश की पुरुष हॉकी टीमें बुधवार को यहां पहुंची जिससे शुक्रवार से शुरू होने वाले हीरो एशिया कप के लिए आठ टीमों की लाइनअप पूरी हो गई। तीन बार का विजेता भारत और गत विजेता दक्षिण कोरिया खिताब जीतने के प्रबल दावेदार हैं। पाकिस्तान और ओमान टूर्नामेंट से हट गए हैं जिससे उनकी जगह बांग्लादेश और कजाखस्तान ने ले ली है। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज चीनी ताइपे 2013 में पदार्पण के बाद सिर्फ दूसरी बार इस टूर्नामेंट में खेलेगी। चीनी ताइपे को पूल बी में कोरिया, बांग्लादेश और मलेशिया के साथ रखा गया है। चीनी ताइपे शुक्रवार को कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी जिसके बाद शनिवार को बांग्लादेश और एक सितंबर को मलेशिया से भिड़ेगी।

एमेच्योर मन्नत बरार ने डब्ल्यूपीजीटी में बनाई बढ़त

होसुर (तमिलनाडु)। एमेच्योर मन्नत बरार ने लगातार चार बर्डी की मदद से बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण के पहले दौर में बाद बढ़त बना ली। मन्नत ने 15 लाख रुपये इनामी प्रतियोगिता के पहले दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाया और क्लोवर ग्रीन्स कोर्स पर अंडर पार स्कोर बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं। मन्नत ने पांच बर्डी और तीन बोगी की। मन्नत ने संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर मौजूद कीर्ति चव्हाण, जैस्मिन शेखर और अनन्या गर्ग पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है।

अश्विन ने की आईपीएल से संन्यास की घोषणा

एजेंसी

चेन्नई। अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास की घोषणा की जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ ही महीनों के भीतर इस टूर्नामेंट के साथ उनके 16 साल लंबे जुड़ाव का अंत हो गया। अश्विन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह घोषणा की। अश्विन ने एक्स पर लिखा कहते हैं कि हर अंत के साथ एक नई शुरुआत होती है। आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है लेकिन विभिन्न लीग में खेल की खोज करने का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं सभी फ्रेंचाइजी को वर्षों से मिली शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और सबसे महत्वपूर्ण आईपीएल और बीसीसीआई को उन चीजों के लिए जो उन्होंने अब तक मुझे दीं। आगे जो भी मेरे सामने है उसका पूरा आनंद लेने और उसका पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं। अश्विन की सुपरकिंग्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में भावुक सराहना की। सुपरकिंग्स ने लिखा चेपक का अपना। कैरम-बॉल थिरुपुरा-सुंदरनउ अंबुदेन की धूल भरी पिचों पर पीली जर्सी में अपने पहले रन-अप से लेकर दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर स्पिन के पूर्ण प्रभुत्व तक, आपने हमें सब कुछ दिया है। फ्रेंचाइजी ने लिखा, आपने हमारी विरासत को आधार बनाया है और किले चेपक को बेमिसाल बनाया हैउ आप वाकई कमाल करते हैं, अश्विन संन्यास की घोषणा इस महीने की शुरुआत में सुपरकिंग्स में अश्विन के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों के बीच हुई है क्योंकि आईपीएल 2025 में अश्विन ने केवल नौ मैच खेले थे जो 2009 में पदार्पण सत्र के बाद एक सत्र में उनके दूसरे सबसे कम मैच हैं। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के साथ संभावित ट्रेड (टीम के साथ अदला-बदली) की चर्चा के बीच अनुभवी ऑफ स्पिनर ने स्वीकार किया था कि उन्होंने अपनी भूमिका पर सुपरकिंग्स से स्पष्टता मांगी थी।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर सैमसन के साथ एक पॉडकास्ट में कहा, पिछले साल मैंने केवल नौ मैच खेले थे। आईपीएल में खेलने के अपने इतने वर्षों में यह पहला साल था जब मैंने सिर्फ नौ मैच खेले। मैं हमेशा हर मैच खेलता था इसलिए यह मेरा ऐसा पहला अनुभव था। उन्होंने कहा, मैंने अपनी तरफ से स्पष्टता की मांग की थी लेकिन मैंने आईपीएल सत्र के दौरान ही यह मांग की थी। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने सैमसन के साथ संभावित ट्रेड को लेकर चल रही चर्चा को स्वीकार किया लेकिन जोर देकर कहा कि यह अधिकतर खिलाड़ियों के नियंत्रण से बाहर है। अश्विन ने कहा अगर सैमसन का ट्रेड होता है तो सीएसके को 18 करोड़ रुपये रखने होंगे और फिर आपको देखना होगा कि आप उस जगह को बनाने के लिए किसे रिलीज कर सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर कल मैं सीएसके टीम में नहीं हूं तो इससे उन्हें फायदा हो सकता है - इसमें कोई शक नहीं है। लेकिन यह सब मेरे बारे में नहीं हो सकता।

कोको गॉफ और नाओमी ओसाका अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में

न्यूयॉर्क। तीसरी वरीय अमेरिकी कोको गॉफ और 23वीं वरीय जापान की नाओमी ओसाका ने मंगलवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। नए सर्विस कोच के साथ खेल रही गॉफ ने मैच में 10 बार डबल फॉल्ट किया और छह बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया की एजला तोमालानोविच को पहले दौर के कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7 (2), 7-5 से हराने में सफल रहीं। गॉफ ने मैच के बाद कहा यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था लेकिन मैं जीत दर्ज करके खुश हूं।

प्रज्ञानानंदा ने वेस्ली सो से ड्रॉ खेला

अमेरिका। ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा ने यहां सिंकफील्ड कप के आठवें दौर में अमेरिका के वेस्ली सो से ड्रॉ खेलकर ग्रैंड चेस टूर में ओवरऑल शीर्ष चार में जगह बनाने की दावेदारी बरकरार रखी। गत विश्व चैंपियन डी गुकेश ने भी अमेरिका के लेवोन अरोनियन से ड्रॉ खेला लेकिन वह 10 खिलाड़ियों की इस राउंड रोबिन प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ से बाहर हो गए। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव ने सफेद मोहरों से खेलते हुए अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका।

रोहित व गिल वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

एजेंसी

दुबई। भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल और रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली चौथे नंबर पर मौजूद हैं। वहीं हाल में मैके में श्रृंखला के आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भी फायदा मिला है। हालांकि श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका ने जीती। गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित (756) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं। कोहली के 736 अंक हैं। हाल के महीनों में भारतीय टीम ने वनडे में हिस्सा नहीं लिया है लेकिन गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में कुलदीप यादव (650) और रविंद्र जडेजा (616) अब भी क्रमशः तीसरे और नौवें नंबर पर बने हुए हैं। रोहित और कोहली टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं लेकिन ये दोनों वनडे प्रारूप में सक्रिय हैं। रोहित और कोहली दोनों ने आखिरी बार फरवरी 2025 में संयुक्त अरब अमीरात में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान वनडे मैच खेला था जिसमें उन्होंने भारत के खिताबी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैके में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में दो विकेट पर 431 रन का विशाल स्कोर बनाया जिसमें उसके तीन बल्लेबाज ट्रेविस हेड (142), मिचेल मार्श (100) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 118) ने शतक जड़े। इन तीनों को इस प्रदर्शन की बदौलत रैंकिंग में काफी फायदा मिला है। हेड एक पायदान के सुधार से 11वें स्थान पर, मार्श चार पायदान की छलांग के साथ 44वें स्थान पर और ग्रीन 40 पायदान की छलांग के साथ 78वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी जोश इंगलिस ने भी सूची में जगह बनाई है। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज 23 पायदान के सुधार के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गया है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कड़ी प्रतिस्पर्धा है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला समाप्त होने के बाद श्रीलंका के स्पिनर महेश तीक्षणा 671 रेटिंग अंक के साथ साथी स्पिनर केशव महाराज के साथ शीर्ष पर आ गए हैं। श्रृंखला के अंतिम मैच में 57 रन देकर एक विकेट के प्रदर्शन के कारण महाराज की रैंकिंग में गिरावट आई और उनकी रेटिंग तीक्षणा के बराबर आ गई जबकि श्रीलंकाई स्पिनर पूरे सप्ताह मैदान पर नहीं खेला। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में सबसे बड़ी उछाल लुंगी एनगिडी ने लगाई जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में सर्वाधिक सात विकेट चटकाए और छह पायदान की छलांग से 28वें स्थान पर आ गए। ऑस्ट्रेलिया के सीन एबॉट नौ पायदान के फायदे से 48वें स्थान पर और नाथन एलिस 21 पायदान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं दूसरी ओर

युवा और महत्वाकांक्षी खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के मंच पर अपना दबदबा बनाने की कोशिश करेंगे जब बृहस्पतिवार से लाल गेंद की इस प्रतियोगिता की अपने पारंपरिक क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी होगी और इसके साथ ही भारत के घरेलू क्रिकेट सत्र की शुरुआत होगी।

अनीष भानवाला ने एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक

एजेंसी

शिमकेंट (कजाखस्तान)। भारतीय निशानेबाज अनीष भानवाला ने बुधवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। बाइस साल के अनीष स्वर्ण पदक की दौड़ में सिर्फ एक अंक से चूक गए। उन्होंने 35 अंक जुटाए जो स्वर्ण पदक विजेता चीन के शु लियानबोफान से एक अंक कम रहा। कांस्य पदक कोरिया के ली जेइकयून ने जीता। ओलंपियन अनीष शुरुआती चार सीरीज के बाद एक अंक से आगे चल रहे थे लेकिन इसके बाद पिछड़ गए। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय आदर्श सिंह पांचवें स्थान पर रहे। राष्ट्रमंडल खेल 2018 के स्वर्ण पदक विजेता अनीष मंगलवार को 30 शॉट के प्रिसिजन दौर के बाद 290 अंक के साथ छठे स्थान पर थे। बुधवार को हालांकि हरियाणा का यह निशानेबाज रेपिड फायर दौर में 293 अंक से कुल 583 अंक के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया। छह खिलाड़ियों के फाइनल में अनीष ने 18-17 की बढ़त बना ली थी लेकिन पांच शॉट की शेष तीन सीरीज में शॉट चूकने के कारण उन्हें चीन के 20 वर्षीय खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। अनीष की अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि पेरू के लीमा में इस साल हुए विश्व कप में रजत पदक जीतना है। अनीष ने दो साल पहले कोरिया के चांगवोन में एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। मंगलवार को अनीष (583), आदर्श सिंह (585) और नीरज कुमार (570) की तिकड़ी ने कुल 1738 अंक हासिल कर इस स्पर्धा का टीम रजत पदक जीता था। दक्षिण कोरिया ने कुल 1748 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता था। पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में अमनप्रीत सिंह (543), योगेश कुमार (548) और रविंदर सिंह (542) की टीम ने कुल 1633 अंक हासिल कर रजत पदक जीता। यह ओलंपिक स्पर्धा नहीं है। ईरान ने 1652 अंक के साथ स्वर्ण जबकि दक्षिण कोरिया (1619) ने कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत स्पर्धा में योगेश चौथे, अमनप्रीत सिंह 10वें और रविंदर सिंह 11वें स्थान पर रहे। मिश्रित टीम ट्रैप स्पर्धा में अनुभवी काइनन चेनाई और अस्मिता अहलावत को कांस्य पदक के मुकाबले में अलिशेर ऐसलबायेव और ऐझान दोस्मागाबेटोवा की कजाखस्तान की जोड़ी के खिलाफ 34-38 से शिकस्त झेलनी पड़ी। चीन ने कुवैत को 43-39 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। चीन सीनियर वर्ग में 15 स्वर्ण सहित 27 पदक जीतकर शीर्ष पर है। भारत नौ स्वर्ण सहित 23 पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल जूनियर स्पर्धा में अभिनव चौधरी (541), उमेश चौधरी (529) और मुकेश नेलावल्ली (523) की तिकड़ी ने दो टीमों के बीच हुए मुकाबले में 1593 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाखस्तान (1580) दूसरे स्थान पर रहा।

चोपड़ा का लक्ष्य, फाइनल में खिताब के साथ डायमंड लीग का समापन करना

ज्यूरिख। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा बृहस्पतिवार को यहां डायमंड लीग फाइनल में सत्र के अब तक के अपने सबसे शानदार 90 मीटर प्रदर्शन को दोहराते हुए ट्रॉफी पर कब्जा करना चाहेंगे। डायमंड लीग के 14 लीग चरण में से चार में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा शामिल थी जिसमें से चोपड़ा ने केवल दो में ही हिस्सा लिया और 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। चोपड़ा ने अगस्त में सिलेसिया और ब्रसेल्स चरण में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने पिछली बार 2022 में डायमंड लीग ट्रॉफी जीती थी। इन चार मुकाबलों में अंक तालिका में शीर्ष छह फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं।

पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 32 स्पर्धाएं होती हैं इसलिए डायमंड लीग फाइनल दो दिन तक चलता है। बुधवार को छह स्पर्धाएं होंगी। डायमंड लीग फाइनल में प्रत्येक स्पर्धा के विजेता को इस वर्ष का चैंपियन घोषित किया जाएगा और उसे एक डीएल ट्रॉफी के साथ 30,000 से 50,000 अमेरिकी डॉलर तक की पुरस्कार राशि और अगले महीने तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिलेगा। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रोमांचक मुकाबला होने वाला है । जिसमें तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता चोपड़ा का सामना सात पुरुषों के फाइनल में ग्रेनाडा के गत चैंपियन एंडरसन पीटर्स और जर्मनी के जूलियन वेबर से होगा। कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो, त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वाल्कोट और मोल्दोवा के एंड्रियन माडरि अंक तालिका में शीर्ष छह में शामिल होंगे जबकि स्विट्जरलैंड के साइमन वीलैंड को मेजबान देश की ओर से शामिल किया गया।

देश को क्षति पहुंचायी तो नहीं बचेंगे आतंकी

ऑपरेशन सिंदूर और महादेव ने आतंक के आकाओं को कड़ा संदेश दिया: अमित शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंक के आकाओं को स्पष्ट संदेश दिया कि भारतीय नागरिकों को निशाना बनाने पर उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से लोगों को जहां संतुष्टि मिली वहीं ऑपरेशन महादेव ने इस संतुष्टि को आत्मविश्वास में बदला। गृह मंत्री ने यह बात सेना के उन 12 जवानों को सम्मानित करते हुए कही, जिन्होंने ऑपरेशन महादेव को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराया।

इस अभियान में शामिल जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो-दो जवानों को भी सम्मानित किया गया। ये दोनों अभियान 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए क्रूर हमले का सीधा जवाब थे, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। गृह मंत्री ने कहा चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सभी ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव को लेकर खुशी एवं उत्साह महसूस किया और सुरक्षा बलों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति यही विश्वास हर क्षेत्र में दुनिया में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने की भारत की

आकांक्षा का आधार है।सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में मई में ऑपरेशन सिंदूर चलाया था जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों एवं सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया था। पहलगाम नरसंहार के तुरंत बाद शुरू किये गए ऑपरेशन महादेव में 28 जुलाई को तब सफल मिली, जब सेना के विशिष्ट पैरा कमांडो ने मुख्य साजिशकर्ता सुलेमान उर्फ आसिफ और उसके दो सहयोगियों जिबरान और हमजा अफगानी को मार गिराया। यह अभियान तब शुरू किया गया जब तकनीकी सिग्नल से पता चला कि अपराधियों ने सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल किया है। शाह ने कहा ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंक के आकाओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय नागरिकों की जान से खेलने का क्या परिणाम होता है।

गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दुनिया को दिखा दिया है कि आतंकवादी चाहे कोई भी रणनीति अपना लें, वे अब भारत को नुकसान पहुंचाकर बच नहीं सकते। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की न्यायालयी विज्ञान प्रयोगशाला ने पुष्टि की है कि 28 जुलाई को मारे गए आतंकवादी वास्तव में पहलगाम नरसंहार के अपराधी थे। उन्होंने कहा कि जब कश्मीर में पर्यटन फल-फूल रहा था, तब पहलगाम हमला कश्मीर मिशन को पटरी से उतारने का एक असफल प्रयास था। गृह मंत्री ने कहा कि सेना और अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ, जम्मू-कश्मीर पुलिस भी अब आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा, भारतीय नागरिकों के दिलों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूरे देश की ओर से सुरक्षा बलों को बधाई देता हूं।

रक्षा मंत्रालय ने क्यूसीआई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने 63 लाख से अधिक पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को पेंशन, स्वास्थ्य सेवा, पुनर्वास और कल्याणकारी सेवाओं की आपूर्ति को मजबूत करने के लिए भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

संक्षेप

मतदाताओं के नाम हटाना आतंकवाद से भी बदतर

मुजफ्फरपुर (बिहार)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने बुधवार को कहा कि यदि बिहार विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हुए तो इंडिया गठबंधन इनमें जीत दर्ज करेगा। उन्होंने मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने को आतंकवाद से भी बदतर बताया। द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष स्टालिन अपनी बहन एवं पार्टी सांसद कनिमोई के साथ बिहार पहुंचे, जहां वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के दीपांकर भट्टाचार्य के साथ मतदाता अधिकार यात्रा में शामिल हुए।

गुजरात मॉडल आर्थिक नहीं, वोट चोरी का मॉडल

मुंबई। मुजफ्फरपुर (बिहार)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गुजरात मॉडल कोई आर्थिक मॉडल नहीं, बल्कि वोट चोरी का मॉडल है, जिसे 2014 में राष्ट्रीय स्तर पर लाया गया। उन्होंने वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 300 से अधिक सीटें इसलिए मिलीं क्योंकि वोट चोरी की गई थी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा गुजरात मॉडल कोई आर्थिक मॉडल नहीं है, यह वोट चोरी का मॉडल है। इस मॉडल को ये (भाजपा) 2014 में राष्ट्रीय स्तर पर लेकर आए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने पहले मध्य प्रदेश, फिर महाराष्ट्र और हरियाणा का चुनाव चोरी किया। उनका कहना था, हम बोलते नहीं थे, क्योंकि सबूत नहीं था, मगर अब सबूत हमारे पास है।

राहुल गांधी ने दावा किया 2019 के चुनाव के बाद, नरेन्द्र मोदी ने नतीजे आने से पहले ही कह दिया था कि हमारी 300 सीटें आएंगी। देश के सारे सर्वेक्षण कुछ और कह रहे थे, लेकिन आखिर में उनकी 300 सीटें आईं। ये सीटें इसलिए आईं, क्योंकि वोट चोरी हुई। कांग्रेस ने कहा पिछले 10 साल से पूरे हिंदुस्तान को बेवकूफ़ बनाया जा रहा है। आने वाले समय में हम सबूत के साथ दिखा देंगे कि नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और निर्वाचन आयोग वोट चोरी कर रहे हैं।

वोटर अधिकार यात्रा का समापन जनसभा नहीं, पदयात्रा से होगा

नयी दिल्ली। बिहार में राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी वोटर अधिकार यात्रा का समापन एक सितंबर को गांधी मैदान में पूर्व-घोषित जनसभा के बजाय अब पदयात्रा से होगा, जिसमें महागठबंधन के कई प्रमुख नेता तथा समर्थक शामिल होंगे। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों का कहना है कि अस्थायी तौर पर तय नये कार्यक्रम के मुताबिक राहुल गांधी, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव और महागठबंधन के कई अन्य नेता गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा से पटना उच्च न्यायालय के निकट बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर प्रतिमा तक पदयात्रा करेंगे।

महाराष्ट्र में धूमधाम से हुआ बप्पा का आगमन

मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई, पुणे समेत सभी अन्य भागों में गणेश चतुर्थी से दस दिवसीय गणेशोत्सव की शुरुआत हुई। लोगों ने गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से अपने प्रिय बप्पा का स्वागत किया और घरों, आवासीय परिसरों के साथ-साथ सार्वजनिक पंडालों में भगवान गणपति विराजमान हुए। सुबह-सुबह गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से पूरा शहर गूंजायमान हुआ। लोग ढोल-ताशों की थाप पर नाचते-गाते और जश्न मनाते हुए, भगवान गणेश की छोटी, मध्यम और बड़े आकार की मूर्तियां अपने-अपने घरों, परिसरों और पंडालों में स्थापना के लिए ले गए। समृद्धि के अग्रदूत और विघ्नहर्ता कहलाने वाले भगवान गणपति के स्वागत के लिए पूरे मुंबई में भव्य सजावट की गई है। महाराष्ट्र सरकार ने इस वर्ष पहली बार गणेशोत्सव को राज्य उत्सव के रूप में घोषित किया है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com